स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

कानपुर, सोमवार
2 फरवरी, 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष 1
सं. 2082 वि.
वर्ष 37, अंक - 164 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर
मूल्य : 3 रुपये

# स्वतंत्र भारत

epaper : epaper.swatantrabharat.net

# रक्षा बजट में 15% का इजाफा

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना के आधुनिकीकरण पर खास फोकस



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में बजट पेश कर दिया है। वे 85 मिनट बोलीं, लेकिन आम आदमी के लिए कोई बड़ा ऐलान नहीं किया। हालांकि टैक्स फाइल करने में सहूलियत, रेलवे प्रोजेक्ट और आयुर्वेदिक एम्स जैसी नई बातें कही हैं। बजट भाषण में सीतारमण ने जियो-पॉलिटिक्स और चुनौतियों की बात कही और देश का रक्षा बजट रु. 6.81 लाख करोड़ से बढ़ाकर रु. 7.85 लाख करोड़ कर दिया। यानी कुल रक्षा में 15.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। रक्षा बजट की खास बात यह है कि इसमें हथियार खरीदी और

- सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर बनाने की घोषणा
- 17 कैंसर मेडिसिन ड्यूटी फ्री

कोई सीधा चुनावी ऐलान भी नहीं था। वे लोकसभा में तमिलनाडु की प्रसिद्ध कांजीवरम साड़ी पहनकर पहुंचीं जरूर, लेकिन इसी साल होने वाले पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी चुनाव पर सीधा असर डालने वाली घोषणाएं नहीं कीं।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहले बजट आधुनिकीकरण पर पिछले साल के रु.1.80 लाख करोड़ के मुकाबले इस साल रु. 2.19 लाख करोड़ खर्च किए जाएंगे। यह पूंजीगत खर्च में सीधी 22 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। सरकार ने रविवार को 2026-27 के लिए रक्षा व्यय के रूप में 7,84,678 करोड़ रुपये आवंटित किए, जबकि पिछले वर्ष यह राशि 6,81,210 करोड़ रुपये आवंटित की गई थी। कुल पूंजीगत व्यय 2,19,306 करोड़ रुपये आंका गया है। राजस्व व्यय 5,53,668 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है, जिसमें पेंशन के लिए 1,71,338 करोड़ रुपये शामिल हैं। पूंजीगत व्यय के तहत विमान और एयरो इंजन के लिए 63,733 करोड़ रुपये अलग रखे गए हैं, जबकि नौसेना बेड़े के लिए 25,023 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। सरकार ने 2025-26 में रक्षा बजट के लिए 6,81,210 रुपये आवंटित किए थे। पूंजीगत व्यय 1,80,000 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जो संशोधित अनुमान चरण में बढ़कर 1,86,454 करोड़ रुपये हो गया।

अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने असैन्य, प्रशिक्षण और अन्य विमानों के निर्माण के लिए आवश्यक घटकों और पुर्जों पर मूल सीमा शुल्क से छूट देने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने रक्षा क्षेत्र की इकाइयों द्वारा रखरखाव, मरम्मत या नवीनीकरण के लिए उपयोग किए जाने वाले विमान के पुर्जों के निर्माण हेतु आयातित कच्चे माल पर मूल सीमा शुल्क माफ करने की भी घोषणा की। इन दोनों फैसलों से रक्षा और अंतरिक्ष उद्योग को मदद मिलने की उम्मीद है।

2024 में भारत का रक्षा बजट 6.21 लाख करोड़ रुपये था। ये राशि वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 4.79 प्रतिशत ज्यादा थी। तब कुल 5.94 लाख करोड़ रुपये बजट का आवंटन किया गया था।

बजट में रेलवे, विमानन और जल परिवहन क्षेत्रों के लिए कई बड़ी और दूरगामी घोषणाएं की गई हैं, जिनका उद्देश्य कनेक्टिविटी बढ़ाना, लॉजिस्टिक्स लागत कम करना और आर्थिक विकास को गति देना है। केंद्रीय बजट 2026 में रेलवे को लेकर एक अहम फैसला लेते हुए सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर के निर्माण की घोषणा की गई है। इन कॉरिडोरों के जरिए देश के प्रमुख औद्योगिक और आर्थिक केंद्रों को तेज और आधुनिक रेल नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। प्रस्तावित हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर इस प्रकार हैः मुंबई-पुणे, पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद-बेंगलुरु, हैदराबाद-चेन्नई, चेन्नई-बेंगलुरु, दिल्ली-वाराणसी और वाराणसी-सिलीगुड़ी।

इसके साथ ही वित्त मंत्री ने घोषणा की कि अगले पांच वर्षों में 20 नए जलमार्ग चालू किए जाएंगे। इसकी शुरुआत ओडिशा के नेशनल वॉटरवे-5 से होगी, जो तालचेर और अंगुल जैसे खनिज-समृद्ध क्षेत्रों को कलिंगनगर औद्योगिक केंद्र और पारादीप व धमरा बंदरगाहों से जोड़ेगा। इससे पर्यावरण के अनुकूल और कम लागत वाले कार्गो मूवमेंट को बढ़ावा मिलेगा। अंतर्देशीय जलमार्गों को मजबूत करने के लिए वाराणसी और पटना में शिप रिपेयर और मेंटेनेंस से जुड़ा एक आधुनिक इकोसिस्टम विकसित किया जाएगा।



### बजट 2026 : क्या सस्ता और क्या महंगा

**सस्ता**
- खेल-कूद के सामान
- कैंसर की 17 दवाएं
- 7 गंभीर बीमारियों की दवा
- बीड़ी
- लेदर के प्रोडक्ट
- जूते
- मोबाइल
- ईवी की बैटरी
- बायोगैस मिक्स्ड CNG
- माइक्रोवेव ओवन
- सोलर से जुड़े सामान
- कपड़े

**महंगा**
- शराब
- सिगरेट
- स्क्रैप
- खनिज
- फ्यूचर ऑप्शन ट्रेडिंग

### आम बजट 2026 के महत्वपूर्ण प्रस्ताव

■ वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पूंजीगत व्यय बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपए ■ इलेक्ट्रॉनिक मेन्युफैक्चरिंग के लिए 40,000 करोड़ रुपए का प्रस्ताव ■ घरेलू उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए बनेंगे तीन रसायनिक पार्क, मेगा टेक्सटाइल पार्क ■ सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 के जरिये तैयार उपकरण एवं सामग्री के उत्पादन पर जोर ■ MSME क्षेत्र में चैंपियन बनने के लिए कोष बनाने का प्रस्ताव ■ ओडिशा, केरल, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु जैसे खनिज-समृद्ध राज्यों में लगेंगी रेयर अर्थ इकाइयां ■ वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी माहौल बनाने के लिए कंटेनर विनिर्माण योजना का प्रस्ताव ■ स्टील और सीमेंट जैसे क्षेत्रों के लिए 20,000 करोड़ रुपए का प्रावधान ■ नेचुरल यार्न स्कीम एवं रोजगार योजना और राष्ट्रीय हथकरघा एवं हस्तशिल्प कार्यक्रम का प्रस्ताव ■ सरकारी वित्तीय संस्थानों को मजबूत करने के तहत REC, PFC के पुनर्गठन का प्रस्ताव।

PARAS HEALTH

सेहत का सफर, अब हुआ आसान

पारस हॉस्पिटल की मुफ़्त बस सेवा




यात्राएँ: प्रति बस प्रतिदिन 2 (सुबह और दोपहर)
संचालन : सोमवार से शनिवार

पहली यात्रा: 10:00 बजे से
दूसरी यात्रा: 12:30 बजे से

दिनांक 3 फरवरी से बस सेवा की शुरुआत की जाएगी

Bus 1: हरजिंदर नगर → रामा देवी → पारस सिटी क्लिनिक (स्वरूप नगर) → हैलट हॉस्पिटल → रावतपुर स्टेशन → पारस हॉस्पिटल

Bus 2: नौबस्ता (केंद्रांचल डिस्पेंसरी) → बर्रा 2 (सचान चौराहा) → फजलगंज → रावतपुर स्टेशन → गुरुदेव → आज़ाद नगर डिस्पेंसरी → पारस हॉस्पिटल

Bus 3: रावतपुर (पाण्डु नगर डिस्पेंसरी) → विजय नगर → भाटिया चौराहा → पनकी मंदिर → अर्मापुर गेट न. 3 → कल्याणपुर → पारस हॉस्पिटल

पारस हॉस्पिटल, बिठूर रोड, कोठारी चौराहा, कानपुर

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 0512 352 6969

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

उन्नाव- अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कानपुर-लखनऊ राजमार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, नवाबगंज कस्बे के बाबा ढाबा के पास सड़क पार कर रहे युवक को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मारी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर एनएचएआई की एंबुलेंस टीम घटनास्थल पर पहुंची और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## पालिका अध्यक्षा ने किया विकासकार्यों का लोकार्पण



स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव- नगर पालिका परिषद् द्वारा नगर के समग्र विकास एवं नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में निरंतर किए जा रहे प्रयासों के क्रम में वार्ड संख्या 18, पी.डी. नगर क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण विकास कार्यों का विधिवत लोकार्पण नगर पालिका परिषद् की अध्यक्षा श्वेता भानू मिश्रा के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर नवनिर्मित नाली एवं इंटरलॉकिंग सड़क को क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों को समर्पित किया गया। प्रथम लोकार्पण कार्यक्रम के अंतर्गत पी.डी. नगर स्थित पॉवर हाउस के सामने दुर्गेश ट्रेडिंग से सौरभ पटेल के आवास तक निर्मित नाली एवं इंटरलॉकिंग सड़क का उद्घाटन किया गया। यह विकास कार्य क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ आमजन के लिए सुगम एवं सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करेगा। लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा इस मार्ग के सुधार की मांग की जा रही थी, जिसे आज पूर्ण कर जनता को समर्पित किया गया। द्वितीय लोकार्पण कार्यक्रम में वार्ड संख्या 18 के अंतर्गत अन्नू सिंह के आवास से आशु सिंह के आवास होते हुए चैहान ट्रेडर्स तक नवनिर्मित नाली एवं इंटरलॉकिंग सड़क का विधिवत उद्घाटन कर क्षेत्रवासियों को समर्पित किया गया। इस मार्ग के निर्माण से स्थानीय नागरिकों को जलनिकासी की समस्या से राहत मिलेगी तथा स्वच्छता और यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार होगा। इस अवसर पर इस अवसर पर मयंक अवस्थी, सुनील कुमार, अथक त्रिवेदी, मंजुला देवी, रंजू मिश्रा, नंदिनी मिश्रा, दुर्गेश, राजेंद्र बाबू संतोष कुमार सिंह, माया तिवारी, दीपक श्रीवास्तव, सतेंद्र कुमार, ज्ञान शुक्ला, रेनू त्रिवेदी, मोहित शुक्ला, दीपू मिश्रा, गुड्डू तनेजा, सुनील, अनुज शुक्ला सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों ने विकास कार्यों के लिए नगर पालिका परिषद् का आभार जताया। नगर पालिका परिषद् अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्रा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में आधारभूत सुविधाओं का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, बेहतर सड़कें, जलनिकासी एवं नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए नगर पालिका परिषद् निरंतर कार्य कर रही है और भविष्य में भी जनहित से जुड़े विकास कार्य इसी प्रकार जारी रहेंगे। अंत में अध्यक्ष महोदया ने सभी क्षेत्रवासियों को इन विकास कार्यों की सौगात के लिए बधाई दी तथा सहयोग और विश्वास बनाए रखने की अपील की।

### भागवत कथा के समापन पर कृष्ण के विवाहों और सुदामा चरित्र की सुंदर व्याख्या

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव- बिछिया विकास खण्ड अंतर्गत गांव पटनहन खेड़ा में श्रीमद् भागवत कथा के समापन के अवसर पर आचार्य भरत रजत महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के विवाहों और सुदामा चरित्र की सुंदर व्याख्या की। भक्तों ने भक्ति गीतों में झूमते हुए आरती एवं प्रसाद का आनंद लिया। अनुष्ठान ने क्षेत्र में सुख-शांति और आध्यात्मिक चेतना का संचार किया। गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में बड़ी संख्या में लोग उमड़े। आखिरी दिन होने के कारण आरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। कथावाचक आचार्य भरत रजत त्महराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के अन्य विवाहों की सुंदर व्याख्या की। सुदामा चरित्र का प्रसंग छेड़ा, पंडाल में मौजूद हर आंख नम हो गई। महाराज जी ने बताया कि मित्रता में ऊंच-नीच का कोई स्थान नहीं होता। भगवान अपने भक्त के प्रेम के वश में होते हैं। सुदामा और कृष्ण के मिलन के मार्मिक वर्णन को सुन श्रोता मंत्रमुग्ध होकर भाव-विभोर हो उठे। कथा मे प्रमुख रूप से राहुल रावत, रोहित रावत, ब्रजेश रावत , संतोष रावत, रेखा रावत, सतेंद्र तिवारी, ब्रजेश रावत, सूरज रावत, रामचंद्र रावत, अनिल रावत आदि लोग मौजूद रहे।

## रविदास जयंती के अवसर पर प्रकाशोत्सव व शोभायात्रा का आयोजन



स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव- पीतांबर नगर रायबरेली क्रॉसिंग स्थित संत शिरोमणि रविदास मंदिर में रविदास जयंती के अवसर पर भव्य प्रकाशोत्सव, शोभायात्रा एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रवीण मिश्रा भानु द्वारा संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। आयोजन में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेतनराम ने की, जबकि महामंत्री सौरभ राज भारती उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभासद मोनू मिश्रा, सुनील तिवारी, ओम तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजन के दौरान संत रविदास के विचारों पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता और समानता का संदेश दिया गया। वहीं, बिछिया विकास खंड अंतर्गत ग्राम पड़री खुर्द में आंबेडकर पार्क स्थित संत शिरोमणि रविदास जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात समरसता भोज एवं जनजागरण रैली का आयोजन हुआ। जनजागरण रैली पार्क से प्रारंभ होकर नेवरना होते हुए अचलगंज में संपन्न हुई।

बांगरमऊ संवाददाता के अनुसार मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती ग्राम दारापुर एवं ग्राम रूरी सादिकपुर में श्रद्धा, सामाजिक सौहार्द और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम की शुरुआत संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं उनके विचारों के स्मरण के साथ की गई। इस अवसर पर मानव उत्थान सेवा समिति की अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा ने कहा कि संत रविदास का संपूर्ण जीवन सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष और मानव एकता का संदेश देता है। अध्यक्ष ने बताया कि मानव उत्थान सेवा समिति शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक जागरूकता और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए लगातार प्रयासरत है और आगे भी इसी भावना के साथ कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम में हरदयाल गौतम, बबलू गौतम, कौशल कुमार, कमलेश कुशवाहा, ग्राम प्रधान विनोद यादव, पूर्व ग्राम प्रधान राकेश वर्मा सहित क्षेत्र के कई सम्मानित नागरिक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने संत रविदास के आदर्शों को अपनाने और समाज को एकजुट रखने पर जोर दिया।

## माघ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



स्वतंत्र भारत संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव- माघ पूर्णिमा पर क्षेत्र के विख्यात नानामऊ गंगा तट पर भीषण शीतलहर में भी हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने मां गंगा के जल से आचमन कर श्री सत्यनारायण व्रत कथा श्रवण की और अन्न एवं धन का दान किया। पुरातन काल से जहां श्रद्धालु कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए बिठूर घाट श्रद्धा का केंद्र रहा है, वहीं माघ पूर्णिमा पर स्नान, दान एवं पूजन हेतु क्षेत्र का नानामऊ गंगा घाट प्रसिद्ध रहा है। माघ पूर्णिमा पर यहां स्नान हेतु श्रद्धालुओं को भारी भीड़ उमड़ी। स्नानार्थियों ने गंगा की धारा में डुबकी लगाकर पंडों से श्री सत्यनारायण व्रत कथा श्रवण की और उन्हें अन्न और धन का दक्षिणा अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कानपुर, हरदोई और लखनऊ आदि जिलों के दूरदराज से आए तमाम श्रद्धालुओं ने गंगा की रेती पर गोबर के कंडों की आग से चोखा-बाटी, खिचड़ी व तहरी पकाई और भगवान को भोग लगाने के बाद स्वयं ग्रहण किया। माघ पूर्णिमा पर यहां के गंगा तट पर विशाल मेला भी लगा। मेले में जहां महिलाओं ने प्रशासन सामग्री खरीदी , वहीं बच्चों ने चाट -पकौड़ा, लइया -खिलौना तथा फास्ट फूड का जमकर आनंद उठाया। तहसील प्रशासन द्वारा मेले की सुरक्षा हेतु कोतवाली स्थापित की गई। जहां से कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चंद्र पांडेय के नेतृत्व में पुलिस ने चप्पे-चप्पे पर नजर बनाए रखी। तहसील प्रशासन द्वारा मेले की व्यवस्था हेतु करीब एक दर्जन राजस्व कर्मियों को तैनात किया गया। खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह द्वारा एक दिन पूर्व करीब डेढ़ दर्जन पंचायत सफाई कर्मियों को तैनात कर गंगा तट पर सफाई व्यवस्था चाक-चैबंद की गई।

## विद्यालय में वार्षिकोत्सव के अवसर पर 'उमंग' कल्चरल फेस्ट का आयोजन



स्वतंत्र भारत संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव- क्षेत्र के संडीला मार्ग स्थित आरएस पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव के अवसर पर 'उमंग' कल्चरल फेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक श्रीकांत कटियार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया। प्रबंधक रिजवान अहमद ने मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा झांसी की रानी, मनवा लागे, मोबाइल की लत, भूत बंगला सहित कई नाटक और प्रहसन तथा लघु नाटिका प्रस्तुत कर उपस्थित श्रोताओं का जमकर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक बदलू खां ने बच्चों के प्रदर्शन की जमकर सराहना करते हुए कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों से छात्र छात्राओं की प्रतिभा निखरती है। सपा अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव संजीव त्रिवेदी ने कहा कि छात्र छात्राओं के चहुंमुखी विकास के लिए सभी विधाओं में पारंगत होना आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता अर्सलान एवं अध्यापिका सिमरन ने किया।प्रबंधक रिजवान अहमद ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापिका जेबा, श्रुति पटेल, रीमा सिंह, नेहा, मानसी, प्रतीक्षा अवस्थी, अंशिका आदि शिक्षिकाओं का आभार प्रकट किया। अंत में प्रधानाचार्य संतोष कुमार एवं उपप्रधानाचार्य अंजू बाजपेई ने आए हुए समस्त अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में पूर्व सपा प्रत्याशी डॉ मुन्ना अल्वी, आर जे साहिल, पत्रकार इरफान खान सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शांभवी, श्रेयस,प्रिया, अर्चिता, श्रेया, दीपिका, एलिजा, आन्या, अबूजर, रितिका, पलक, पूर्वी, ध्रुव, राजवर्धन,आकर्ष, काशिफ, तौसीफ,आन्या पटेल, रितिका, आकृति, चैतन्या, नूर, तनु, जानवी, परी, शानवी, अनिका, लावण्या, हिबा,आईरा , हादी इब्राहिम, अलीशाबा, सामिया, कबीर, रिया, सिद्धि, अब्बास, अनन्या, अनाबिया फातिमा, अद्वैत, आदित्य, तनिष व इनाया आदि छात्र छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## जयंती पर श्रद्धाभाव से याद किए गए संत रविदास



**माती कानपुर देहात।** रविवार को नगर पंचायत के शंकर दयाल नगर कबीर विद्यालय प्रांगण में महामना संत रविदास जी की जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सभासद प्रतिनिधि बबलू भारती ने बताया कि संत रविदास महाराज जी का एक बहुत ही चर्चित प्रसंग है मन चंगा तो कठौती में गंगा ।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए बब्लू भारतीय ने कहा कि रविदास जी मध्यकालीन भारत के एक महान संत दार्शनिक कवि और समाज सुधारक थे। उन्होंने बताया कि संत रविदास जी का जन्म 1388 में हुआ था पिता का नाम संतो राव दास माता का नाम कलसा देवी था वाराणसी ;उत्तर प्रदेशद्ध में जन्मे रविदास ने भक्ति आंदोलन के माध्यम से छुआछूत और जातिवाद का कड़ा विरोध किया। उनके 40 पद सिखों के पवित्र ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब में शामिल हैं। उन्होने भगवान बुद्ध के तरह बेगमपुरा नामक एक आदर्श शहर की परिकल्पना की थी जहाँ पर कोई दुःखी न हो और छुआ छुत न हो सब एक समान हो कोई भूखा ना रहे सब बराबर का भाईचारा रहे साथ ही साथ कहा ऐसा चाहूं राज में जहां मिले सवन को अन्न छोट बढ़ो सब सम बसै रविदास रहे प्रसन्न इस मौके पर सभासद शिव सिंह नायक सभासद सुनील राजपूत सरदार प्रमोद सिंह केसावत जिला अध्यक्ष सुभासपा सभासद आदेश यादव हाजी मोहम्मद अबरार रमेश नायक संतोष बंजारा संतोष कुशवाहा शिव कुमार कठेरिया जयराम गौतम बच्चा दिवाकर महेंद्र सिंह बंजारा सहित अन्य लोगों ने संत रविदास जी को माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

# कानपुर देहात समाचार

## सपा ने एसआईआर पर वोट अभियान किया तेज ए खेड़ा कुर्सी में लगाई चौपाल



**-सपा जिलाध्यक्ष अरुणकुमार बबलू राजा ने कहा युवा अपना वोट बनवाने में सक्रियता दिखाए**

**-सपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य वीर सेन यादव ने कहा युवाओं जागो अपना वोट बनवाओ और आने वाले चुनाव में सपा की जीत सुनिश्चित करो**

**-जिला उपाध्यक्ष हाजी फैजान खान ने कहा किसी का वोट छूटने न पाए यही एकता की असली ताकत है**

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** समाजवादी पार्टी ने विशेष गहन संशोधन एसआईआर को लेकर गांव.गांव में नेताओं को भेजकर वोट हर हाल में बढ़ाने के लिए तेजी से प्रयास शुरू कर दिए है । रसूलाबाद के खेड़ा कुर्सी गांव में आयोजित चौपाल में सपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार बबलू राजा सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वीरसेन यादव पूर्व जिला।अध्यक्ष लाखन सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष हाजी फैजान खान सौरभ यादव गोपाल गुप्ता बीरू कुशवाहा छात्र सभा के पूर्व प्रदेश सचिव वरिष्ठ नेता विपिन शुक्ला विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर राजपूत शिव कुमार बेरिया सहित अन्य नेताओं ने जनता और युवाओं से हर हाल में वोटर आईडी बनवाने की जोरदार अपील की। जिलाध्यक्ष अरुण कुमार बबलू राजा ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन संशोधन अभियान चल रहा है हर युवा और परिवार अपना वोट बनवाए ताकि समाजवादी पार्टी की लहर और मजबूत हो। उन्होंने कहा कि हम गांव.गांव पहुंचकर यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई वोटर छूटे नहीं। सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वरिष्ठ नेता वीरसेन यादव ने कहा किवोट हमारा हथियार है और खेड़ा कुर्सी जैसे गांवों से क्रांति शुरू होगी। उन्होंने कहा युवाओं जागो औरअपना वोट बनवाओ और आने वाले चुनाव में समाजवाद की जीत सुनिश्चित करो।

सपा जिलाउपाध्यक्ष हाजी फैजान खान ने कहा किहम सभी एकजुट हैं और एसआईआर में वोट बढ़ाना हमारी प्राथमिकता है। हर मुस्लिम यादव और पिछड़े भाई अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज करवाएं । यही एकता की असली ताकत है। नेताओं ने युवाओं को तत्काल तहसील मुख्यालय पर अधिकारियों से संपर्क के साथ अपने बीएलओ स्तर पर जाकर फॉर्म भरने की सलाह दी । इसके बाद सभी नेताओं ने बाटी चोखा का आनंद लिया इस मौके पर लल्ला राठौर इंद्रेश त्रिपाठी मनोज शुक्ला शिवजी तिवारी नत्थू यादव सतेंद्र यादव मनसुखा सविता सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे

## अहंकार की अग्नि में बड़े बड़े बलशाली भी हुए हैं राख-मुलायम



माती कानपुर देहात। हम कितने भी बलशाली हो जाएं लेकिन कभी अहंकार नहीं आना चाहिए। 100 कौरवों के होते हुए भी सत्य मार्ग पर चलने वाले पांच पांडवों ने उन्हें पराजित कर दिया उक्त विचार जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता मुलायम सिंह यादव ने ग्राम दुआरी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन व्यक्त किए।

रविवार को कथा स्थल पर पहुंचे मुलायम सिंह यादव ने प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित मनीष तिवारी मानस मणि को अंगवस्त्र एवं फूल.मालाओं से सम्मानित किया। इसके बाद पंडाल में उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मात्र एक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन जीने की कला है। यह मनुष्य को अहंकार से विनम्रता मोह से वैराग्य और अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाती है। उन्होंने आगे जोर देकर कहा समाज द्वारा बनाए गए नियम गलत हो सकते हैं लेकिन भगवान के बनाए नियम कभी गलत नहीं होते। परमात्मा के नियम लोकहित के लिए होते हैं इस अवसर पर उनके साथ रमेश चंद्र सिंह गौर डॉण् आनंद सिंह सतीश कुमार अग्निहोत्री नितिन दुबे शंकर सिंह अनिल दुबे गिरजा शंकर दीक्षित शिवपाल सिंह भदौरिया राजा सिंह कछवाहा एवं मनी मिश्रा भी उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया समाजसेवी भाजपा नेता किशन दुबे छुन्नी का जन्मदिन हजारों ने दी बधाई



**■ भाजपा विधायक पूनम शंखवार ने कहा किशन दुबे जैसे समर्पित नेता क्षेत्र के लिए गौरव है**

**■ भाजपा अनुसूचित मोर्चा कानपुर बुंदेलखंड की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रीता कठेरिया ने कहा किशन दुबे गरीबों और दबे कुचले लोगों के सच्चे मसीहा है**

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** समाजसेवी और भाजपा नेता किशन दुबे छुन्नी के जन्मदिन पर रसूलाबाद में आज बड़े ही उत्साह और धूमधाम से जश्न मनाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं शुभचिंतकों और स्थानीय निवासियों ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया तथा माल्यार्पण कर हार्दिक बधाई दी।

यह आयोजन क्षेत्रीय एकता और सामाजिक समर्पण का प्रतीक बन गया जहां सैकड़ों लोग एकत्र होकर उनके जीवन के योगदान को याद कर भावविभोर हो उठे। इस अवसर पर भाजपा विधायक पूनम शंखवार विशेष रूप से पहुंचीं उन्होंने किशन दुबे को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और कहा किशन दुबे जैसे समर्पित नेता क्षेत्र के लिए गौरव हैं और उनके जन्मदिन पर मैं प्रभु से उनके यशस्वी जीवन और लंबी आयु की कामना करती हूं। विधायक ने उनके सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे नेताओं से ही ग्रामीण विकास को नई गति मिलती है।

भाजपा अनुसूचित मोर्चा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र की उपाध्यक्ष रीता कठेरिया ने भी किशन दुबे को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा किशन दुबे गरीबों और दबे.कुचले लोगों के सच्चे मसीहा हैं। उन्होंने हमेशा वंचित वर्गों के उत्थान के लिए सराहनीय प्रयास किए हैं जो आज भी प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं। उनके इस कथन से मंच पर उपस्थित लोग तालियों से गूंज उठे। कार्यक्रम में महंत ब्रजेशानंद जी महराज उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम मोहन दुबे भाजपा के वरिष्ठ नेता बबलू शुक्ला पूर्व ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख सुधीर अवस्थी मीनू शुक्ला प्रमोद त्रिवेदी शिवम दीक्षित मधुर द्विवेदी अक्षय द्विवेदी पप्पू द्विवेदी पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण दुबे राम महेश बर्मा ग्राम प्रधान भवनपुर सौरभ सिंह अमित सिंह सहित हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीणजन शामिल हुए। सभी ने किशन दुबे को फूलमाला पहनाकर जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। आयोजन में मिठाई वितरण और सामूहिक भोज का भी प्रबंध किया गया था जो पूरे क्षेत्र में उत्साह का संचार कर गया।

किशन दुबे छुन्नी लंबे समय से रसूलाबाद में सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। गरीबों की मदद शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में उनके योगदान को सभी याद करते हैं। यह जन्मदिन समारोह न केवल व्यक्तिगत उत्सव था बल्कि क्षेत्रीय एकजुटता का भी प्रतीक बन गया ।

## फैक्ट्री में टीन शेड लगा रहा श्रमिक रस्सा टूटने से गिरा हुई मौत

**रनिया कानपुर देहात'** रविवार की सुबह टीन शेड लगाने का काम कर रहा युवक अचानक रस्सी के टूट जाने से जमीन पर आ गिरा आनन फानन में उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज बजट के बाहर होता देख उसे हैलट ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया धटना से परिजनों में कोहराम मच गया परिजन उसके शव को लेकर फैक्ट्री के मुख्य द्वार पर आ गए और मुआवजे की मांग करने लगे



मृतक की फाइल फोटो रोते बिलखते परिजन

जानकारी के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र रनिया में संचालित रेलवे का सामान बनाने वाली फ्रंटियर फैक्ट्री में काम कर रहे श्रमिक सूरज 22 पुत्र शिव बालक निवासी महादेव कुटी फतेहपुर रोज की तरह सुबह करीब 9रू बजे ड्यूटी पर आया था जब वह फैक्ट्री के अंदर टीन सेड लगाने के लिए रस्से के सहारे करीब 30 फीट ऊपर चढ़ा ही था कि अचानक रस्सा टूट गया जिससे उक्त श्रमिक नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया फैक्ट्री कर्मियों द्वारा उसे कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया ।

जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देख उसे हैलट अस्पताल रेफर कर दिया रास्ते में ले जाते हुए उक्त युवक की मौत हो गई सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने अपने आला अधिकारियों को घटना की सूचना दी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार विक्रम पासवान सीओ संजय कुमार ने फैक्ट्री के अंदर शव रखकर मुआवजे की मांग कर रहे परिजनों को समझाने का प्रयास किया परंतु परिजन अपनी मांग पर डटे रहे थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि उक्त मृतक 2 महीने से फैक्ट्री में टीन सेड लगाने का कार्य कर रहा था जब वह करीब 30 फीट की ऊंचाई पर चढ़ा तो अचानक रस्सा टूट जाने कारण वह नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे हैलट ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया जिसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है तहरीर मिलने पर फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ मुकदमा लिख कर उचित कार्रवाई की जाएगी ।

# माघी पूर्णिमा पर भक्तों ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी





**-हर-हर गंगे के उद्घोषों से गुंजे गंगा तट**

**स्वतंत्र भारत सं.**

**कानपुर।** माघी पूर्णिमा पर ही भक्तों ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। हर-हर गंगे के उद्घोषों से गंगा तट गुंजते रहे। गंगा स्नान के बाद भक्तों ने दान पुण्य भी किया। इस दौरान घाटों पर पुलिस-प्रशासन के अफसर मौजूद रहे। शहर के अटल घाट, परमट, सरसैया घाट, गोला घाट, मैस्कर घाट, सिद्धनाथ समेत सभी प्रमुख घाटों पर रविवार सुबह से ही घाटों पर आस्था का हुजूम उमड़ा हुआ है। घाटों पर बुजुर्गों, बच्चों व महिलाओं ने भी उत्साह के साथ स्नान कर किया। मान्यता है कि पूर्णिमा के दिन दान व स्नान करने से बत्तीस गुना ज्यादा फल की प्राप्ति होती है। भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त होता है और चंद्रमा इस दिन अपनी पूर्ण कलाओं में होता है। माघ पूर्णिमा के दिन ही संत रविदास की जयंती भी विभिन्न संस्थाओं द्वारा मनाई जा रही है। समितियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व सद्गुरु का जन्मोत्सव मनाने का कार्यक्रम है। गंगा घाटों पर पर पहले से ही दुकानें लग गई थीं। पूजा पाठ की सामग्री के साथ बच्चों के खिलौने दुकानों पर सजे थे। गंगा स्नान के बाद लोगों ने मेले में खरीदारी की। बड़ों ने पूजा पाठ, जरूरत का सामान खरीदा तो वहीं बच्चों ने खिलौने, गुब्बारे खरीदकर आंनद उठाया।

### पितृ दान और तर्पण किया

माघी पूर्णिमा पर पितृ दान और तर्पण का भी महत्व है। आचार्यों के अनुसार माघ माह की पूर्णिमा को चंद्रमा मघा नक्षत्र में रहता है। यह पितरों का नक्षत्र माना गया है। इसी कारण इस दिन पितरों का तर्पण भी किया जाता है। माघी पूर्णिमा पर तर्पण करने से पितृ तृप्त हो जाते हैं। मान्यताओं के अनुसार महाभारत युद्ध के बाद युधिष्ठिर ने अपने परिजनों की तृप्ति के लिए माघ में कल्पवास किया था और पितरों का श्राद्ध किया था। रविवार को घाटों पर काफी लोगों ने तर्पण किया।

### मंदिरों में विष्णु पूजा कर किया दान

गंगा स्नान के साथ श्रद्धालुओं ने उपवास भी रखा। सुख-सौभाग्य, धन-संतान की इच्छा से मंदिरों में जाकर विष्णु की पूजा की। ब्राह्मणों को भोजन कराकर कपड़े, तिल, गुड़, घी, फल आदि दान दिए। गंगा स्नान कर लोगों ने रोगों से मुक्ति मांगी। सूर्य को अर्घ्य देकर दोषों से छुटकारा मांगा। आज के दिन विष्णु पूजा व उपवास से पाप दूर होते हैं।

# फर्जी दस्तावेज तैयार कर बनी पत्नी, हासिल कर ली नौकरी



**-मृतक संजू जलकल विभाग में था सफाई कर्मचारी**

**-ग्वालटोली पुलिस ने महिला समेत साल लोगों के खिलाफ दर्ज की थी एफआईआर**

**स्वतंत्र भारत सं.**

**कानपुर।** जल संस्थान में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर एक महिला द्वारा मृतक सरकारी कर्मचारी की अनुकंपा नियुक्ति हासिल करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक की बहन की तहरीर पुलिस ने महिला समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जांच में फर्जीवाड़ा सामने आने बाद पुलिस ने एसडीएम सदर को रिपोर्ट भेज दी। मृतक की बहन ने जिलाधिकारी व जल संस्थान अफसरों को पूरी पत्रावली सौंप दी। बावजूद उक्त महिला पर कार्रवाई की बजाय विभाग अभयदान बरसा रहा है। अब सवाल यह उठता है कि योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का जल संस्थान अफसरों को जरा भी खौफ नहीं है।

रायपुरवा थाना क्षेत्र के झकरकटी राखी मंडी निवासी गीता ने शिकायती पत्र के माध्यम से बताया कि पिता अनिल जलकल विभाग सफाई कर्मी के पद कार्यरत थे। उनकी मृत्यू के बाद आश्रित में अविवाहित भाई संजू को जलकल विभाग में सफाई कर्मी की नौकरी मिली थी। 27 फरवरी 2020 को संजू की मृत्यू हो गई थी। उसके बाद बेबी नाम की महिला ने फर्जी तरीके से वोटर आईडी व फैमिली सर्टिफिकेट तैयार कराकर अपने को संजू की पत्नी दर्शाकर नौकरी प्राप्त कर ली। 30 अप्रैल 2020 में बेबी ने जलकल विभाग में सफाई कर्मी के पद पर ज्वानिंग कर ली। इसकी जानकारी जब संजू के परिवार वालों को हुई तो उन्होंने जलकल को जीएम को शिकायती पत्र दिया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद गीता ने जिलाधिकारी व पुलिस अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई। आला अफसरों के आदेश के बाद 8 मई 2025 को ग्वालटोली थाने में बेटी समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। इसके पश्चात एसडीएम सदर द्वारा बेबी द्वारा लगाए गए फैमिली सर्टिफिकेट की जांच कराई गई। 6 जनवरी को 2025 को लेखपाल मुजफ्फर हुसैन व राजस्व बिठूर आन्नद शंकर पाण्डेय ने उक्त फैमिली सर्टिफिकेट को फर्जी बताते हुए निरस्त कर दिया। उसके बाद भी जलकल विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब सवाल यह उठता है कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी हथियाने वाली बेबी पर कौन अभयदान बरसा रहा है।

### वोटर आईडी व फैमिली सर्टिफिकेट भी फर्जी

मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने बेबी की वोटर आईडी व फैमिली सर्टिफिकेट की जांच शुरू की, तो सब फर्जी निकला। बेबी द्वारा प्रमाण पत्र पत्रों में लगाए वोटर कार्ड संख्या टीएमएस2571321 का जिला निर्वाचन कार्यालय से जांच कराया गया तो वह गोविन्द नगर की दीपा पासी के नाम से निकला। फैमिली सर्टिफिकेट की जांच एसडीएम सदर के यहां से हुई तो वह भी फर्जी निकला। जिसे 6 जनवरी 2026 को निरस्त भी कर दिया गया।

मामला संज्ञान में हैं। पारिवारिक सदस्यता की जांच के लिए एसडीएम सदर कार्यालय भेजा गया है। अभी तक वहां से कोई रिपोर्ट नहीं भेजी गई हैं। जबकि जलकल विभाग से एसडीएम कार्यालय में दो बार रिमांडर भी भेजा जा चुका है।

**आन्नद त्रिपाठी**
**जीएम, जलकल**

### यूजीसी एक्ट के विरोध में स्वर्ण समाज किया प्रदर्शन, फूंकी प्रतियां

कानपुर। यूजीसी एक्ट के विरोध में रविवार को स्वर्ण समाज संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में लोगों ने पटेल चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। लोगों ने इस काले कानून को छात्रों के भविष्य के लिए नुकसानदेह बताया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में यूजीसी एक्ट विरोधी तख्तियां लेकर नारेबाजी किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि यूजीसी एक्ट-2026 स्वर्ण समाज के विद्यार्थियों के हितों को प्रभावित करने वाला है। इस कानून से छात्रों में असमंजस की स्थिति बनेगी और उनका शैक्षणिक व व्यावसायिक भविष्य प्रभावित होगा। उन्होंने मांग की कि शिक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार का बदलाव सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने यूजीसी एक्ट की प्रतीकात्मक प्रतियां फूंकी। उन्होंने कहा कि शिक्षा से जुड़े ऐसे फैसले बिना व्यापक विमर्श के लागू नहीं किए जाने चाहिए। प्रदर्शन में डॉ प्रदीप कुमार पाण्डेय, प्रकाश वीर आर्य, अनुराग सिंह सेंगर, प्रकाश चन्द्र त्रिपाठी, राजेश सुनेजा, सुरेश रतनानी, अभिषेक पाठक, अभिनव मिश्रा, संतोष दीक्षित, संजीव अवस्थी सहित कई लोग उपस्थित रहे। स्वर्ण समाज संघर्ष समिति ने स्पष्ट किया कि सामान्य वर्ग पर अभी खतरा टला नही है अपितु यूजीसी एक्ट-2026 के विरोध में आगे भी आंदोलन जारी रहेगा और इस विषय पर जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम भी किए जाएंगे।

# केंद्रीय बजट 2026-27: दूरगामी सोचवाला बजट, जीएसटी न घटाने से होगा नुकसान

स्वतंत्र भारत सं.

कानपुर। केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को जहां उद्यमियों ने बजट को दूरगामी सोच वाला बताया। वहीं व्यापारियों ने इनकम टैक्स की स्लैब में बदलाव न होने व कर कम होने से इसको निराशाजनक बताया। इनकम टैक्स स्लैब मे भी बढ़ोत्तरी नहीं हुई है। जीएसटी न घटाने से सरकार का नुकसान है। सरकार यदि एक परसेंट टैक्स कर देती तो राजस्व ज्यादा मिलता, लेकिन अब स्मगलिंग को बढ़ावा मिलेगा।

## सराफा व्यवसाइयों के हाथ लगी निराशा- पुष्पेन्द्र जयसवाल



अखिल भारतीय स्वर्ण कार विकास परिषद के अध्यक्ष व कानपुर व्यापारी एसोसिएशन के महामंत्री पुष्पेंद्र जायसवाल ने बताया कि केंद्रीय बजट निराशाजनक बजट है। इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं है गोल्ड और सिल्वर पर इंपोर्ट ड्यूटी में भी कोई बदलाव नहीं किया गया। बुजुर्गों के लिए भी ना कोई पेंशन ना ही रेलवे बस हवाई जहाज में कोई भी छूट का प्रावधान दिया गया है। आम नागरिकों को एक झुनझुना पकड़ने वाला बजट है।

## 31 मार्च तक रिवाइज रिटर्न दाखिल करने में छूट देकर दी राहत-ज्ञानेश मिश्र



एमएसएमई के लिए 10000 करोड़ रूपये के बजट के प्रावधान से छोटे, लघु उद्योगों व व्यापारियों को भी लाभ मिलेगा। 1 अप्रैल 2026 से रिटर्न दाखिल करने में सरलीकरण के लिए नए प्रावधान से भी इनकम टैक्स की प्रक्रिया आसान होगी। इनकम टैक्स में 31 दिसंबर की बजाय अगले तीन माह बाद 31 मार्च तक रिवाइज रिटर्न दाखिल करने में छूट देकर राहत दी गई है, लेकिन इनकम टैक्स के स्लैब में कोई परिवर्तन न किए जाने से थोड़ी सी निराशा अवश्य हुई है। बजट में आत्मनिर्भर भारत के लिए बजट से स्वदेशीकरण व आत्मनिर्भरता के लिए कार्य होगा इसके साथ देश को दालों में आत्मनिर्भर बनाने के लिए विदेशी दालों के आयात को नियंत्रित करने को लेकर ड्यूटी फ्री अरहर व उड़द सहित सभी विदेशी दालों पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाना चाहिए था, जो नहीं हुआ।

## टैक्स प्रक्रिया को आधुनिक बनाने वाला बजट- सीए सिमरनजीत सिंह



सीए सिमरनजीत सिंह ने बताया कि बजट 2026 कर की दरों में बदलाव से कहीं अधिक टैक्स प्रक्रिया को सरल और आधुनिक बनाने वाला बजट है। नया इनकम टैक्स एक्ट 2025 पेश करना और असेसमेंट ईयर की पुरानी व्यवस्था को खत्म कर टैक्स ईयर लागू करना एक युगांतकारी कदम है, जिससे टैक्स कंप्लायंस पूरी तरह पेपरलेस और सुगम हो जाएगा। एमएसएमई को सशक्त बनाने के लिए 10,000 करोड़ का शैडम् एमएमई ग्रोथ फंड और कॉर्पोरेट मित्र जैसी योजनाएं उन्हें ढांचागत मजबूती प्रदान करेंगी, जबकि टीडीएस/ टीसीएस दरों में की गई कटौती से आम व्यापारियों के हाथ में वर्किंग कैपिटल की उपलब्धता बढ़ेगी। हालांकि इस नए एक्ट के ट्रांजिशन फेज में टैक्स प्रैक्टिशनर की भूमिका और जिम्मेदारी पहले से कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण होगीए लेकिन भविष्य में यह बदलाव एक पारदर्शी और श्ट्रस्ट.बेस्डश् टैक्स व्यवस्था की नींव रखने में मील का पत्थर साबित होगा।

## टिकाऊ कृषि पर ध्यान किया गया केन्द्रित-डॉ पांडेय



मौसम वैज्ञानिक डॉ यस यन सुनील पांडेय ने बताया कि केंद्रीय बजट 2025-26 में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के लिए लगभग 3,413 करोड़ आवंटित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष 2024-25 के 3,330.37 करोड़ की तुलना में 9 प्रतिशत की वृद्धि है। इस बजट में मुख्य रूप से सौर ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के साथ ही टिकाऊ कृषि पर ध्यान केंद्रित किया गया है

# एमएसएमई क्षेत्र को मिलेगी नई उड़ान-राकेश सचान

स्वतंत्र भारत सं.



कानपुर। उत्तर प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने केंद्रीय बजट 2026-27 का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। उन्होंने कहा कि पूंजी उपलब्धता, तकनीकी उन्नयन और पारंपरिक उद्योगों के पुनरुद्धार से उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में एमएसएमई क्षेत्र को मजबूती मिलेगी और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। केंद्रीय बजट 2026-27 में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार मानते हुए उनके सुदृढ़ीकरण के लिए कई अहम घोषणाएँ की गई हैं। उच्च संभावना वाले उद्यमों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से दस हजार करोड़ रुपये का लघु एवं मध्यम उद्यम वृद्धि कोष स्थापित किया जाएगा। इसके माध्यम से चयनित इकाइयों को इक्विटी सहायता दी जाएगी, जिससे नवाचार, विस्तार, गुणवत्ता सुधार और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा तथा निजी निवेश आकर्षित होगा। जोखिम पूंजी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए आत्मनिर्भर भारत कोष में दो हजार करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि दी गई है। इससे सूक्ष्म उद्यमों की वित्तीय स्थिति मजबूत होगी और छोटे उद्योगों को पूंजी तक बेहतर पहुंच मिलेगी। भुगतान प्रणाली को सुदृढ़ करने और ऋण प्रवाह को तेज करने के लिए व्यापार देयता बट्टा प्रणाली से जुड़ी व्यवस्था को और प्रभावी बनाया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा सूक्ष्मए लघु और मध्यम उद्यमों से की जाने वाली खरीद को इसी मंच के माध्यम से अनिवार्य किया जाएगा। चालान बट्टा सुविधा को ऋण गारंटी से जोड़ा जाएगा और सरकारी ई-मार्केट मंच के साथ एकीकरण कर त्वरित वित्तपोषण सुनिश्चित किया जाएगा। इस व्यवस्था के माध्यम से अब तक सात लाख करोड़ रुपये से अधिक का ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है। पारंपरिक उद्योगों को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए दो सौ पुराने औद्योगिक क्लस्टरों के पुनरुद्धार का कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। इसके अंतर्गत आधारभूत ढांचे का आधुनिकीकरण, बिजली और परिवहन सुविधाओं में सुधार, तकनीकी उन्नयन, साझा परीक्षण केंद्र और गुणवत्ता-आधारित उत्पादन को प्रोत्साहन दिया जाएगा। इससे बुनकर बस्तियों, हस्तकरघा, हस्तशिल्प, धातु और चमड़ा उद्योग जैसी पारंपरिक इकाइयों की उत्पादकता बढ़ेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

# पेंशनर्स एसोसिएशन करेगा नगर आयुक्त का सम्मान

**सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्पूर्ण भुगतान देने पर जताई खुशी**

**स्वतंत्र भारत सं.**



**कानपुर।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एंव पेंशनर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को जल संस्थान में यूनियन कार्यालय में बी.एल.गुलाबिया की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए श्री गुलाबिया ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक मई 2022 को मजदूर दिवस पर प्रदेश के सभी विभागों में कर्मचारियों के सेवानिवृत्त के लिए ई-पेंशन पोर्टल का शुभारंभ कर सेवा निवृत्त की तिथि पर सम्पूर्ण भुगतान के साथ पेंशन देने के स्पष्ट निर्देश दिये थे। आज साढ़े तीन वर्षों बाद नगर निगम में 31 जनवरी 2026 को नगर आयुक्त द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों को समस्त भुगतान के साथ पेंशन पुस्तिका भी दिया गया। बैठक में संयुक्त सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष सुनील सुमन ने बताया कि मुख्यमंत्री के आदेशों को पहली बार नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने समय से लागू कर सेवा निवृत्त कर्मचारियों को कार्यालय की दौड़ से मुक्त करवा दिया है। इससे पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारी आज भी कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं, उनका भी समस्त भुगतान व पेशन दिलवाया जाए। बैठक में निर्णय लिया गया है कि ऐसे नगर आयुक्त को पेंशनर्स एसोसिएशन सम्मानित कर शासनादेश का समय से पालन करने के लिए अवगत करायेगा। बैठक में अशोक कुमार मिश्रा, एडवोकेट आर पी श्रीवास्तव, रविन्द्र कुमार मधुर, लाल बाबू श्रीवास्तव, सुशील सागर, दुर्गा प्रसाद, ताराचंद, सुशील कुमार श्रीवास्तव, रमाकांत वर्मा आदि मौजूद रहे।

# कूड़े के ढेर में विस्फोट, चार बच्चे गंभीर रूप से घायल

- पुलिस व फॉरेंसिक टीम कर रही जांच-पड़ताल

स्वतंत्र भारत सं.

कानपुर। सचेण्डी में एक कूड़े के ढेर में जोरदार धमाका हो गया। इसकी चपेट में आकर वहां खेल रहे चार बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। लोगों ने आनन-फानन बच्चों को गंभीर हालत में उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी है।

डीसीपी वेस्ट एसएम आसिम काबिदी ने बताया कि रविवार दोपहर 1 बजे सचेंडी पुलिस को सूचना मिली कि विस्फोट से चार बच्चे झुलस गए हैं। इन बच्चों का नाम निहाल, करिया, ऋषि और कृष्णा है। इन सभी की उम्र 7 से 8 साल है। ये सभी बच्चे शौंच करने के लिए एक साथ घर से निकले थे। वहां से लौटने के दौरान बच्चों को रास्ते में राख की तरह पॉलीथीन में कोई विस्फोटक मिला था। राख की तरह वह पदार्थ था, बच्चे उससे खेल रहे थे। इस दौरान अचानक पास ही जल रहे अलाव के संपर्क में आते ही पॉलीथीन में रखे पदार्थ से विस्फोट हो गया और चारों बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। परिवार के लोग पास के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। इन सभी का प्राथमिक उपचार कराने के लिए जिला अस्पताल उर्सला में एडमिट करा गया गया है। बच्चों को इलाज चल रहा है। डीसीपी ने बताया कि पुलिस और फॉरेंसिक टीम जांच जांच की है। विस्फोटक किस तीव्रता का और क्या था इसकी जांच के लिए पॉलीथीन का सैंपल लिया गया है। इसके साथ ही सीसीटीवी फुटेज से विस्फोटक वहां कैसे पहुंचा इसकी जांच की जा रही है।

### शार्ट सर्किट से बैंक में लगी आग, मचा हड़कंप

कानपुर। कल्याणपुर में शॉर्ट सर्किट से एक बैंक में आग लगने से हड़कंप मच गया। राहगीरों ने बैंक के अंदर से धुआं और आग की लपटें उठती देख लोगों ने कंट्रोल रूम में सूचना दी। फायर ब्रिगेड और पुलिस मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने पहले शटर तोड़ा, फिर खिड़की तोड़कर अंदर दाखिल हुए और करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना की जानकारी मिलते ही बैंक के कर्मचारी और शाखा प्रबंधक भी मौके पर पहुंच गए। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक कल्याणपुर की शाखा प्रबंधक निहारिका सिंह चौहान ने बताया कि शनिवार को बैंक सामान्य रूप से खुला था और शाम करीब पांच बजे कामकाज खत्म होने के बाद बैंक बंद कर दिया गया था। बैंक में कोई गार्ड तैनात नहीं था। सुबह करीब पांच बजे शॉर्ट सर्किट से आग लगी, जिसे सबसे पहले स्थानीय लोगों ने देखा। सूचना पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां और कल्याणपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। शाखा प्रबंधक ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रही है, जिसकी तहरीर थाने में दी गई है। आग से कैश डिपार्टमेंट सुरक्षित रहा, लेकिन फर्नीचर और बैंक के कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर राख हो गए। आग से लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# सतगुरु रविदास ने समाज से ऊंच-नीचं खत्म करने के लिए किया था आन्दोलन-बौद्धाचार्य

**-संत शिरोमणि सतगुरु रविदास का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया**

**स्वतंत्र भारत सं.**



**कानपुर।** फूलबाग स्थित नानाराव पार्क में पर संत शिरोमणि सतगुरु रविदास का 665वां जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए द बुद्धिस्ट सोसाइटी इंडिया के ट्रस्टी मेंबर व वरिष्ठ समाजसेवी बौद्धाचार्य रमेश चंद्र गौतम ने किया। उन्होंने संत शिरोमणि रविदास की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने संत शिरोमणि के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सतगुरु रविदास ने आंदोलन भक्ति या पूजा करने के लिए नहीं किया था, बल्कि सामाजिक गैर बराबरी गुलामी से मुक्त करने का आंदोलन था। उन्होंने बताया कि उन्होंने समाज को एक करने और ऊंच नीच को खत्म करने के लिए आंदोलन किया था। बौद्धाचार्य रमेश चंद्र गौतम ने कहा कि मथुरा का द्वारिका, काशी का हरिद्वार रविदास खोजा दिल अपना तऊ मिलाया दिलदार रविदास मदिरा का पीजै जो चढ़ै चढ़ै उतराये नाव महारस पीजै जो चढ़ै नहीं उतराये गुरु ज्ञान दीपक दिया बाती दई जलाये रविदास हरि भगति कराने जन्म मंथन फिल्माते रविदास प्रभु के नाम बिन मन लागि जलन न जाये जलन अधिक बढ़ती गयी। जिऊ-जिऊ किया उपाय बौद्धाचार्य रमेश चंद्र गौतम ने संत शिरोमणि के जन्म दिवस पर समस्त देशवासियों को भाईचारा एकता एवं समानता का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा इससे देश की समृद्धि और देश का विकास होगा।


### श्रीहंस मंदिर में दो दिवसीय मार्गदर्शन शिविर का हुआ आयोजन



कानपुर। श्याम नगर बाईपास स्थित श्री हंस मंदिर आश्रम में मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में कानपुर मंडल समिति के गठन हेतु दो दिवसीय मार्ग दर्शन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पूर्वी उत्तर प्रदेश सह प्रभारी महात्मा सार्थानंद व हंस मंदिर प्रभारी साध्वी चंदन बाई ने दीप प्रज्वलित कर किया। महात्मा सार्थानंद ने शाखा संगठन को मजबूत करने तथा समिति द्वारा आध्यात्मिक ज्ञान का प्रचार-प्रसार को बढ़ाने जैसे अनेक विषयों पर गहनता से प्रकाश डाला। पहले दिन की बैठक सायं 7 बजे से 10 बजे तक व दूसरे दिन प्रातः 9 बजे दोपहर 1 बजे तक हुई। शिविर में लगभग 150 कार्यकर्ताओ सहित उन्नाव आश्रम प्रभारी साध्वी नील गंगा बाई व फतेहपुर आश्रम प्रभारी महात्मा आत्मगीतानंद ने प्रतिभाग किया। कानपुर मंडल के पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती और आध्यात्म ज्ञान के प्रचार-प्रसार पर अपने-अपने विचार रखें। इस दौरान अवधेश कटियार, रामराज यादव, धर्मपाल, उदय प्रताप सिंह, गिरधारी लाल गुप्ता, हरीकरन सिंह, राजेंद्र वर्मा, राम दयाल, घनश्याम, बालगोविंद, शमशेर सिंह, मिथलेश सोनी, माया दीक्षित, संजना वर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र पाल ने किया।

## खबर एक नजर

### धूमधाम से मनाया गया विद्यालय का 20वां वार्षिकोत्सव



कानपुर नगर. रविवार को मोतीझील स्थित लाजपत भवन मे संत सेवक पब्लिक स्कूल श्याम नगर बाईपास द्वारा अपने 20 वे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ एवं दीप प्रज्वलन विद्यालय के प्रबंधक अविनाश कुमार राय द्वारा किया गया इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन जे के राय आईएएस द्वारा समस्त विद्यालय परिवार को अपना आशीर्वाद दिया गया तथा प्रबंधक द्वारा बताया गया कि प्ले ग्रुप से कक्षा 12 तक के बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं को उजागर किया जिसे देखकर अभिभावक एवं शिक्षकगण प्रफुल्लित हो गए प्ले ग्रुप के बच्चों ने बहुत ही अच्छी प्रस्तुति की जिस पर प्रबंधक द्वारा तथा विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें प्रस्तुत किया गया इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या शिवानी राय द्वारा बच्चों को आशीर्वाद दिया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई इस अवसर पर विद्यालय में मुख्य रूप से सुधा गुप्ता सोनम प्रिया सिंह दिव्या कनोडिया सीमा जोशी वर्षा कशिश आदि समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा

### जहानाबाद के युवक ने घाटमपुर में ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**-मरने से पहले हाथ पर उसने लिखा था मोबाइल नंबर, मानसिक तनाव में रहता था युवक**



**घाटमपुर।** जहानाबाद-फतेहपुर के रहने वाले एक युवक ने घाटमपुर में रविवार की रात ट्रेन के आगे कूदकर खुदकशी कर ली। खुदकशी करने से पहले उसने अपने हाथ में मोबाइल नम्बर भी लिखा था। दिल को दहला देने वाली घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि मौत का रास्ता चुनने वाला युवक मानसिक तनाव में रहता था। रविवार की रात करीब 02.40 बजे जीआरपी ने परिजनों के अलावा थाना पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया। जहां उसकी शिनाख्त फतेहपुर के जहानाबाद के वार्ड औरंगाबाद कोड़ा निवासी मोहम्मद शफी के पुत्र मोहम्मद इमरान 42 के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलने पर सीएचसी पहुंचे परिजनों ने पुलिस को बताया कि काफी समय से इमरान की मानसिक स्थिति ठीक न होने के चलते उसने यह कदम उठाया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच के साथ शव पीएम के लिए भेजा गया है।

### सोशल मीडिया पर अभद्र पोस्ट वाला दूसरा युवक गिरफ्तार

**कानपुर।** सोशल मीडिया पर विशेष वर्ग के खिलाफ अभद्र पोस्ट करने वाले दूसरे युवक को भी चकेरी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

चकेरी थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि गुरुवार सुबह अमित सागर नामक यूजर ने एक वर्ग विशेष पर आपत्तिजनक पोस्ट किया था। यह पोस्ट तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद कई अन्य यूजर्स ने भी उस पर अभद्र टिप्पणियां करनी शुरू कर दीं। धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज किया। प्रारंभिक कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को इस पोस्ट पर टिप्पणी करने वाले काजीखेड़ा निवासी राहुल गौतम के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की थी। इसके बाद मुख्य आरोपी अमित सागर की तलाश के लिए पुलिस टीम लगी थी। रविवार सुबह पुलिस ने अमित सागर को गिरफ्तार कर लिया।

### प्रबुद्ध वर्ग सम्मलेन हुआ संपन्न



**कानपुर ।** युवा भाजपा नेता रवि बाजपेई ने कल्याणपुर विधानसभा के अंतर्गत गुबा गार्डन के सिद्धार्थ पार्क में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित किया और भाजपा सरकार द्वारा प्रबुद्ध वर्ग के लिए किए गए कार्यों की जानकारी देते कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है और प्रबुद्ध समाज का आशीर्वाद हमेशा से भाजपा के साथ रहा है और आगे भी बना रहेगा। आप सभी कल्याणपुर विधानसभा के लोगों के लिए आपका बेटा रवि बाजपेई नेता नहीं हमेशा आपका बेटा बनकर आपके बीच 24 घंटे आपकी सेवा के लिए हाजिर रहेगा।

इस मौके पर गुड्डू सिंह रामू शुक्ला नागेंद्र सिंह शोभित दीक्षित शिवम तिवारी अनुज मिश्रा उत्कर्ष अग्निहोत्री सहित कई लोग मौजूद रहे। वहीं कल्याणपुर विधानसभा में हुए इस प्रबुद्ध वर्ग सम्मलेन से जनता के बीच कयासों का नया दौर शुरू हो गया है ।

### नाब दान अवरुद्ध होने से गांव में भरा गंदा पानी ग्रामीणों में दहशत बीमारी फैलने की आशंका



बिल्हौर । कानपुर जनपद के बिल्हौर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर उर्फ शिव दत्ता पुर गांव में एक व्यक्ति द्वारा दबंगई के बल पर कई घरों के नाब दान का पानी अवरुद्ध किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित ग्रामीणों ने इस संबंध में उपजिलाधिकारी बिल्हौर को प्रार्थनापत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थनापत्र में बताया गया है कि गांव निवासी सुनील कटियार पुत्र रामाधार ने अपने आतंक और गुंडागर्दी के बल पर मोहल्ले के कई घरों के नाब दान का रास्ता बंद कर दिया है जिससे गंदा पानी घरों के सामने भरा हुआ है। इससे क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है और संक्रामक बीमारियों का खतरा उत्पन्न हो गया है। पीड़ितों का आरोप है कि जब उन्होंने नाब दान का रास्ता रोके जाने का कारण पूछा तो आरोपी ने गाली.गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गया और खुलेआम धमकी दी कि उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। घटना के बाद मोहल्ले के लोगों में दहशत का माहौल है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मौके पर संबंधित अधिकारियों को भेजकर अवरुद्ध नाब दान खुलवाने और आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है। वही मामले में उप जिलाधिकारी संजीव कुमार दीक्षित ने बताया कि मामले में खंड विकास अधिकारी एवं राजस्व निरीक्षक लेखपाल को जांच टीम में शामिल कर समस्या के समाधान को लेकर निर्देशित कर दिया गया है।

# सन्त रविदास ने समाज के उत्थान के लिए किया संघर्ष-राकेश सचान





**-प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ने जयंती के मौके पर बोलते हुए आगे कहा कि उन्होंने अपनी रचनाओं द्वारा समाज में व्याप्त आडंबर एवं अंध विश्वास से भी उबारा**

**घाटमपुर।** सन्त रविदास जयंती पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान सन्त रविदास के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सन्त रविदास ने जीवन पर्यन्त समाज के दबे कुचले लोगों के उत्थान के लिए संघर्ष किया। उन्होंने आगे कहा कि सन्त रविदास ने अपनी रचनाओं द्वारा समाज में व्याप्त आडंबर एवं अंध विश्वास पर भी गहरी चोट की थी। कैबिनेट मंत्री ने इस मौके प्रदेश सरकार द्वारा दलित समाज के लोगों के उत्थान के लिए लागू की गई कल्याणकारी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। संबोधन से पहले कैबिनेट मंत्री ने परिसर में स्थित सन्त रविदास की मूर्ति पर माल्यार्पण भी किया। वहीं सन्त रविदास देव स्थान समिति के अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य राज नारायण कुरील ने समिति के पदाधिकारियों के साथ कैबिनेट मंत्री का स्वागत फूल मालाओं से किया।इस मौके पर समिति के अशोक कुरीलए रघुवीर कुरीलए संदीप पालएनीरज कुरील आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### सन्त रविदास सर्व समाज के थे मसीहा-सरोज कुरील

**घाटमपुर।** रविवार को कस्बे में मनाई गई सन्त रविदास की जयंती मे पहुंची विधायक सरोज कुरील ने बोलते हुए कहा कि सन्त रविदास के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा सन्त ने सदैव सामाजिक सुधारए सामाजिक समरसता की के लिए काम किया है।

उनके बताए रास्ते पर चलने से ही हम सबका भला होगा। इस मौके पर पहुंचे सपा के पूर्व सांसद राजा राम पाल ने बोलते हुए कहा कि हम सब सन्त रविदास को मानते तो हैंए पर उनकी बात नहीं मानते। उन्होंने आगे कहा कि सन्त रविदास ने सदैव समाज के दबे कुचले लोगों को मूल भूत अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने सन्त रविदास को सर्व समाज के दबे कुचले लोगों का मसीहा बताते हुए आगे कहा उन्हें जंयती तक ही सीमित रखने से हम सबका भला कैसे होगा।

**भ्मकपदह सन्त रविदास ने दबे कुचले लोगों का किया उत्थान.प्रतिभा शुक्ला**

घाटमपुर।सन्त रविदास की जयंती मे पहुंची राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने सन्त रविदास की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि सन्त रविदास ने दबे कुचले लोगों के उत्थान के लिए सदैव संघर्ष किया। ताकि समाज के लोग सामाजिक कुरीतियों से निकल कर अपना उत्थान कर सकें। उन्हों सन्त रविदास के व्यक्तित्व व कृतित्व पर भी प्रकाश डाला। वहीं पूर्व सांसद अनिल शुक्ल वारसी ने इस मौके पर बोलते हुए कहा कि सन्त रविदास के मिशन को पूरा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# विपाता गुलाब रानी की शिक्षा के क्षेत्र में है अलग पहचान-कैबिनेट मंत्री




-नौरंगा में आयोजित विपाता गुलाब रानी स्मृति दिवस एवं वार्षिकोत्सव समारोह के मौके पर बोलते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा

घाटमपुर । नौरंगा में आयोजित विपाता गुलाब रानी स्मृति दिवस एवं वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा विपाता गुलाब रानी इण्टर कालेज जिस तरह से शिक्षा को बुलंदियों के पंख देकर जिस तरह से क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई हैए वह सराहनीय है।उन्होंने इस मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी सराहा। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए विधायक सरोज कुरील ने कहा कि कालेज में पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य को बुलंदियों को पंख देने में प्रधानाचार्य व प्रबंध कमेटी की अहम भूमिका होती है। उन्होंने इस बात पर भी खुशी जताते हुए कहा कि मैने आज तक इतना अनुशासित व सुन्दर आयोजन नहीं देखा। साथ ही उम्मीद जताई कि आगे भी कॉलेज इसी तरह राष्ट्र का गौरव बने। इस मौके पर छात्र.छात्राओं ने सरस्वती वंदनाएस्वागत गीतएराष्ट्रभक्ति गीतए राष्ट्रभक्ति नाटक एवं राजस्थानी.पंजाबी नृत्यए गणेश वंदना आदि मनमोहक कार्यक्रम से सबका दिल जीत लिया।समारोह के दौरान कालेज के अध्यक्ष डॉव राज कुमार आर्य ;सुम्मीद्ध व प्रबंधक गोरे लाल सविता ने आए हुए मुख्य व विशिष्ट अतिथियों तथा ग्राम प्रधानोंए क्षेत्र व जिला पंचायत सदस्यों के प्रति आभार जताते हुए प्रतीक चिन्ह भेंट करने के साथ शाल ओढाकर उनका स्वागत किया। वहीं समारोह का संचालन कर रहे कॉलेज के प्रधानाचार्य विपिन चन्द्र सचान ने इण्टर कालेज के इस मुकाम तक पहुंचने पर अभिभावकों के सहयोग पर आभार जताते हुए कहा है। उनका सदैव प्रयास रहता है कि वह न सिर्फ अभिभावकों के भरोसे पर खरे उतरे बल्कि शिक्षा ऐसी दें जो बच्चों को स्वावलंबी बनाने के साथ राष्ट्र को मजबूत करती हो। समारोह के सफल संचालन में शिक्षक कमालुद्दीन की भी अहम भूमिका रही।

# संभव अभियान की प्रदेशीय रैंकिंग में कानपुर नगर को मिला प्रथम स्थान

**डीएम ने सीडीओ व जिला कार्यक्रम अधिकारी को दी बधाई**

**स्वतंत्र भारत सं.**

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश में संचालित संभव अभियान के अंतर्गत कानपुर नगर ने 31 जनवरी को जारी प्रदेशीय रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया है। जनपद को 75.5 अंक मिले हैं, जो प्रदेश में सर्वाधिक हैं। रैंकिंग में फर्रूखाबाद 74.8 अंकों के साथ दूसरे, श्रावस्ती 71.01 अंकों के साथ तीसरे, वाराणसी 70.3 और चंदौली 70 अंक लेकर शीर्ष जिलों में शामिल रहे। वहीं फिरोजाबाद 45.5 अंकों के साथ प्रदेश में अंतिम 75वे स्थान पर रहा। प्रयागराज 47.4 अंकों के साथ 74वें और कासगंज 48.5 अंकों के साथ 73वें स्थान पर रहा। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने इस उपलब्धि पर मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन एवं जिला कायक्रम अधिकारी प्रीति सिन्हा को बधाई दी है। संभव अभियान के तहत जनपद में 1,850 सैम श्रेणी के बच्चों को चिन्हित किया गया था। नियमित स्वास्थ्य जांच, चिकित्सीय प्रबंधन और सतत फॉलो-अप के बाद 1,837 बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार दर्ज किया गया। निरंतर निगरानी और केंद्रित प्रयासों से 834 बच्चे सैम श्रेणी से बाहर होकर सामान्य श्रेणी में आ गए, जबकि शेष बच्चों के स्वास्थ्य में भी निरंतर प्रगति दर्ज की जा रही है। इस तरह बच्चों के स्वास्थ्य सुधार का कुल प्रतिशत 99.30 रहा, जिसे रैंकिंग का प्रमुख आधार माना गया। अभियान के अंतर्गत केवल सैम ही नहीं, बल्कि 0-6 माह आयु वर्ग के सीवियर अंडरवेट बच्चों पर भी विशेष फोकस किया गया। पंजीकृत स्तनपान कराने वाली माताओं और 0-6 माह आयु के बच्चों की संख्या में अंतर को समाप्त करने के लिए सभी चिन्हित बच्चों का ई-कवच पोर्टल पर पंजीकरण कराया गया। कम वजन के जन्मे शिशुओं का आशा कार्यकर्ताओं द्वारा शत-प्रतिशत फॉलोअप किया गया। गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य निगरानी भी रैंकिंग का अहम मानक रही। चौथी प्रसव पूर्व जांच के दौरान वजन मापन, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और पोषण परामर्श के चलते गर्भवती महिलाओं में वजन वृद्धि का प्रतिशत 99.90 दर्ज किया गया।

अभियान अवधि में जनपद में शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण कराया गया। अभियान के दौरान मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन द्वारा पूरे संभव अभियान की प्रभावी, नियमित और परिणामोन्मुख मॉनिटरिंग की गई। फील्ड से लेकर समीक्षा स्तर तक निरंतर निगरानी, विभागीय समन्वय और समयबद्ध फीडबैक के चलते अभियान के परिणाम स्पष्ट रूप से सामने आए, जिसका असर प्रदेशीय रैंकिंग में जनपद को मिले पहले स्थान के रूप में दिखा।



### डब्बन कटियार ने भागवत कथा में पहुंचकर व्यास पीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया

बिल्हौर दृ नानामऊ जिला पंचायत से अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर रहे अपना दल एस कानपुर ग्रामीण के लोकप्रिय जिलाध्यक्ष विपनेश कटियार डब्बन ने बिल्हौर तहसील के ग्राम नसिरापुर में आयोजित पावन श्श्रीमद् भागवत महापुराणश् कथा कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सौभाग्य से व्यास पीठ का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। इस अवसर पर भगवान के दिव्य प्रसंगों का श्रवण किया और प्रभु से समस्त क्षेत्रवासियों की सुख.समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की।

# श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण रुक्मणी का विवाह होते ही बरसे पुष्प



**- कथा के बाद हुआ विशाल भण्डारा, भक्तों ने प्रसाद किया ग्रहण**

**स्वतंत्र भारत सं.**

**कानपुर।** परमट में पंडित शिवनारायण पार्क में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण व रुक्मणी विवाह, सुदामा-श्रीकृष्ण की मित्रता समेत तमाम लीलाओं का वर्णन कर सभी का मन मोह लिया। उन्होंने कहा कि मित्रता तो श्रीकृष्ण और सुदामा की थी। आज तो बस स्वार्थ की व मतलब की मित्रता होती है। परमट में चल रही भागवत कथा के अंतिम दिन आचार्य अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने पांडाल में मौजूद भक्तजनों को भगवान श्रीकृष्ण व रुक्मणी विवाह के साथ साथ सुदामा-श्रीकृष्ण की मित्रता समेत प्रभु श्रीकृष्ण की तमाम लीलाओं का रसपान कराया। साथ ही श्रीकृष्ण रुक्मणी के साथ फूलों की होली भी खेली गई। आचार्य ने सुदामा व श्रीकृष्ण के मित्रता का इतना सुदर व मनोहारी वर्णन प्रस्तुत किया कि वहां मौजूद श्रद्धालुओं की आंखों से आंशू बह निकले। इसके बाद तमाम मनोहारी झांकियों का भी प्रदर्शन किया गया। वहां पर मौजूद सभी भक्तजनों ने झांकियों में मौजूद भगवान का पूजन अर्चन किया। भागवत कथा के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। दोपहर से शुरू हुआ भंडारा देर रात तक चलता रहा। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिये हजारों भक्तजन वहां पर मौजूद रहे। मुख्य यजमान के रूप में एडवोकेट देवेंद्र शर्मा पूर्व महामंत्री लायर्स एसोसिएशन और उनके बेटे दिव्याशु शर्मा, चंदन शर्मा, पीयूष शर्मा, राघवेंद्र शर्मा समेत तमाम क्षेत्रवासी मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक सलिल विश्नोई, शैलेंद्र शुक्ला पूर्व अध्यक्ष लायर्स एसोसिएश, जितेंद्र पांडेय एडीजीसी, राजेंद्र अवस्थी पूर्व महामंत्री लायर्स एसोसिएशन, अर्जुन जैन, विनोद गुप्ता, गोविंद शुक्ला, विनय मिश्रा, हर्ष गुप्ता, अनंत शर्मा, अशोक गौड़ समेत हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सेंट्रल स्टेशन पर उमड़ी भीड़, श्रद्धालुओं व परीक्षार्थियों से ट्रेनें रहीं खचाखच



स्वतंत्र भारत सं.

कानपुर। सेंट्रल स्टेशन पर रविवार को यूपीएसएसएससी की परीक्षा और माघ पूर्णिमा के स्नान को लेकर ट्रेनें यात्रियों से खचाखच भरी रहीं। बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। माघ मेला स्पेशल ट्रेनों के साथ-साथ परीक्षा स्पेशल ट्रेनें भी चलाई गईं। प्लेटफॉर्म पर आरपीएफ और जीआरपी के जवान यात्रियों को व्यवस्थित तरीके से ट्रेन में चढ़ने और उतरने के लिए लगातार अनाउंसमेंट करते रहे।

रविवार सुबह से ही परीक्षा देने कानपुर पहुंचने वाले परीक्षार्थियों और माघ स्नान के लिए प्रयागराज जाने वाले यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ती रही। दोपहर तक कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर भीड़ काफी बढ़ गई। प्लेटफॉर्म संख्या 6 और 7 पर यात्रियों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए रेलवे पुलिस फोर्स के साथ ही स्टेशन अधीक्षक भी मौके पर मौजूद रहे। हजारों यात्रियों को व्यवस्थित करने के लिए अनाउंसमेंट किए गए और सायरन बजाकर भीड़ को नियंत्रित किया गया। बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने तत्काल परीक्षा स्पेशल ट्रेन को प्लेटफार्म संख्या 6 पर लाई गई। हालांकि अत्यधिक भीड़ के कारण कई यात्रियों को ट्रेन में मशक्त कर चढ़ने की कोशिश में लगे रहे, तो कई यात्री इधर-उधर भागते हुए नजर आए। कई यात्री ट्रेन में चढ़ गए, जबकि कुछ को जगह नहीं मिल सकी। रेलवे प्रशासन लगातार अनाउंसमेंट कर यात्रियों को आश्वस्त करता रहा कि परीक्षा और माघ पूर्णिमा के लिए पर्याप्त संख्या में विशेष ट्रेनें चलाई गई हैं और सभी यात्रियों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित भेजा जाएगा। परीक्षार्थियों का कहना है कि भीड़ काफी अधिक है, लेकिन व्यवस्थाएं संतोषजनक हैं। प्रयागराज और वाराणसी आने-जाने वाली ट्रेनों में सबसे अधिक भीड़ देखने को मिल रही है। आरपीएफऔर जीआरपी के अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जा रहा है तथा सुबह से ही भीड़ को नियंत्रित किया जा रहा है।

# रविदास जयंती के मौके पर सामाजिक समरसता का दिया गया संदेश



शिवराजपुर। संत शिरोमणि रविदास जी की जन्म जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने शिवराजपुर ग्राम दिलीप नगर स्थित कार्यालय में संत रविदास जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों कृतित्व और समाज के प्रति दिए गए योगदान को स्मरण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विनय यादव ने कहा कि संत रविदास जी का जीवन सामाजिक समानता मानव गरिमा और भेदभाव के विरोध का प्रतीक है। उन्होंने अपने कर्म और विचारों से यह संदेश दिया कि समाज का वास्तविक उत्थान तभी संभव है जब व्यक्ति को उसकी जाति वर्ग या स्थिति के आधार पर नहीं बल्कि उसके कर्म और मानवीय मूल्यों के आधार पर सम्मान मिले। विनय यादव ने कहा कि संत रविदास जी की वाणी आज भी सामाजिक अन्याय छुआछूत और असमानता के विरुद्ध एक सशक्त आवाज़ है। यादव ने कहा कि पीडीए समाज वर्षो से शोषण का शिकार रहा है। इस वर्ग को सम्मान दिलाना हमारी प्राथमिकता में है।

विनय यादव ने उपस्थित लोगों से संत रविदास जी के विचारों को आत्मसात करने और सामाजिक सौहार्द भाईचारे तथा समरसता को मजबूत करने का आह्वान किया।

इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य कार्तिकेय शुक्ला वीरेंद्र वर्मा सुरेश यादव सुनील यादव पूरन वर्मा रोहित राजपूत रोहित यादव अरुण यादव उमेश कुशवाहा प्रधान रमेश गौतम सहित कई सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चार को मिला अरूणोदय सम्मान

फतेहपुर। श्रीराम राज्याभिषेक महोत्सव में समाज में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अरूणोदय सम्मान से सम्मानित किया गया। मंडल की संस्थापिका स्व0 ममता गुप्ता पत्नी विनोद गुप्त की स्मृति में शुरू हुए अरूणोदय सम्मान में राम नारायण आचार्य, ममता गुप्ता, मोना गुप्ता, गुड्डन जायसवाल को सम्मानित किया गया।

# केंद्रीय बजट 2026-27 सर्वहितकारी और ऐतिहासिक : अन्नू श्रीवास्तव

**- पटेलनगर चैराहे पर भाजपाइयों ने एलसीडी के माध्यम से देखा बजट का सीधा प्रसारण**
**- कैंसर-शुगर की दवाएं सस्ती होने और हाईस्पीड रेल कॉरिडोर की सौगात से जिले में उत्साह**



**फतेहपुर।** केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 का सीधा प्रसारण रविवार को पटेलनगर चैराहा स्थित सेल्फी पॉइंट पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा एलसीडी लगाकर देखा गया। बजट के प्रावधानों पर हर्ष व्यक्त करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने इसे जन-जन के हितों को समर्पित और विकसित भारत की दिशा में बड़ा कदम बताया।

कृषि और मत्स्य पालन को मिलेगा नया आयामः जिलाध्यक्ष ने कहा कि बजट में लघु एवं सीमांत किसानों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए ठोस योजनाएं बनाई गई हैं। विशेषकर मत्स्य पालन क्षेत्र में महिला सदस्यों की भागीदारी बढ़ाने के लिए समितियों को सशक्त करने का मसौदा तैयार किया गया है। बजट का सीधा प्रसारण देखने वालों में खागा विधायक कृष्णा पासवान, अयाहशाह विधायक विकास गुप्ता, जहानाबाद विधायक राजेंद्र पटेल और पूर्व विधायक विक्रम सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

स्वास्थ्य और मध्यम वर्ग को बड़ी राहतः विधायक कृष्णा पासवान ने बुजुर्गों के स्वास्थ्य हेतु देश भर में 1.5 लाख केयर टेकर की स्थापना और कैंसर व शुगर सहित सात गंभीर बीमारियों की दवाएं सस्ती करने के निर्णय को ऐतिहासिक बताया। विधायक विकास गुप्ता ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि प्रस्तावित दिल्ली-वाराणसी हाईस्पीड रेल कॉरिडोर का लाभ फतेहपुर जनपद को भी मिलना तय है। साथ ही छोटे शहरों के तीर्थस्थलों और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण हेतु विशेष बजट का प्रावधान किया गया है।

आयकर और पशुपालन पर जोरः विधायक राजेंद्र पटेल ने बताया कि पशु चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार हेतु नए चिकित्सकों को तैयार करने पर बजट में विशेष ध्यान दिया गया है। वहीं, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह ने कहा कि 01 अप्रैल से आयकर दाताओं के लिए नए और सरल फार्म तैयार किए जाएंगे, जो जन-उपयोगी कदम है।

प्रमुख रूप से उपस्थित रहेः इस अवसर पर मनोज शुक्ला, दिनेश बाजपेई, सुशीला मौर्या, प्रदीप गर्ग, पंकज त्रिवेदी, नीरज सिंह, पुष्पराज पटेल, उदय लोधी, अर्चना त्रिपाठी, अपर्णा सिंह गौतम, कुलदीप भदौरिया, पुष्पा पासवान, ज्योति प्रवीण, पंकज त्रिपाठी, राम प्रकाश गुप्ता, ओम मिश्रा, वन्दना द्विवेदी, जयप्रकाश फौजी, दिनेश तिवारी, अक्षय लोधी, डॉ. शिवप्रसाद त्रिपाठी, बच्चा तिवारी और पूनम श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फजलुर रहमान स्कूल में बच्चों ने विज्ञान और नवाचार का बिखेरा जादू



- बाल मेला और प्रदर्शनी में चंद्रयान व रोबोटिक मॉडल रहे आकर्षण का केंद्र
- कक्षा 08 के छात्र-छात्राओं को उपहार भेंट कर दी गई भावभीनी विदाई

फतेहपुर। नगर के फजलुर रहमान स्कूल में रविवार को बाल मेला, विज्ञान प्रदर्शनी एवं विदाई समारोह का त्रिवेणी संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य ने बच्चों द्वारा तैयार किए गए स्टालों का अवलोकन कर उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना की।
नन्हे वैज्ञानिकों ने दिखाए भविष्य के सपनेः विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रदर्शनी में मुख्य रूप से रोबोट, सैटेलाइट, चंद्रयान, मिसाइल, जल-चक्र, जल शोधन संयंत्र, सौर ऊर्जा और सौर मंडल के क्रियाशील मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं बाल मेले में बच्चों द्वारा लगाए गए विभिन्न खाद्य स्टालों पर अभिभावकों और मेहमानों ने लजीज व्यंजनों का स्वाद चखा और नन्हे बच्चों के कौशल की प्रशंसा की।

जूनियर्स ने दी सीनियर छात्रों को विदाईः कार्यक्रम के अगले चरण में कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रशासन द्वारा अब्दुल समद, मो. बासिल, फैज, अयान, अलीशा, उम्मे शाद, माहिबा, सुमेरा, इकरा युसुफ, खदीजा और शाद सहित अन्य विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न और उपहार भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। गणमान्य अतिथियों की उपस्थितिः समारोह में मुख्य रूप से मो. आसिफ अधिवक्ता, सभासद एनुल आब्दीन हुमायूं, सभासद मो. आरिफ गुड्डा, सभासद शादाब, पूर्व सभासद कासिम अली अधिवक्ता, पूर्व छात्र नेता एहसान खान, मो. शाहिद, रामजी श्रीवास्तव, राधेश्याम हयारण, शिवप्रसाद, आलोक गुप्ता, चांद, शमीम, शोएब, डॉ. मसूद आलम और डॉ. दुगी उपस्थित रहे।

अतिथियों का स्वागत और प्रबंधनः कार्यक्रम का सफल आयोजन प्रबंधक मो. नसीम खान और प्रधानाचार्या सैयद निदा खान के नेतृत्व में हुआ। नोडल अधिकारी सैयद काशिफ सहित शिक्षक अदनान सिद्दीकी, निधि गोयल, आकांक्षा, सीमा खान, सुषमा और सदफ सिद्दीकी ने अतिथियों का स्वागत किया और व्यवस्थाएं संभालीं।

# फतेहपुर : विराट हिंदू सम्मेलन में बाबा सत्यनारायण मौर्य ने भरी हुंकार, कला और वाणी से जगाया हिंदुत्व

**■ शिवाजी बस्ती के नंदी प्रांगण में जुटे हजारों लोग, भेदभाव मिटाकर एक होने का लिया संकल्प**
**■ युवाओं को राष्ट्र निर्माण का मूल मंत्र दे बोले बाबा मौर्य- समाज को जाग्रत करना ही सच्ची साधना**



फतेहपुर। शिवाजी बस्ती, तामेश्वर नगर स्थित नंदी प्रांगण में रविवार को आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन ऐतिहासिक जनसमूह का साक्षी बना। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण विख्यात कलाकार और ओजस्वी वक्ता बाबा श्री सत्यनारायण जी मौर्य रहे, जिन्होंने अपनी कला, गायन और प्रखर वाणी से उपस्थित हजारों लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्वामी विज्ञानानंद जी महाराज की अध्यक्षता एवं ब्रह्मकुमारी प्रमुख नीरू बहन जी के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित इस सम्मेलन में हिंदुत्व और सामाजिक समरसता की गूंज सुनाई दी।

बाबा मौर्य ने कला के माध्यम से दिखाया समाज को आईनाः दोपहर 12 बजे बाबा मौर्य की टीम के गायन से शुरू हुआ उत्साह अपराह्न 03 बजे अपने चरम पर पहुँच गया जब बाबा सत्यनारायण मौर्य स्वयं मंच पर आए। उन्होंने अपनी अद्भुत चित्रकारी और प्रभावशाली संबोधन के माध्यम से समाज की वर्तमान विसंगतियों पर कड़ा प्रहार किया। बाबा मौर्य ने विशेष रूप से युवा पीढ़ी को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं के कंधों पर ही धर्म और राष्ट्र की रक्षा का भार है। उन्होंने आह्वान किया कि यदि हिंदू समाज अपने आपसी भेदभाव और ऊंच-नीच को त्याग दे, तो उसे विश्व की कोई शक्ति पराजित नहीं कर सकती। उनके ओजस्वी विचारों ने पंडाल में उपस्थित बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को भाव-विभोर कर दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान ष्भारत माता की जयष् और ष्जय श्री रामष् के नारों से नंदी प्रांगण गुंजायमान रहा।

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का संगमः कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने सांस्कृतिक और देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत-संगीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया। एनसीसी कैडेट्स ने पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासित रहकर व्यवस्थाओं में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया। सेवा भारती की प्रियंका एवं रामा द्वारा बाबा मौर्य को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

प्रमुख जनों की रही गरिमामयी उपस्थितिः सम्मेलन में मुख्य रूप से विभाग प्रचारक शिवशंकर, जिला प्रचारक अरुण, विभाग कार्यवाह ज्ञानेंद्र, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, पूर्व विधायक विक्रम सिंह और पूर्व जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल उपस्थित रहे। साथ ही इंजी. संजय श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा। इनके अतिरिक्त राकेश त्रिवेदी, संवेदना सेवा न्यास के पंकज, अभिषेक त्रिवेदी, ब्लॉक प्रमुख भिटौरा अमित त्रिवेदी, विनय प्रताप सिंह, प्रमोद कुमार त्रिपाठी, प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह व सुधीर त्रिपाठी ने भी सहभागिता की।

समिति ने व्यक्त किया आभारः कार्यक्रम का कुशल संचालन गंगा समग्र के कुलदीप सिंह एवं अधिक सिंह द्वारा किया गया। हिंदू सम्मेलन समिति के अध्यक्ष सुधांशू श्रीवास्तव के संयोजन में आयोजित इस भव्य समागम के अंत में संरक्षक राकेश श्रीवास्तव ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया।इनकी रही विशेष उपस्थितिः सम्मेलन में हजारों लोग मौजूद रहे, जिनमें सुधीर सिंह, अरविन्द पाल सिंह, धीरज सिंह राठौर, अजय त्रिपाठी, अंगद सिंह चन्देल, अंकित सिंह, कमल रस्तोगी, अजय गुप्ता, सुनीता गुप्ता, मयूर गुप्ता, रीता सिंह तोमर, स्मिता सिंह, कल्पना सिंह, साधना चैरसिया, नीलम श्रीवास्तव, कविता रस्तोगी, नंदिनी शर्मा सहित समिति के सभी पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक शामिल थे।

# जनपद में संत शिरोमणि रविदास की 649वीं जयंती की धूम, समरसता का संकल्प

**- अरबपुर, चित्रांश नगर और मलाका सहित कई स्थानों पर गोष्ठियों का हुआ आयोजन**
**- वक्ताओं ने कहाः मन चंगा तो कठौती में गंगा का संदेश आज भी प्रासंगिक**



**फतेहपुर।** सामाजिक सद्भाव, मानवता और समता का संदेश देने वाले महान समाज सुधारक संत शिरोमणि रविदास जी की 649वीं जयंती रविवार को जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। विभिन्न संगठनों और समितियों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में वक्ताओं ने संत रविदास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।
अरबपुर में पाखंड और अंधविश्वास पर प्रहारः संत शिरोमणि रविदास जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में शहर के अरबपुर मोहल्ले में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सोहनलाल गौतम ने कहा कि संत रविदास ने समाज को नई दिशा दी और पाखंड व अंधविश्वास पर कड़ा प्रहार किया। मोहम्मद आसिफ एडवोकेट ने कहा कि संत जी ने पूरे विश्व को प्रेम के सूत्र में बांधा। विनोद गौतम ने महापुरुषों के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया, जबकि पूर्व सभासद धीरज कुमार ने छुआछूत मिटाने के लिए संत जी के बलिदान को याद किया। इस अवसर पर श्रवण सागर, अमर सिंह गौतम, पप्पू, संजय, सुनीता गौतम, दामिनी गौतम, गाजी अब्दुल रहमान गनी, सोनू गौतम, राजू, नीरज कुमार, वीरेंद्र तिलक और मुकेश गौर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।
चित्रांश नगर में उमड़ा जनसैलाबः शहर के चित्रांश नगर स्थित सीपीएस गेट के पास भानु प्रकाश गौतम के नेतृत्व में भव्य कार्यक्रम हुआ। वक्ताओं ने उन्हें महान समाज सुधारक बताया। इस दौरान डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर मिशन के जिला संयोजक रमेश बौद्ध, जिला सचिव अतुल कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बौद्ध प्रिय गौतम, कुलदीप गौतम, सुमन गौतम, कुसमा देवी, बदलू, रामकृष्ण एडवोकेट, नितेश कुमार, सिद्धार्थ गौतम और संगीता बौद्ध सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।
ग्राम मलाका में सामाजिक चेतना का संदेशः सामाजिक चेतना मंच की जिला इकाई द्वारा प्रांत संयोजक आरपी मौर्य के निर्देशन में ग्राम मलाका में जयंती मनाई गई। जिलाध्यक्ष धीरेंद्र बहादुर पासवान एडवोकेट ने वरिष्ठ नागरिक रामविशाल पासवान की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न कराया। वक्ताओं ने संत रविदास के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इस मौके पर प्रेमचन्द्र पासवान, कुबेर सिंह पासवान, अरुण कुमार, ओम प्रकाश पाल, अतुल कुमार गौतम, सुनील कुमार गौतम, राकेश कुमार गौतम, अनिल कुमार गौतम और संजय कुमार गौतम ने भी अपने विचार रखे।

# बिंदकी में पीस कमेटी की बैठक : आपसी भाईचारे के साथ मनाएं महाशिवरात्रि व शब-ए-बरात

- नायब तहसीलदार व सीओ ने की अपील, शरारती तत्वों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर
- कोतवाली परिसर में जुटे दोनों समुदायों के प्रबुद्ध जन, शांति व्यवस्था पर बनी सहमति

बिंदकी (फतेहपुर)। आगामी महाशिवरात्रि और शब-ए-बरात के पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु रविवार शाम कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। नायब तहसीलदार रचना यादव और पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रगति यादव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में दोनों समुदायों के गणमान्य नागरिकों से त्योहारों को पारंपरिक और शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई।
प्रशासन की सख्त चेतावनीः नायब तहसीलदार रचना यादव ने कहा कि महाशिवरात्रि और शब-ए-बरात दोनों ही महत्वपूर्ण पर्व हैं। सभी नागरिक आपसी भाईचारे के साथ इन त्योहारों का आनंद लें। पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रगति यादव ने सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की गैर-कानूनी गतिविधि या शांति भंग करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि परंपरा से हटकर कोई कार्य न करें, अन्यथा दोषियों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक में इनकी रही मौजूदगीः बैठक के दौरान मुख्य रूप से कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार मिश्रा, उपनिरीक्षक विजय प्रकाश तिवारी, अरविंद कुमार सिंह, अमरनाथ मौर्या, जोनिहा चैकी इंचार्ज अजीत सिंह तथा खजुहा चैकी इंचार्ज बृजेंद्र माथुर मौजूद रहे। क्षेत्र के गणमान्य नागरिकः शांति व्यवस्था बनाए रखने के संकल्प के साथ बालाजी सेवा न्यास के अध्यक्ष लक्ष्मी चंद्र उर्फ मोना ओमर, अनूप अग्रवाल, मोहम्मद इम्तियाज, जनता ग्राम प्रधान विजय कुमार चैरसिया, जाफराबाद ग्राम पंचायत प्रधानपति मिठाई लाल कुशवाहा सहित क्षेत्र के तमाम संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

# धर्मकांति सेवा ट्रस्ट के स्थापना दिवस पर उमड़ा उत्साह, समाजसेवियों का हुआ सम्मान

- मुख्य अतिथि बिंदकी विधायक जयकुमार सिंह जैकी ने मेधावियों को सराहा
- नर सेवा ही नारायण सेवा का मूल मंत्र- कंचन धर्मकांति



फतेहपुर। जनपद के बकंधा स्थित धर्मकान्ति सेवा ट्रस्ट के शाखा कार्यालय में रविवार को ट्रस्ट का स्थापना दिवस एवं भव्य सम्मान समारोह अत्यंत गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिंदकी विधायक जय कुमार सिंह जैकी ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।
विधायक ने सेवा कार्यों की सराहना कीः समारोह को संबोधित करते हुए विधायक जयकुमार सिंह जैकी ने कहा कि समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्गों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने धर्मकान्ति सेवा ट्रस्ट द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक चेतना के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। विधायक ने कहा कि ऐसी संस्थाएं सरकार और समाज के बीच सेतु का कार्य करती हैं, जिससे विकास की किरण अंतिम व्यक्ति तक पहुँचती है। विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव नयन गिरि ने ट्रस्ट की स्वास्थ्य सेवाओं और जागरूकता अभियानों को अनुकरणीय बताया।
युवा और बाल इकाई ने बिखेरी ऊर्जाः कार्यक्रम का विशेष आकर्षण ट्रस्ट की युवा इकाई और बाल इकाई के सदस्यों की सक्रिय उपस्थिति रही। उनकी ऊर्जा और अनुशासित भागीदारी ने पूरे आयोजन को जीवंत बना दिया। ट्रस्ट के संस्थापक कंचन धर्मकान्ति एवं मुख्य न्यासी संदीप कुमार धर्मकान्ति ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्था के भविष्य के संकल्पों को साझा किया।
इनकी रही सक्रिय भूमिकाः समारोह के सुव्यवस्थित संचालन में खंड इकाई नायक उदयभानु, जिला इकाई नायक अनुज एवं प्रदेश इकाई नायक हार्डी मौर्या की भूमिका सराहनीय रही। उनके नेतृत्व में सभी नायकों ने व्यवस्थाओं को बखूबी संभाला। कार्यक्रम में समाजसेवी अशोक तपस्वी, आदित्य तिवारी, सुनील राज, अभय सिंह यादव एवं सुमेश मनोज गुप्ता ने विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया।
पदाधिकारियों ने व्यक्त किया आभारः ट्रस्ट के पदाधिकारी कुलदीप शर्मा सहित सक्रिय सदस्य फैज़ान, उमेश, यासीन, सनी, सुमित, अंश, सत्यम, अल्ताफ, अमन, रेखा एवं धीर ने कार्यक्रम की सफलता में विशेष योगदान दिया। अंत में ट्रस्ट की ओर से सभी अतिथियों, सहयोगकर्ताओं एवं उपस्थित जनसमुदाय के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई।

## खबर एक नज़र

### सपा कार्यालय में श्रद्धा के साथ मनाई गई संत रविदास व संत नरहरी दास की जयंती

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी कार्यालय में रविवार को शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार महान संत रविदास जी व संत नरहरी दास जी की जयंती मनाई गई। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता एवं जिला महासचिव चै. मंजूर यार के संचालन में आयोजित गोष्ठी में सपाइयों ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।
गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि इन संतों ने समाज सुधार और मानवता के उद्धार के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनके विचार आज भी समाज का मार्गदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सपाइयों ने हिस्सा लेकर उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।
इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष वली उल्ला, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विपिन यादव, राम किशोर प्रजापति, नरेंद्र प्रजापति, रत्नेश रत्ना, वीरेंद्र साहू, आशीष नामदेव, राज बाबू यादव, अनिल यादव, सिद्धार्थ गौतम, आनंद गौतम, रिशु तिवारी, रवि गुप्ता, लवकुश, चंद्रमणि भास्कर, अंकित पायलट, कुलदीप कुमार, कमलेश कुमार एवं राम राज सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शक्ति सेवा भवन में दिव्य महाआरती संपन्न, गूँजे माता के जयकारे

- आगामी 04 व 05 अप्रैल को भद्रवास में होगा विराट अखण्ड श्री दुर्गा चालीसा पाठ

फतेहपुर। व्यसन और मांस मुक्त चरित्रवान समाज के निर्माण के संकल्प के साथ भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को शक्ति सेवा भवन में दिव्य महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवर श्री व माता भगवती के जयकारों और नित्य साधना के साथ हुआ।
शाखा के जिलाध्यक्ष राजेश त्रिपाठी ने संबोधित करते हुए कहा कि गुरुवर की विशेष कृपा से आगामी 4 व 5 अप्रैल को भद्रवास स्थित शक्ति सेवा भवन में विराट अखण्ड श्री दुर्गा चालीसा पाठ आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी मत-पंथ के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने का आह्वान किया। दल प्रमुख शिवशंकर उत्तम ने गुरुवर के निर्देशों का पालन करते हुए मानव जीवन को सफल बनाने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन शिवम त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर अवधेश गुप्ता, अवधेश चैहान, अजय कुशवाहा, मेवालाल, अवधेश त्रिपाठी, राजकुमारी तिवारी, शशी गुप्ता एवं प्रभा श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

### किसान पार्टी के प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन, समस्याओं के समाधान का लिया संकल्प

- जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संगठन को दी गति

फतेहपुर। किसान पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन समारोह रविवार को उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को एक मंच पर संगठित कर उनकी खाद, बीज, विद्युत, सिंचाई और ऋण संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना रहा।
इससे पूर्व पदाधिकारियों ने डाक बंगला चैराहे पर स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। पीके उमराव ने संगठन की मजबूती और किसानों की समस्याओं के निराकरण पर जोर दिया। प्रदेश अध्यक्ष रंजीत सिंह पटेल एवं जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार भोला सिंह का भव्य स्वागत किया गया।
इस मौके पर राम दरोगा, रमेश पटेल, महेंद्र पटेल, सुरेश पटेल, राम सिंह, मोहम्मद सईद प्रधान, डॉ. दिनेश पटेल, वीरेंद्र पटेल, सुग्गु महाराज, सुनील पटेल, अरुण तिवारी, डॉ. आरबी पाल, माघी सिंह, दलजीत सिंह, पंकज सिंह, डॉ. राजेंद्र कुमार, मन्ना सिंह, अजय पटेल, रितेश दुबे, अवनीश सिंह पटेल, राजवीर सिंह, सोनेलाल, बिंद्रेश पटेल, तैहात अली अधिवक्ता, रामप्रसाद उत्तम, सोनू पटेल, अशोक पटेल और बुद्धिमान सिंह सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

### किसानों को तीन प्रतिशत ब्याज पर 11 लाख का ऋण देगी सरकार

खागा (फतेहपुर)। कृषक समृद्धि आयोग के सदस्य एवं दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री कुलवंत सिंह ने रविवार को खागा डाक बंगले में पत्रकारों से वार्ता करते हुए सरकार की किसान कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किसानों की आय बढ़ाने हेतु सहकारी बैंकों के माध्यम से मात्र तीन प्रतिशत ब्याज दर पर ग्यारह लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।
उन्होंने कहा कि गोशालाओं के सुदृढ़ीकरण और प्रधानमंत्री उर्वरक केंद्रों के माध्यम से खाद की सुलभता सुनिश्चित की जा रही है। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी कृषि देवेंद्र मिश्र ने उन्नत बीज और आधुनिक खेती की तकनीकों की जानकारी दी। राज्यमंत्री ने किसानों से इन योजनाओं का लाभ उठाकर आर्थिक रूप से समृद्ध होने की अपील की।

### विराट हिंदू सम्मेलन में गूँजा एकता का मंत्र, उमड़ा जनसैलाब

खागा (फतेहपुर)। नगर के गढ़ी मोहल्ला स्थित अमर शहीद ठाकुर दरियाव सिंह स्मारक परिसर में रविवार को श्विराट हिंदू सम्मेलनश् का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलन व महानायकों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गायत्री परिवार के महंत ज्ञानेंद्र बाबा ने अपने ओजस्वी विचारों से हिंदू समाज को संगठित होने का संकल्प दिलाया।
कार्यक्रम में सह संघ प्रचारक प्रमुख कृष्ण स्वरूप सिंह एवं बस्ती प्रमुख दिलीप सिंह ने भी विचार रखे। विद्यालयी बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने हिंदुत्व की अलख जगाई। इस मौके पर अशोक सिंह, जगतपाल, नंदलाल सहित भारी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### माघ पूर्णिमा स्नान : गंगा घाटों पर सुरक्षा के रहे कड़े प्रबंध

फतेहपुर। माघ पूर्णिमा स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में थाना सुल्तानपुर घोष एवं हुसैनगंज के प्रभारी निरीक्षकों ने गंगा घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।
निरीक्षण के दौरान घाटों पर भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंध और पुलिस बल की तैनाती का परीक्षण किया गया। श्रद्धालुओं का स्नान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। प्रभारी निरीक्षकों ने तैनात पुलिसकर्मियों को निरंतर सतर्क रहने के निर्देश दिए। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन लगातार निगरानी बनाए हुए है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने फांसी लगाकर दी जान

फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के ग्राम काशीदासपुर टिकरी में शनिवार दोपहर एक 22 वर्षीय युवती ने घर के भीतर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों ने जब कनकलता पुत्री धनराज का शव फंदे पर लटकता देखा तो घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया है। मृतका के भाई कमलेश ने आत्महत्या के कारणों के विषय में अनभिज्ञता जताई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### साक्ष्यों के अभाव में हत्यारोपी की जमानत मंजूर

**फतेहपुर।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधीर कुमार-5 ने हत्या के एक मामले में साक्ष्यों के अभाव को देखते हुए अभियुक्त कमलेश कुमार की जमानत अर्जी मंजूर कर ली है। वरिष्ठ अधिवक्ता जावेद खान और उनके साथी शोएब खान ने अभियुक्त की ओर से पैरवी करते हुए अदालत में तर्क दिया कि कथित घटना की चिकित्सीय साक्ष्य से पुष्टि नहीं हो रही है।
मामला हथगांव थाना क्षेत्र के ग्राम इदरीशपुर नाथूपुर का है, जहाँ 26 नवंबर 2025 को नरेंद्र कुमार के साथ मारपीट की बात कही गई थी, जिनकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। मृतक की मां शकुंतला देवी की शिकायत पर पुलिस ने कमलेश के विरुद्ध धारा 105 (बीएनएस) के तहत मुकदमा दर्ज किया था। अदालत ने अधिवक्ताओं के तर्कों को स्वीकार करते हुए जमानत का आदेश पारित किया।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## ठोस-सशक्त आधार

आगामी वित्तीय वर्ष के लिए उम्मीदों के रंग को गाढ़ा करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत अर्थव्यवस्था की तस्वीर पिछले वर्षों से उठाए जा रहे सधे कदमों को और गति देने की दिशा में ठोस तथा दूरदर्शितापूर्ण प्रयास है। सबसे सबल पक्ष तेज रफ्तार विकास के लिए आशिकी के साथ आम क्रियाकलापों को और अधिक समाहित करने को भरपूर प्रोत्साहन देना है। रक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, विज्ञान, शिक्षा, कला, खेल आदि को महत्व देना इसमें शामिल है। शहर के साथ ग्रामीण विकास के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर को और मजबूती देने का प्रयास भी स्पष्ट दिखाई देता है। इस समय के सबसे महत्वपूर्ण रक्षा क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाने के लिएरुपए का प्रावधान सरकार की प्राथमिकता को स्पष्ट करता है। यह भारत के प्रति द्वेष भाव रखने वाले पड़ोसियों को उतना ही स्पष्ट संदेश भी है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा ठोके गए अतिरिक्त पचीस प्रतिशत शुल्क से निपटने के लिए भी बड़ी गहराई से कदम उठाने के प्रस्ताव बजट में हैं। रुपए में गिरावट तथा सोने चांदी के दामों में उतार-चढ़ाव को संभालने के प्रयास भी किए गए हैं। देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयां देने वाले औद्योगिक क्षेत्र के विभिन्न पक्षों को स्वाभाविक रूप से वैश्विक प्रतिस्पर्धा के समानांतर बनाने की दिशा में भूतपूर्व प्रावधान वित्त मंत्री की दूरगामी सोच को उजागर करते हैं। विज्ञान एवं अंतरिक्ष विज्ञान में भारत विकसित देशों के बराबर आने की स्थिति में है जिसे बढ़ाने को भी अधिकतम महत्व दिया गया है। पिछले करीब पांच वर्षों के दौरान हमारे युवा खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तरों पर अपनी भरपूर धाक जमा कर पोडियम पर आते रहने का सिलसिला कायम कर रखा है। खुद प्रधानमंत्री भी इन सफलताओं के कायल होते रहे हैं। नए बजटीय प्रावधानों से निश्चित ही यह क्रम अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा। विकास को अधिकतम तेजी तथा आम जन को अधिकतम राहत इसका मूल मंत्र है। यह जरूर है कि महंगाई, बेरोजगारी और असमान आय जैसी समस्याओं के उतने स्पष्ट उपाय अभी भी नहीं मिल पाए हैं। लेकिन ये एक ही झटके में हल भी तो नहीं हो सकतीं। संक्रमण काल से गुजर रही अर्थव्यवस्था में इनका थोड़े या अधिक रूप में बने रहना अधिकांशतः देखा गया है। समग्र, समावेशी एवं गंभीर चिंतन के निष्कर्षों तथा व्यापक एवं परिपक्व दूरदर्शितापूर्ण रणनीतियों पर आधारित यह लेखा-जोखा निश्चित ही देश की भावी उपलब्धियां के लिए सशक्त व ठोस आधार के रूप में सामने आएगा।

## खुद भी सतर्क रहें

अपराधों के प्रति नो टॉलरेंस की यूपी सरकार की नीति प्रदेश भर में काफी प्रभावी साबित हुई है। पुलिस महकमे की विभिन्न शाखाओं ने इन्हें रोकने के लिए चुस्ती और सतर्कता ही नहीं दिखाई बल्कि पूरी रणनीति के साथ अपराधियों से चार कदम आगे चलते हुए उन्हें उनके अंजाम तक पहुंचा रही हैं। लेकिन ऐसे भी कई लोग हैं जो अपनी ज़रूरतें या शौक पूरे करने के लिए चेन और पर्स लूट या छोटी-मोटी चोरियां करने में नहीं हिचकते। सुबह मॉर्निंग वॉक या रात में खाना खाने के बाद घर से बाहर टहलने निकलने वाले ऐसी वारदातों के शिकार अधिक बन रहे हैं। बाजार या मंदिर जाने वाली महिलाएं भी इनका निशाना बनती हैं। इन वारदातों में मोबाइल, सोने की चेन या पर्स छीनने का मकसद पूरा करने के लिए मोटरसाइकिल पर आना और झपट्टा मार कर लूट लेने का तरीका अपनाया जाता है। अन्य अपराधों की तरह ये घटनाएं भी किसी तरह उचित नहीं ठहराई जा सकतीं। समस्या यह है कि कॉलोनी और मोहल्ले में यह घटनाएं ज्यादा होती है जहां सुबह या रात के वक्त ज्यादा भीड़भाड़ नहीं रहती और वहां रहने वाले ज्यादा बेफिक्र होते हैं। इसलिए यह अंदेशा भी नहीं रहता कि कोई बाइक से आकर झपट्टा मारेगा और गायब हो जाएगा। यह भी सही है कि इन सभी जगह पर पुलिस की मौजूदगी सुनिश्चित नहीं की जा सकती। हालांकि आजकल जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से इस तरह के झपट्टा मारने वाले पकड़े जा रहे हैं लेकिन सभी घटनाओं में ऐसा नहीं हो पाता। इन्हीं दो बातों का फायदा उठाते हुए ऐसी घटनाएं लगातार हो रही है। तब जरूरी है कि पुरुषों और महिलाओं सहित सभी लोग इस बारे में भी सतर्कता बरतें। ठीक उसी तरह जैसे सड़क पर चलते हुए कोशिश रहती है कि किसी वाहन से टकराने न पाएं, गड्ढों से बचकर चले ताकि उनमें गिरना या ऐसे ही अन्य सावधानियां। ऐसी कोई स्थिति बनने ही न पाए जिसमें कोई झपट्टा मार हरकत करने में कामयाब हो सके। सामूहिक रूप से इस सतर्कता के लिए जागरूक होना भी अब जरूरी है। इसका असर लोगों पर खुद ही दिखने दिखाई देने लगेगा।

## काँव-काँव

♦♦♦

**सुनेत्रा पवार बन गयीं महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री**
भाजपा समर्थित वंशवाद लोकतांत्रिक होता है!

**मेरी सिर्फ एक ही पार्टी है कांग्रेस -शशि थरूर**
और सिर्फ एक ही आदर्श नेता है नरेंद्र मोदी!

**बंगाल में एसआईआर से घुसपैठिये बाहर-शाह**
चुनाव आयोग नागरिकता जांच नहीं मानता!

**मोदी सरकार सलाह बिना फैसले ले रही-कांग्रेस**
सर्जिकल स्ट्राइकों का विश्व कीर्तिमान बनाना है!

**उन्नीस सौ करोड़ से बनेगा राममंदिर-नृपेंद्र मिश्रा**
रामभक्तों पर गोली चलवाना फायदेमंद रहा!

**आपसी नफरतों में फंसे पुतिन और जेलेंस्की-ट्रंप**
दो बिल्लियों की लड़ाई में बंदर का फायदा!

♦♦♦

# विकसित भारत की नींव रखने वाला साहसिक बजट

**यकीनन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत वित्त वर्ष 2026-27 के बजट की तस्वीर में यह उभरकर दिखाई दे रहा है कि यह बजट आम आदमी के लिए राहत और विकसित भारत के लिए साहसिक सुधारों को आगे बढ़ाने वाला ऐतिहासिक बजट है। इस बजट में वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रस्तुत सुधारों की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए तीन कर्तव्यों पर बजट को आधारित किया है। इनमें उत्पादकता और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ना, लोगों की आशंकाओं को पूरा करने के लिए क्षमता निर्माण और सबका साथ, सबके विकास के मद्देनजर ढांचागत सुधार के साथ प्रगति करना शामिल है। इस बजट में रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय 12.2 लाख करोड़ रुपए सुनिश्चित किए गए हैं।**

यकीनन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत वित्त वर्ष 2026-27 के बजट की तस्वीर में यह उभरकर दिखाई दे रहा है कि यह बजट आम आदमी के लिए राहत



डॉ. जयंतीलाल भंडारी

और विकसित भारत के लिए साहसिक सुधारों को आगे बढ़ाने वाला ऐतिहासिक बजट है। इस बजट में वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रस्तुत सुधारों की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए तीन कर्तव्यों पर बजट को आधारित किया है। इनमें उत्पादकता और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ना, लोगों की आशंकाओं को पूरा करने के लिए क्षमता निर्माण और सबका साथ, सबके विकास के मद्देनजर ढांचागत सुधार के साथ प्रगति करना शामिल है। इस बजट में रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय 12.2 लाख करोड़ रुपए सुनिश्चित किए गए हैं। यद्यपि बजट के तहत इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन एक अप्रैल 2026 से नया आयकर अधिनियम लागू किया जाना सुनिश्चित करके आयकर संबंधी प्रक्रिया को सरल बनाया गया है और आयकर भरना आसान किया गया है। बजट के नए प्रावधानों से बुनियादी ढांचा, छोटे शहर, एमएसएमई, शिक्षा, पर्यटन और सर्विस सेक्टर जैसे क्षेत्रों में नई पीढ़ी के लिए रोजगार के व्यापक मौके बढ़ेंगे। खास बात यह भी है कि आगामी वर्ष के बजट के तहत वित्त मंत्री राहत और विकास के बीच सूझबूझ पूर्ण संतुलन बनाते हुए राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 फीसदी के स्तर पर सीमित रखने और सात फीसदी से अधिक विकास दर पाने की रणनीति के साथ आगे बढ़ते हुए दिखाई दी हैं। गौरतलब है कि नए बजट के तहत वित्त मंत्री ने वैश्विक आर्थिक अनिश्चिता, भू राजनीतिक तनाव और वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में धीमेपन के बीच अगली पीढ़ी के सुधार, नीतिगत स्थिरता व दीर्घकालीन विकास की रणनीति के साथ घरेलू मांग की मजबूती पर्यावरण नवाचार, उद्यमिता बुनियादी ढांचा, कृषि विकास, गरीब, युवा, महिला और किसान वर्ग के लिए राहत के प्रभावी प्रावधानों के साथ मैन्युफैक्चरिंग, सेवा क्षेत्र रक्षा, सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग (एमएसएमई) स्वदेशी प्रोत्साहन और हरित ऊर्जा पर बड़े ऐलान किए हैं। इनके साथ-साथ भारत को वैश्विक बायो फॉर्मा केंद्र बनाने, शहरी आर्थिक क्षेत्रों के निर्माण, नए राष्ट्रीय जल मार्ग, सात हाई स्पीड कोरिडोर, व्यापार सुंगमता, कंटेंनर निर्माण, बुजुर्गों के लिए मजबूत इकोसिस्टम, टीयर-2 और टीयर-3 शहरों के विकास के लिए प्रभावी प्रावधान किए गए हैं।

निश्चित रूप से वित्तमंत्री इस बजट के माध्यम से युवाओं के रोजगार बढ़ाने, कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, डिजिटल कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को रोजगार बाजार की उभरती जरूरतों के अनुरूप ढालने, प्रधानमंत्री कौशल मुद्रा योजना, ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ाने के लिए शिक्षण-प्रशिक्षण, निजी निवेश को प्रोत्साहित करने, वित्तीय समावेशन को बेहतर करने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने संबंधी प्रभावी प्रावधानों के साथ आगे बढ़ी हैं। नए बजट में हर क्षेत्र में आर्टिफिशल इटेंलिजेंस (एआई) को अहमियत हेतु प्रावधान किए गए है, ताकि भारत एआई का वैश्विक हब बन सके। चूँकि इस समय चीन, पाकिस्तान के साथ-साथ बांग्लादेश से भी देश की बाहरी सुरक्षा के खतरे बढ़े हैं, ऐसे में सुरक्षा क्षमता बढ़ाने के लिए बजट में अधिक धन का आवंटन किया गया है। वित्त मंत्री ने इस बजट में भारत को दुनिया के बाजार और अधिक प्रभावी रूप से जुड़ने और भारत को निर्यात का नया हब बनाने के लिए नई रणनीति प्रस्तुत की है। भारत को यूरोपीय संघ समेत विभिन्न देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के बाद दुनिया के बाजार में भारतीय उत्पादों की




बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बूस्ट करने के प्रोत्साहनमूलक प्रावधानों के साथ आगे बढ़ी हैं। इतना ही नहीं अमेरिका के द्वारा लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ से प्रभावित निर्यात क्षेत्रों को भी राहत देने के मद्देनजर वित्त मंत्री नए निर्यात प्रोत्साहनों की डगर पर आगे बढ़ते हुए दिखाई दी हैं। निश्चित रूप से वित्त मंत्री ने इस बजट में सीमा शुल्क के लिए जहाँ राहत दी है, वहीं सीमा शुल्क में सुधार भी किए है।

निश्चित रूप से वित्त मंत्री सीतारमण के द्वारा एक फरवरी को प्रस्तुत आगामी वित्त वर्ष 2026-27 का प्रस्तुत बजट कोई साधारण वार्षिक बजट नहीं है, बल्कि यह बजट देश के आर्थिक परिदृश्य को ऐतिहासिक मोड़ देने वाला बजट है। उम्मीद करें कि इस बजट से जहाँ देश में साहसिक सुधारों का नया युग शुरू होगा, वहीं आम आदमी के लिए अधिक राहत और देश के लिए तेज विकास का नया परिदृश्य निर्मित होगा। उम्मीद करें कि एक ओर वित्त मंत्री वर्ष 2026-27 के बजट के बजट के लक्ष्य के तहत राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.3 फीसदी तक रखने में कामयाब होगी। उम्मीद करें कि इस अभूतपूर्व बजट से देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ेगी और यह बजट देश को वर्ष 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने वाला और 2047 तक विकसित भारत बनाने की नींव रखने वाला बजट सिद्ध होगा।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### पंचम अध्याय

(गतांक से आगे)

(रामचरितमानस, 7/119/3) - परम प्रकाशरूप है। है तो, किन्तु हमारे उपभोग के लिये तो नहीं है, दिखायी तो नहीं देता? जब ज्ञान द्वारा अज्ञान का आवरण हट जाता है तो उसका वह ज्ञान सूर्य के सदृश परमात्मा को अपने में प्रवाहित कर लेता है। फिर उस पुरुष के लिये कहीं अन्धकार नहीं रह जाता। उस ज्ञान का स्वरूप क्या है?-

तद्बुद्धयस्तदात्मानस्तन्निष्ठास्तत्परायणाः । गच्छन्त्यपुनरावृत्तिं ज्ञाननिर्धूतकल्मषाः ।।17।।

जब उस परमतत्त्व परमात्मा के अनुरूप बुद्धि हो, तत्त्व के अनुरूप प्रवाहित मन हो, परमतत्त्व परमात्मा में एकीभाव से उसकी रहनी हो और उसी के परायण हो, इसी का नाम ज्ञान है। ज्ञान कोई बकवास या बहस नहीं है। इस ज्ञान द्वारा पापरहित हुआ पुरुष पुनरागमनरहित परमगति को प्राप्त होता है। परमगति को प्राप्त, पूर्ण जानकारी से युक्त पुरुष ही पण्डित कहलाते हैं। आगे देखें-

विद्याविनयसम्पन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि । शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः ।।18।।

ज्ञान के द्वारा जिनका पाप शमन हो चुका है, जो 'अपुनरावर्ती परमगति' को प्राप्त हैं, ऐसे ज्ञानीजन विद्या-विनययुक्त ब्राह्मण तथा चाण्डाल में, गाय और कुत्ते में तथा हाथी में समान दृष्टिवाले होते हैं। उनकी दृष्टि में विद्या-विनययुक्त ब्राह्मण न तो कोई विशेषता रखता है और न चाण्डाल कोई हीनता रखता है। न गाय धर्म है, न कुत्ता अधर्म और न हाथी विशालता ही रखता है। ऐसे पण्डित, ज्ञाताजन समदर्शी और समवर्ती होते हैं। उनकी दृष्टि चमड़ी पर नहीं रहती, बल्कि आत्मा पर पड़ती है। अन्तर केवल इतना है, विद्या-विनयसम्पन्न स्वरूप के समीप है और शेष कुछ पीछे हैं। कोई एक मंजिल आगे है, तो कोई पिछले पड़ाव पर। शरीर तो वस्त्र है। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦


**दानशक्ति प्रिय बोलिबो, धीरज उचित विचार ।**
**ये गुण सीखे ना मिलैं, स्वाभाविक हैं चार ।।**

मनुष्य के अंदर कुछ गुण स्वंय से उत्पन्न होते हैं। जैसे दान करना, मीठी बातें करना, लोगों की सेवा करना, समय पर सही-गलत का निर्णय लेना। इसे कहीं और से नहीं सिखा जा सकता।

♦♦♦

# तो इन्हें सताता है देश की बदनामी का डर?

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारतीय जनता पार्टी के नेता व समर्थक अक्सर यह आरोप लगाते रहते हैं कि वे विदेशी की धरती पर



-तनवीर जाफ़री

भारतीय राजनीति, संस्थानों चुनाव आयोग, न्यायपालिका या भारतीय मीडिया व सरकार की आलोचना करके देश की छवि को ख़राब करते रहते हैं। इतना ही नहीं बल्कि भाजपा इसे 'देश-विरोधी' या 'भारत को बदनाम करने' की साज़िश तक बताती है। सवाल यह है कि आख़िर किन बातों से देश की बदनामी होती है और बदनामी और नेकनामी का पैमाना है क्या? याद कीजिये जब राहुल गांधी ने 2023 में कैंब्रिज यूनिवर्सिटी (यू के) में कहा कि भारत में विपक्ष को दबाया जा रहा है और चीन का ख़तरा समझा नहीं जा रहा है। इसमें राहुल ने क्या ग़लत कहा था? परन्तु भाजपा ने राहुल के इस सच्चाई भरे वक्तव्य को 'भारत को बदनाम करना' बताया था। इसी तरह जब 2023 में कोलंबिया की एक यूनिवर्सिटी में राहुल ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र पर 'हमला' हो रहा है और कुछ बड़े व्यापारियों का अर्थव्यवस्था पर क़ब्ज़ा है तब भी भाजपा ने इसे राहुल द्वारा 'विदेशी धरती पर भारत को बदनाम करना' बताया था। अभी कुछ समय पूर्व ही जब राहुल गाँधी ने बर्लिन (जर्मनी) में चुनाव आयोग पर सवाल उठाए और कहा कि हरियाणा चुनाव में धांधली हुई उस समय भी भाजपा ने इसे 'संस्थानों को बदनाम करने की साज़िश' बताया था। राहुल गाँधी के ऐसे आरोपों से भाजपा इतना तिलमिला जाती है कि वह राहुल की आलोचना को 'एंटी-इंडिया फ़ोर्सेज़' से जोड़कर कांग्रेस को कमज़ोर करने की कोशिश करने लगती है। यहाँ तक कि कुछ भाजपा नेता इसे 'चाइना की तारीफ़' या 'विदेशी हस्तक्षेप' को आमंत्रित करने तक के रूप में परिभाषित कर देते हैं। भाजपाई कहते हैं कि इससे भारत की 'ग्लोबल इमेज' ख़राब होती है। इस विषय पर कांग्रेस व राहुल गाँधी का कहना है कि वे सिर्फ़ 'सच्चाई' बोलते हैं,और आलोचना लोकतंत्र का हिस्सा है। लिहाज़ा राहुल भाजपा के आरोपों को ख़ारिज करते हुए कहते हैं कि चीन जैसे मुद्दों पर तो मोदी ख़ुद ही विदेश में भारत को बदनाम करते हैं। कुछ का मत है कि राहुल विदेश में कुछ नया नहीं कहते,वे भारत में भी यही कहते हैं। कांग्रेस के अनुसार समस्या चुनावी प्रक्रिया में है, न कि आलोचना में। कांग्रेस इसे 'साइलेंट करने' की कोशिश बताती है। और सच भी है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक नेता प्रायः विदेश में अपनी सरकार की आलोचना करते हैं, और यह 'फ्री स्पीच' का हिस्सा माना जाता है। इससे देश की बदनामी नहीं होती, बल्कि इससे किसी भी देश के लोकतान्त्रिक मूल्य नज़र आते हैं। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह भी कि ऐसे भी कोई प्रमाण नहीं है कि विदेश में की गयी राहुल की बातों से भारत की अर्थव्यवस्था, निवेश या कूटनीति पर कभी कोई नकारात्मक प्रभाव पड़ा हो। सरकार ख़ुद ही तो बताती रहती है कि भारत की जी डी पी ग्रोथ और ग्लोबल रैंकिंग मज़बूत बनी हुई है?

इसी तरह राहुल गांधी व कांग्रेस के कई नेता नरेंद्र मोदी पर भी यह आरोप लगा चुके हैं कि वे विदेशी धरती पर भारत या पिछले 70 वर्षों के शासन की आलोचना कर देश को बदनाम करते हैं। नरेंद्र मोदी ने 2014 से 2023 के दौरान देश विदेश में कई बार यह दोहराया कि 'पिछले 70 सालों में भारत में कुछ ख़ास नहीं हुआ', 'पहले



लोग भारत में जन्म लेना दुर्भाग्य मानते थे', या '70 साल में विकास नहीं हुआ'। इसी तरह मोदी ने 2022 में रूस में एक कार्यक्रम में भारत के पिछड़ापन, ग़रीबी या पिछली सरकारों की कमियों पर बात की थी। अमेरिका, यूके या अन्य देशों में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए मोदी ने अक्सर पूर्व सरकारों की 'कमज़ोर विदेश नीति', उनके 'घोटालों' या उस दौर में 'विकास की कमी' पर ज़ोर दिया है। कांग्रेस भी मोदी की इन बातों को 'भारत की बदनामी' बताती है। कांग्रेस के अनुसार, मोदी ने कम से कम 4-5 बार विदेश में ऐसा कहा कि कांग्रेस शासन में 'भारत को दुनिया ने गंभीरता से नहीं लिया' या 'पिछले शासकों ने देश को कमज़ोर बनाया' आदि । कांग्रेस इसे भारत और भारतीयों ख़ास तौर से पिछली पीढ़ियों का अपमान मानती है, क्योंकि यह कांग्रेस के शासन काल को नकारात्मक रूप से पेश करता है। राहुल गांधी ने 2023 में लंदन में कहा भी था कि मोदी ख़ुद विदेश में भारत को बदनाम करते हैं, क्योंकि वे हर भारतीय, उनके माता-पिता और दादा-दादी का अपमान करते हैं। ऐसे में यह समझना भी ज़रूरी है कि दरअसल सत्ता व विपक्ष के उपरोक्त आरोपों प्रत्यारोपों से ही देश की बदनामी होती है या फिर इसतरह के आरोप प्रत्यारोप ही एक दूसरे नेताओं व उनके दलों को नीचा दिखाने व उन्हें जनता में बदनाम करने जैसा एक षड्यंत्र मात्र है? या फिर वास्तव में जनता को इस तरह की बहस में उलझाकर उन वास्तविक समस्याओं व विषयों पर पर्दा डालने का प्रयास है जिससे हक़ीक़त में देश की बदनामी होती है? क्या ग़लत कहते है राहुल गांधी कि चुनाव आयोग संदिग्ध है? वे चुनाव आयोग सामने कितने सबूत पेश कर चुके जिनका कोई जवाब नहीं आया? क्या देश के अनेक महत्वपूर्ण संस्थानों व संसाधनों पर अडानी का क़ब्ज़ा नहीं होता जा रहा? क्या सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग विपक्ष को परेशान करने के लिये नहीं किया जा रहा? जब देश में मॉब लिंचिंग होती है तो क्या देश की बदनामी नहीं होती? देश में सत्तारूढ़ दल की ओर से मंत्री व मुख्यमंत्री स्तर के लोग खुले आम साम्प्रदायिकता फैलाने वाली बातें कर ओछी राजनीति करते हैं तो क्या देश की बदनामी नहीं होती? देश की राजनीति को संविधान से अलग हटकर सांप्रदायिकता के रंग में चलाने के प्रयास क्या देश की बदनामी का कारण नहीं?

## प्रेरक प्रसंग

### परिश्रम और भाग्य

एक पान वाला था। जब भी पान खाने जाओ ऐसा लगता कि वह हमारा ही रास्ता देख रहा हो। हर विषय पर बात करने में उसे बड़ा मज़ा आता। कई बार उसे कहा की भाई देर हो जाती है जल्दी पान लगा दिया करो पर उसकी बात ख़त्म ही नही होती।

एक दिन अचानक कर्म और भाग्य पर बात शुरू हो गई। तक़दीर और तदबीर की बात सुन मैनें सोचा कि चलो आज उसकी फ़िलासफ़ी देख ही लेते हैं। मैंने एक सवाल उछाल दिया।

मेरा सवाल था कि आदमी मेहनत से आगे बढ़ता है या भाग्य से?

और उसके जवाब से मेरे दिमाग़ के सारे जाले ही साफ़ हो गए।

कहने लगा,आपका किसी बैंक में लाकर तो होगा? उसकी चाभियाँ ही इस सवाल का जवाब है। हर लाकर की दो चाभियाँ होती हैं।

एक आप के पास होती है और एक मैनेजर के पास।

आप के पास जो चाभी है वह है परिश्रम और मैनेजर के पास वाली भाग्य।

जब तक दोनों नहीं लगतीं ताला नही खुल सकता।

आप कर्मयोगी पुरुष हैं ओर मैनेजर भगवान।

आप को अपनी चाभी भी लगाते रहना चाहिये। पता नहीं ऊपर वाला कब अपनी चाभी लगा दे। कहीं ऐसा न हो की भगवान अपनी भाग्यवाली चाभी लगा रहा हो और हम परिश्रम वाली चाभी न लगा पायें और ताला खुलने से रह जाये..!!

## आपका पत्र मिला

### विकसित भारत की राह का दूरगामी सोच वाला बजट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार नौवीं बार और भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में पहली बार रविवार, एक फरवरी को देश का बजट प्रस्तुत कर यह स्पष्ट कर दिया है कि केंद्र सरकार की प्राथमिकता तात्कालिक लोकलुभावन घोषणाओं से अधिक दीर्घकालीन राष्ट्र निर्माण है। आज़ादी की 75वीं वर्षगांठ से पहले भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में यह बजट एक ठोस संकेत देता है । इस बजट की सबसे महत्वपूर्ण और मानवीय घोषणा कैंसर व दुर्लभ बीमारियों में प्रयुक्त जीवनरक्षक दवाओं पर आयात शुल्क समाप्त करना रही, जिससे लाखों मरीजों को सीधी राहत मिलेगी। जबकि विपक्ष हमेशा सरकार पर आम आदमी की उपेक्षा का आरोप लगाता रहा है, यह निर्णय उस आरोप को कमजोर करता है। सरकार ने यह भी साफ किया है कि भारत को केवल इलाज का केंद्र ही नहीं, बल्कि विश्वसनीय मेडिकल टूरिज्म हब बनाने की रणनीति पर काम किया जा रहा है। भारत की चिकित्सा सेवाएं पहले से ही दुनिया के कई विकसित देशों की तुलना में सस्ती और प्रभावी हैं। इसी क्षमता को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से बजट में तीन नए एम्स और पाँच मेडिकल हब स्थापित करने का प्रावधान किया गया है। इससे न केवल स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ेंगी, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार भी सृजित होंगे जिस पर विपक्ष अक्सर सरकार को घेरता रहा है । महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत की बात करते हुए सरकार ने देशभर के जिलों में बालिकाओं के लिए गर्ल्स हॉस्टल निर्माण का निर्णय लिया है। यह फैसला उन आलोचकों के लिए जवाब है जो सरकार को केवल चुनावी राजनीति तक सीमित बताते हैं। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उठाए गए कदम इस बजट की एक और मजबूत कड़ी हैं।

अरविंद रावल
वाया ई-मेल

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**

आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**

**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# भारत की पहली महिला जिसने फाइटर जेट उड़ाया



इस वर्ष 26 जनवरी की परेड में महिला सशक्तिकरण का शानदार नजारा दिखा। एयरफोर्स से लेकर नौसेना की झांकी से लेकर एयरफोर्स और सीआरपीएफ तक महिला अधिकारियों ने नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया। सशस्त्र सुरक्षा बलों में महिलाओं की स्थिति लगातार मजबूत हो रही है। इन्हीं सशक्त महिलाओं में से एक फ्लाइट लेफ्टिनेंट अवनी चतुर्वेदी का नाम एयरफोर्स के इतिहास में दर्ज हो गया है। फ्लाइट लेफ्टिनेंट अवनी चतुर्वेदी भारत की पहली महिला फाइटर पायलटों में से एक हैं। साथ ही पहली भारतीय महिला हैं जिसने फाइटर जेट को सोलो उड़ाया। यह सिर्फ़ एक उपलब्धि नहीं थी, यह भारतीय सोच की सीमा को चीरने वाला पल था। आइए जानते हैं पायलट अवनी चतुर्वेदी के बारे में।

भारत की पहली महिला फाइटर जेट पायलट कौन हैं?

उत्तर है फ्लाइट लेफ्टिनेंट अवनी चतुर्वेदी।

अवनी भारत की पहली महिला फाइटर पायलटों की तिकड़ी में शामिल थीं। पहली भारतीय महिला हैं जिन्होंने MiG-21 Bison को सोलो उड़ाया।

**अवनी चतुर्वेदी का प्रारंभिक जीवन**

अवनी चतुर्वेदी का जन्म 27 अक्टूबर 1993 को मध्य पदेश के रीवा ज़िले में हुआ।

य ह इ ला का कि सी एविएशन हब के लिए नहीं जाना जाता, लेकिन यहीं से एक इतिहास न

उड़ान भरी।



**अवनी चतुर्वेदी की शिक्षा**

स्कूली शिक्षा- देओस, मध्य प्रदेश
कॉलेज- बनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान। पढ़ाई के दौरान एनसीसी से जुड़ी और यहीं से वायुसेना का सपना पुख्ता हुआ।

**सपनों को मिला परिवार का सहारा**

अवनी चतुर्वेदी के पिता सतीश चतुर्वेदी, भारतीय सेना में अधिकारी रह चुके हैं और मां गृहिणी हैं। जब घर में अनुशासन और देशसेवा की समझ हो, तो बेटियां भी आसमान को लक्ष्य बनाती हैं।

**भारतीय वायुसेना में चयन का सफर**

2016 में भारतीय वायुसेना ने इतिहास रचा जब महिलाओं को पहली बार फाइटर स्ट्रीम में शामिल किया गया। इन महिलाओं में शामिल थी, अवनी चतुर्वेदी, भावना कांत और मोहना सिंह।

वायुसेना की इन

महिला अधिकारियों ने

हैदराबाद एयर फोर्स अकादमी से प्रशिक्षण लिया।

उनका स्ट्रीम फाइटर पायलट है।

एयरक्राफ्ट ट्रेनिंग Hawk Mk-132 है।

उनका चयन सिर्फ़ योग्यता के आधार पर हुआ। कोई रियायत नहीं, कोई शॉर्टकट नहीं।

ऐतिहासिक उपलब्धि- MiG-21 की सोलो उड़ान।

19 फरवरी 2018 को भारतीय वायुसेना के इतिहास का सुनहरा दिन था।

अवनी चतुर्वेदी ने MiG-21 Bison अकेले अंबाला एयरबेस से उड़ाया।

MiG-21 दुनिया के सबसे चुनौतीपूर्ण फाइटर जेट्स में गिना जाता है।

**करियर और जिम्मेदारियां**

अवनी चतुर्वेदी को फाइटर स्क्वाड्रन में तैनाती मिली।

एयर डिफेंस, इंटरसेप्शन और कॉम्बैट ट्रेनिंग में सक्रिय भूमिका निभाई।

ऑपरेशनल फाइटर पायलट के तौर पर कार्यरत रहीं।

**पुरस्कार और पहचान**

देश-विदेश में भारतीय महिला सशक्तिकरण की पहचान।

कई राष्ट्रीय मंचों पर सम्मान।

युवाओं, खासकर लड़कियों के लिए रोल मॉडल।

# निर्मला सीतारमण : साड़ी से सियासी संदेश?



इस बार कांजीवरम साड़ी... 8 साल में निर्मला सीतारमण ने साड़ी से कब क्या दिए सियासी संदेश? भारत में यूनियन बजट का दिन हमेशा एक हाई-प्रोफाइल इवेंट होता है, जिसे नागरिक, बिज़नेस और ग्लोबल इन्वेस्टर सभी देखते हैं. टैक्स से जुड़े ऐलानों, सरकारी खर्च और आर्थिक नीति पर सबकी नजर होती है. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस दिन के फैशन में एक और एलिमेंट जोड़ा है, जो कल्चर और हेरिटेज को दिखाता है। 1 फरवरी, 2026 को अपने लगातार नौवें बजट प्रेजेंटेशन के लिए, सीतारमण ने हाथ से बुनी हुई शानदार कांजीवरम साड़ी पहनी थी, सिल्क की है. यह साड़ी अपने चमकीलेरंगों, रिच टेक्सचर और सोने की ज़री के बॉर्डर के लिए मशहूर है.

पिछले कुछ सालों में साड़ी का सेलेक्शन सोच-समझकर किया गया है, जो भारत की क्षेत्रीय कपड़ा परंपराओं और स्थानीय बुनकरों की कला को लाइम-लाइट में लाती है.

कांचीवरम साड़ी- विरासत का प्रतीक

तमिलनाडु से संबंधित कांजीवरम साड़ी का इतिहास सदियों पुराना है. बजट के दिन इसे पहनकर, निर्मला सीतारमण न सिर्फ भारत की सांस्कृतिक विरासत को अपनाती हैं, बल्कि आधुनिक आर्थिक युग में पारंपरिक कारीगरी की अहमियत को भी बारीकी से उजागर करती हैं।

कांचीवरम साड़ियों को भारत की सबसे प्रतिष्ठित हाथ से बुनी सिल्क साड़ियों में गिना जाता है. अपने चमकीले रंगों, मोटी बॉर्डर और सोने की ज़री के काम के लिए.जानी जाने वाली ये साड़ियां सुंदरता और टिकाऊपन की पहचान हैं। अपने नौवें बजट के लिए कांचीवरम साड़ी चुनकर, निर्मला सीतारमण ने भारत की समृद्ध बुनाई परंपराओं को अहमियत दी है. इसके साथ ही, अपने प्रजेंटेशन में गरिमा और अधिकार का भाव भी जोड़ा है.

**साल-दर-साल वित्त मंत्री की स्पेशल साड़ी**

वित्त मंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान, निर्मला सीतारमण स्पेशल साड़ियां चुनने के लिए पहचानी जाती है।

**2025-** बिहार की मधुबनी की साड़ी, जिसमें मछली के मोटिफ थे. इसके जरिए क्षेत्रीय फोकस को उजागर किया गया।

**2024-** आंध्र प्रदेश और बंगाल की मंगलगीरी कॉटन और और टसर सिल्क ने क्षेत्रीय विकास का संकेत दिया।

**2023-** कसूती कढ़ाई वाली लाल इल्कल साड़ी, जो ताकत और निरंतरता का प्रतीक है।

**2022-** ओडिशा की बोमकाई साड़ी, जिसने ग्रामीण सशक्तिकरण को उजागर किया.

**2021-**तेलंगाना की पोचमपल्ली इकत ने महामारी के बाद लचीलेपन को दर्शाया.

**2020-** चमकीली पीली-सुनहरी सिल्क साड़ी।

**2019-**सुनहरे बॉर्डर वाली गुलाबी मंगलगीरी साड़ी।

निर्मला सीतारमण की हर साड़ी एक कहानी कहती है और 2026 के लिए कांजीवरम साड़ी मकसद के साथ फैशन की इस परंपरा को जारी रखती है।

# त्वचा से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा दिलाती है तुलसी



तुसली का धार्मिक महत्व तो आपने कई बार सुना होगा, लेकिन क्या आपको स्किन केयर में इसका इस्तेमाल मालूम है? बता दें, ये आपको त्वचा से जुड़ी कई समस्याओं जैसे पिंपल्स, दाग-धब्बे और ब्लैकहेड्स से छुटकारा दिला सकती है। आइए बिना देर किए जान लीजिए इसका इस्तेमाल और फायदे। ऐसे तुलसी दिलाएगी दमकती त्वचा : तुलसी में प्यूरिफाइंग गुण पाए जाते हैं। ऐसे में ये आपकी स्किन के पोर्स को डीप क्लीन तो करती ही है, साथ ही स्किन पर होने वाली रेडनेस और इरीटेशन से भी राहत दिलाती है। इसके लिए आप थोड़े पानी में इसकी कुछ पत्तियां डालकर उसे उबाल लें और रोजाना फेस वॉश के बाद इसे टोनर के रूप में यूज करें। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स स्किन से जुड़ी कई समस्याओं से निजात दिलाने का काम करते हैं। इसके लिए आप इसे सुखाकर इसका पाउडर बना लें और इसे मुलतानी मिट्टी और एलोवेरा जेल के साथ फेसपैक की तरह इस्तेमाल करें। आजकल के अनहेल्दी खान-पान में त्वचा पर पिंपल्स से हर कोई परेशान रहता है। इससे छुटकारा पाने के लिए आप तुलसी के पत्तों को पीसकर इसमें एक चुटकी हल्दी पाउडर और गुलाब जल मिलाकर चेहरे पर अप्लाई कर सकते हैं। इससे आपको कील-मुंहासों से छुटकारा मिल सकता है। अक्सर पिंपल्स जाने के बाद जो दाग-धब्बे चेहरे पर ठहर जाते हैं, उनसे छुटकारा पाने के लिए भी तुलसी का यूज काफी फायदेमंद है। इसके लिए आप एक मिक्सर में तुलसी के पत्ते, संतरे के छिलके और गुलाब जल मिलाकर इसके पेस्ट को चेहरे पर 15-20 मिनट के लिए लगा सकते हैं। इससे ये निशान धीरे-धीरे कम होने लगेंगे। ब्लैकहेड्स को हटाने के लिए भी आप तुलसी का यूज कर सकते हैं। इसके लिए आपको इसे नीम के कुछ पत्तों और शहद के साथ मिलाकर चेहरे पर लगाना है और 10 मिनट बाद धो लेना है। ये फेस पर आने वाले एक्सट्रा ऑयल के साथ-साथ आपकी स्किन को कई समस्याओं से निजात दिला सकता है।

# स्प्रिंग सीजन में ये ड्रेसेस होंगी कूल और स्टाइलिश?

थोड़े दिनों में ही स्प्रिंग सीजन शुरू होने वाला है और इस सीजन में महिलाएं अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए एक से एक आउटफिट पहनना पसंद करती हैं। अगर आप भी स्प्रिंग सीजन के लिए लेटेस्ट और ट्रेंडी ड्रेसेस तलाश रही हैं, तो यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसी लेटेस्ट और ट्रेंडी ड्रेसेस बताएंगे, जो स्प्रिंग सीजन में पहनने के लिए परफेक्ट रहेगी।

**शोल्डर स्ट्रेप मिडी लेंथ फ्लोरल प्रिंट ड्रेस**

अपनी खूबसूरती से सभी को अट्रैक्ट करने के लिए और स्प्रिंग सीजन के दौरान अपने लुक को परफेक्ट बनाने के लिए आप इस तरह की शोल्डर स्ट्रेप मिडी लेंथ फ्लोरल प्रिंट ड्रेस को शामिल कर सकती हैं। ऐसी ड्रेस आपको नजदीकी बाजार में किसी शॉप पर मिल जाएगी या आप इसे ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट से भी खरीद सकती हैं।

**ग्रीन फ्लोरल प्रिंट व्रैप स्टाइल ड्रेस**-अगर आपको एक से एक ड्रेस पहनना पसंद हैं और आप बदल-बदल कर ड्रेस ट्राई करती हैं, तो आपके लिए इस तरह की ग्रीन फ्लोरल प्रिंट व्रैप स्टाइल ड्रेस भी एक परफेक्ट ऑप्शन हो सकती हैं। इसे आप स्प्रिंग सीजन के दौरान पहनकर अपनी खूबसूरती को बढ़ा सकती हैं। इस तरह की ड्रेस स्प्रिंग सीजन में पहनने के लिए बेस्ट हो सकती हैं।



**ऑफ व्हाइट फ्लोरल प्रिंट ए-लाइन ड्रेस**

अगर आप स्प्रिंग सीजन में पहनने के लिए ड्रेस तलाश रही हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप इस खूबसूरत ऑफ व्हाइट फ्लोरल प्रिंट ए-लाइन ड्रेस को स्प्रिंग सीजन के दौरान पहनकर अपने कॉलेज या ऑफिस जा सकती हैं। ऐसे ड्रेस आपके लुक को स्टाइलिश और एलिगेंट टच देने में मदद करेंगी साथ ही आपकी खूबसूरती को भी बढ़ा देगी।

**फ्लोरल प्रिंट हॉल्टर नेक लेयर्ड ड्रेस**

अगर आप वर्किंग वुमन हैं और अपने लुक को स्टाइलिश बनाना चाहती हैं, तो स्प्रिंग सीजन के दौरान आप इस फ्लोरल प्रिंट हॉल्टर नेक लेयर्ड ड्रेस को ट्राई कर सकती हैं। ऐसी ड्रेस खासकर स्प्रिंग सीजन में पहनने के लिए एक बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। इसे आप नजदीकी बाजार से खरीद सकती हैं या ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट पर भी आपको मिल जाएगी।

# हिंदू एकता की बात : दिखावे के हाथी दांत!

देश की सत्ताधारी पार्टी भी खूब मज़ाकिया है।सामान्यतया हिंदू समाज में होली में हँसी ठिठोली चलती है और अंग्रेज़ी पद्धति पर चलें,तो पहली अप्रैल को एक दूसरे को मूर्ख बनाने की परम्परा है;किंतु अपनी सत्ता वाली पार्टी जब चाहती है दिल्लगी करने लगती है।उसके कर्णधारों को भ्रम है

**- रघोत्तम शुक्ल**

कि आम हिंदू बुद्धिहीन है,सिर्फ उनको यानी नेतावों को ही ब्रह्मा जी से सारी बुद्धि मिली है।अब देखिये-जगह जगह हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है।इनमें बैनर चाहे जो हो,वे सब है सत्त्ताधीशों के चट्टे बट्टे ही।इन मञ्चों से वक्तागण हिंदू एकता का आह्वान गला फाड़ फाड़ कर कर रहे हैं।इतना ही नही,कुछ ही दिन पहले सन्यासीनुमा नेता ने एक नारा दिया था,÷बटोगे तो कटोगे÷।इशारा साफ था कि सारे हिंदुवो !अगर एक और संगठित नहीं होगे,तो मुसलमान तुम्हें जीने नहीं देंगे।हालॉकि असलियत यह है कि सरकार खुद हिदू को बॉट रही है और उसका एकता का आह्वान सिर्फ इसलिये है कि संगठित होकर हमारी पार्टी के वोट बैंक बनो।वैसे रोजमर्रा के व्यावहारिक जीवॅन में लड़ो।लड़ने और सिर फुटौव्वल के मुद्दे हम देते रहेंगे।जरा सोचिये जब तक जातीय आरक्षण मौजूद है और हिंदू चार भागों मे बॅटा है और परस्पर उनके हित टकराते हैं,तबतक वे एक कैसे हो पायेंगे?पहले आरक्षणीय विभाजन से हिंदू के तीन विभाजन थे-दलित,अन्य पिछड़ा वर्ग और सामान्य।भाजपा/मोदी ने सामान्य के भी दो टुकड़े कर दिये।इसके द्वारा 10त्न गरीब सामान्य को हिस्सा देकर %जनरल% के प्रतिभावान युवकों के पैरों में बेड़ियॉ डाल दी गई।मालूम हो कि संविधान में यह व्यवस्था 10 वर्ष के लिये की गई थी,लेकिन अब यह द्रौपदी के चीर की तरह कभी न खत्म होने वाली हो गई है।ज्यादा नम्बर पाने वाला क्लर्क और कम नम्बर पाने वाला कलेक्टर बनाया जा रहा है।तब पारस्परिक द्रेष और डाह कैसे नहीं होगा!%हित अनहित पशु पक्षिहु जाना%।एक दलित ऐक्ट भी है,जिसमें उस वर्ग के कथित उत्पीड़न पर केवल उसके कह देने मात्र से गैर दलित की गिरफ्तारी हो जाती है।इतना घातक हथियार हिदू के एक वर्ग को दिया गया है,दूसरे हिदू वर्ग पर चलाने के लिये।यह दुष्ट कार्य कॉग्रेस सरकार ने किया था;कितु मोदी युग में सुप्रीमकोर्ट ने एक हलकी सी राहत दी थी,कि पहले जॉच करा ली जाय तब गिरफ्तारी हो;किंतु मोदी ने आनन फानन में इस रियायत को धूल चटा दी।पहले कानून बनाकर,फिर पैरवी करके अदालत से पलटवा दिया।यह है मोदी की सवर्ण विनाशिनी नीति!

इतनी मार से कराह रहे सवर्ण को नरेद्र जी ने यूजीसी नियमावली में परिवर्तन कर उच्च शिक्षण संस्थावों में,हाल ही में,सवर्ण पर एक भीषण प्रहार और किया था,जो फिलहाल सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्थगित कर दिया गया है।अंतिम निर्णय अभी बाकी है। उक्त परिस्थितियों मे सरकारी पार्टी और उसके अनुषांगिक संगठनों द्वारा किये जा रहे हिंदू सम्मेलन और हिदू एकता की पुकार केवल चुनाव में वोटों से उनकी झोली भरने का हथकण्डा ही है।सवर्ण वर्ग अपना अलग संघ बनाये और चुनाव में प्रत्याशी खड़े करके सदनों में पहुॅचाये।तभी उनकी कुछ आवाज़ होगी।इस मिशन में वह मुसलमानो को अपने साथ ले ले,क्योंकि मौजूदा सरकार का रवैया उनके प्रति भी बहुत उपेक्षा पूर्ण एवं त्रासक है।ये दोनो राम-सुग्रीव की तरह अत्याचार को पराजित कर सकते है।

# आंखों के डार्क सर्कल्स को दूर करने के लिए लाइफस्टाइल में करें ये बदलाव

आंखों के आस-पास होने वाले ये काले गहरे घेरे, डार्क सर्कल्स कहलाते हैं। डार्क सर्कल्स होने के कई कारण हो सकते हैं, जैसे आपकी लाइफस्टाइल, डाइट, स्क्रीन टाइम, कोई एलर्जी और सोने की आदतें आदि। इन वजहों से, डार्क सर्कल्स की समस्या हो सकती है और यह जल्दी ठीक भी नहीं होते। इसलिए जरूरी है कि हम इन आदतों में बदलाव करें ताकि डार्क सर्कल्स की परेशानी न झेलनी पड़े। आइए जानतें हैं किन हेल्दी आदतों की मदद से डार्क सर्कल्स से छुटकारा पाया जा सकता है। डार्क सर्कल्स की सबसे बड़ी वजह नींद पूरी न होना होता है। इसलिए रोज 7 घंटे की नींद जरूर लें और अपने सोने और उठने का टाइम फिक्स करें ताकि आपकी स्लीप साइकिल दुरुस्त रहे। डार्क सर्कल्स की एक वजह स्किन में मॉइस्चर की कमी भी है। आंखों के आस-पास की त्वचा का अक्सर ही हम ख्याल नहीं रखते। इसकी वजह से, आपकी आंखों के आस-पास का एरिया पिग्मेंटेड हो जाए। इसलिए रोज अपनी आंखों के आस-पास की त्वचा को भी मॉइस्चराइज करें। इसके अलावा, मॉइस्चराइज करने से आंखों के आस-पास फाइन लाइन्स की समस्या भी नहीं होती। शरीर में पानी की कमी की वजह से आपकी आंखों के पास डार्क सर्कल्स हो सकते हैं। इसलिए भरपूर मात्रा में पानी पीएं। पानी की कमी की वजह से, त्वचा में रूखेपन की समस्या भी हो सकती है। सूरज की रोशनी मेलानिन के प्रोडक्शन को बढ़ाती है, जिस वजह से आंखों के आस-पास पिग्मेंटेशन भी हो सकती है। इसलिए बाहर निकलने से पहले सन स्क्रीन लगाना न भूलें। इसके साथ ही, सन स्क्रीन आपकी त्वचा को हानिकारक यूवी किरणों से भी बचाता है। एंटी-ऑक्सिडेंट्स एंटी-ऑक्सिडेंट्स डार्क सर्कल्स की समस्या को कम करने में मदद कर सकते हैं। ये ऑक्सिडेटिव डैमेज को कम करने में भी मदद करते हैं। आप इसे अपनी डाइट में संतरा, कीवी, ब्रोकली आदि को शामिल कर सकते हैं।



**-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल**

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**सोमवार, 2 फरवरी, 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते हेमंत ऋतौ फाल्गुनी मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, प्रतिपदा तिथौ सोम वासरे 25/53/ आश्लेषा नक्षत्रे 22/48/ आयुष्मान योग 07/21/ बालव करणे 14/46/ सिंह राशिगत चन्द्रमा घं.22मि.48पर।

**व्रत एवं त्यौहार** - फाल्गुन मास कृष्ण पक्षारम्भ।

**मेष :** परिश्रम से ही महान कार्यों की सिद्धि होगी। दूसरों को आरोपित करना उचित नहीं होगा। शुभ कार्यों का परिणाम उत्साहवर्धक होगा। दुविधाएं समाप्त होंगी।

**वृष :** श्रेष्ठजनों का सहयोग रहेगा। रुके धन की प्राप्ति होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा। घरेलू सुख उत्तम रहेगा।

**मिथुन :** स्वास्थ्य नरम रहेगा। आकस्मिक व्यय होगा। कार्य बंधन से मन में खिन्नता रहेगी। वाद-विवाद व आरोप का भय होगा।

**कर्क :** रुके धन की प्राप्ति होगी। कारोबारी प्रगति होगी। स्वजन हित पीडा देंगे। निजी कार्यों में प्रगति होगी। प्रसन्न रहेंगे।

**सिंह :** रचनात्मक प्रवृत्ति बढ़ेगी। अधीनस्थों से उपेक्षा मिलेगी। वाणिज्यिक कार्यों पर व्यय बढ़ेगा। आस्था बढ़ेगी।

**कन्या :** संदेह और संकोच नष्ट हो जाएंगे। नवीन योजनाओं के प्रति उत्साह प्रबल होगा। मनस्ताप भी समाप्त होंगे।

**तुला :** कारोबारी विषमता दूर होगी। धन प्राप्ति का मार्ग बनेगा। सम्मान प्राप्ति होगी। चोट का भय रहेगा।

**वृश्चिक :** भविष्य की योजनाएं पूरी होंगी। अभिभावकों की मदद मिलेगी। नये संपर्कों पर व्यय होगा।

**धनु :** आय व्यय समानता रहेगी। स्वास्थ्य शिथिल रहेगा। मनोकूल कार्य की सिद्धि होगी। सश्रम सफलता मिलेगी।

**मकर :** जनसंपर्क बढ़ेगा। संचित धन व्यय होगा। पारिवारिक उलझनें बढ़ेंगी। वृद्ध परिजन को स्वास्थ्य हानि मिलेगी।

**कुंभ :** मित्रों से उपहार मिलेंगे। धार्मिक कृत्यों में आस्था होगी। पत्नी का सुख उत्तम रहेगा।

**मीन :** धार्मिक कार्यों में आस्था रहेगी। पराक्रमों में वृद्धि होगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। विशेष प्रयास सार्थक होंगे।

# संतुलन की पतली रस्सी पर बजट 2026

1 फरवरी 2026 को संसद में पेश केंद्रीय बजट 2026 ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सरकार आर्थिक अनुशासन और जनता की आकांक्षाओं के बीच संकरी राह पर चल रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भाषण की शुरुआत ही स्थिरता, निरंतरता और

**- डॉ. प्रियंका सौरभ**

दीर्घकालिक विकास की सोच से की। कोई अप्रत्याशित लोकलुभावन घोषणाओं का धमाका नहीं हुआ, बल्कि बजट ने यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाया। राजकोषीय घाटे को वित्तीय वर्ष 2026 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.4 प्रतिशत रखा गया, जो पूर्व निर्धारित 4.5 प्रतिशत लक्ष्य से भी नीचे है। यह कदम वित्तीय अनुशासन की मजबूत मिसाल पेश करता है। पूंजीगत व्यय को पिछले वर्ष के 11.2 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 12.5 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया, जो लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। यह बढ़ोतरी बुनियादी ढांचे, शहरी विकास परियोजनाओं और डिजिटल तकनीक क्षेत्रों पर केंद्रित है। निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संपत्ति मुद्रीकरण योजना के तहत 10 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले वित्तीय वर्ष में 6.8 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की थी, लेकिन वैश्विक



आर्थिक मंदी, अमेरिका-चीन व्यापार तनाव और घरेलू मुद्रास्फीति जैसी चुनौतियां बरकरार हैं। बजट ने राजकोषीय घाटे को सख्ती से 4.4 प्रतिशत पर नियंत्रित रखा, जबकि प्रभावी राजस्व घाटे को 96,654 करोड़ रुपये तक सीमित किया गया, जो जीडीपी का मात्र 0.3 प्रतिशत है। पूंजीगत व्यय पर 12.5 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा पाइपलाइन को नई गति देगा। राजमार्ग निर्माण में अतिरिक्त 50,000 किलोमीटर का लक्ष्य, रेलवे विद्युतीकरण और आधुनिकीकरण पर 2.5 लाख करोड़ रुपये का आवंटन भविष्य की नींव को अटल बनाने का संकल्प दिखाता है। राज्यों को 1.5 लाख करोड़ रुपये का 50 वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, जो संघीय ढांचे को मजबूत करेगा। सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल को बढ़ावा देने के लिए कर छूट, एकल खिड़की प्रणाली और तेज मंजूरी प्रक्रिया जैसे उपाय किए गए हैं। सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है—निवेशक आइए, हम पूरी तरह तैयार हैं। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या ये विशाल निवेश ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में रोजगार सृजन करेंगे, या केवल महानगरों की चकाचौंध तक सीमित रहेंगे? मध्यम वर्ग, जो देश की जीडीपी में लगभग 40 प्रतिशत योगदान देता है, को इस बजट में ठोस कर राहत? मिली है। पुरानी कर व्यवस्था में मानक कटौती को 50,000 रुपये से दोगुना बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दिया गया, जबकि वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह और अधिक उदार है। नई कर व्यवस्था में स्लैबों को सरल बनाया गया—5 लाख रुपये तक की आय पर शून्य कर। शिक्षा ऋण पर टीसीएस हटाया गया (10 लाख रुपये तक), जबकि किराया टीडीएस सीमा को 2.4 लाख से बढ़ाकर 6 लाख रुपये किया गया। दो स्व-व्यवहृत आवासीय संपत्तियों पर कर राहत का प्रावधान, आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा को 2 वर्ष से बढ़ाकर 4 वर्ष किया गया। कर संहिता को 819 धाराओं से घटाकर 536 धाराओं में सरलीकृत करने का वादा सराहनीय है। ये कदम करदाता को राजस्व का मात्र स्रोत न मानकर भरोसेमंद भागीदार बनाने की दिशा में हैं। हालांकि, जमीनी स्तर पर अनुपालन प्रक्रिया को और सरल बनाना होगा, वरना ये राहतें कागजी औपचारिकताओं तक सीमित रह सकती हैं। कृषि क्षेत्र, जो अभी भी 18 प्रतिशत जीडीपी और 65 प्रतिशत ग्रामीण आबादी का आधार है, पर बजट ने विशेष ध्यान दिया। प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना को 100 जिलों में विस्तारित किया गया, फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन, सिंचाई और भंडारण क्षमता बढ़ाने पर जोर। पीएम किसान सम्मान निधि में वृद्धि, किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाई गई। मत्स्य पालन विकास के लिए अंडमान-लक्षद्वीप में आर्थिक क्षेत्र घोषित, फल-सब्जी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने का प्रावधान।

## आज पर्यटन मंत्री महावीर स्वामी पक्षी विहार देवगढ़ आयेंगें

ललितपुर। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग मंत्री जयवीर सिंह आज 12.30 बजे महावीर स्वामी पक्षी विहार देवगढ़ आयेंगे व 12.45 बजे झांसी मण्डल अंतर्गत आने वाले जनपदों में पर्यटन विभाग द्वारा कराये जा रहे सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे व 1 बजे ईको टूरिज्म एवएं नेचर फेस्टिवल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे।

## खबर एक नज़र

### भारतीय संस्कृति परीक्षा में दीप्ति ने माधौगढ में दूसरा स्थान किया हासिल



माधौगढ़(जालौन)। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन शांति कुंज हरिद्वार के तत्वाधान में तहसील माधौगढ़ क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कराई गई जिसमें ऋषभ पब्लिक जूनियर हाईस्कूल की कक्षा आठ की छात्रा दीप्ति पाल ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर समूची सी तहसील में दूसरा स्थान प्राप्त किया है तहसील प्रभारी रविन्द्र कुशवाहा उर्फ सोनू और विद्यालय के संचालक अखिलेश सविता ने मेधावी दीप्ति पाल शिवानी यादव सौम्या यादव नित्यम शाक्य लाल सिंह पाल दिव्यांश दुबेलिया शिवनाथ यादव नीलम देवी मोहित शाक्य को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया है विद्यालय की प्रबंधक सुषमा सविता ने कहा कि जो बच्चे मन लगाकर पढते है उन्हें निश्चित ही सफलता हासिल होती है सफल होने के लिए सभी को कडी मेहनत करनी चाहिए उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जो भी बालक पूरी निष्ठा के साथ पढाई करता है वह निश्चित ही सफल होता हैं असफलता भी एक चुनौती है इसको स्वीकार करने की बडी जरुरत है इस मौके पर शिक्षक दीपक सिंह राजा कोहिनूर सिंह रणकेंद्र सिंह रामबहादुर सिंह शिवदास इंजीनियर ऋषभ सविता मोहिनी चौधरी नौसीन वानो डोली चौधरी निधि राज सविता कैलाश यादव समेत अन्य लोगों की मौजूदगी रही है।

### माघ पूर्णिमा व संत रविदास जयंती पर एएसपी ने यमुना घाटों का किया निरीक्षण



-सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

कालपी (जालौन)। माघ पूर्णिमा व संत गुरु रविदास जयंती के पावन अवसर को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक ने रविवार को यमुना नदी के प्रमुख घाटों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

माघ पूर्णिमा के अवसर पर यमुना स्नान व दान-पुण्य का विशेष धार्मिक महत्व है, जिसके चलते घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। इसी को ध्यान में रखते हुए एएसपी प्रदीप कुमार ने कोतवाली प्रभारी अजय ब्रह्म तिवारी के साथ पीला घाट, ढोढ़ेश्वर घाट सहित अन्य प्रमुख स्नान स्थलों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा इंतजामों की हकीकत परखी और श्रद्धालुओं से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के उपरांत कोतवाली परिसर में अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक, अतिरिक्त निरीक्षक अवनीश कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक उदय प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक ओमकार सिंह सहित पुलिस बल को स्पष्ट निर्देश दिए कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी निभाई जाए। वहीं उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह भी क्षेत्र में भ्रमणशील रहे और व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रखी।

### डीएम,एसपी ने बबीना व कदौरा गौशालाओं का किया निरीक्षण, लापरवाही पर सख्त निर्देश



उरई(जालौन)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने बबीना एवं कदौरा स्थित कान्हा गौशालाओं का स्थलीय निरीक्षण कर गोवंश संरक्षण एवं व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने गोवंशों को गुड़ खिलाया। विशेष दृश्य तब देखने को मिला जब जिलाधिकारी ने गोवंशों को पुकारा, तो वे दौड़ते हुए उनके पास आ गए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गोवंशों के लिए हरा चारा, स्वच्छ पेयजल एवं चिकित्सीय देखभाल की व्यवस्था निरंतर सुनिश्चित की जाए। साफ-सफाई की स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि गौशाला परिसर में सुबह-शाम प्रतिदिन अनिवार्य रूप से सफाई कराई जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही कड़ी कार्यवाही की जाएगी। गौशाला प्रबंधन को व्यवस्थाओं में सुधार लाने तथा सुरक्षा एवं अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए।

### सहरिया आदिवासी के जिलाध्यक्ष ने पेश हुये आम बजट पर जताई आपत्ति



ल्लितपुर। आदिवासी सहरिया समिति के जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एडवोकेट ने जानकारी देते हुये बताया कि वित्तमंत्री द्वारा जो देश का आम बजट पेश किया गया वह बड़े लोग व बड़े शहरी लोगों के लिये दिया गया है व छोटे लोगों मजदूर किसान व रोजगार व आदिवासियों के लिये बजट में कुछ नहीं दिया व शिक्षा के मामले में भी गरीब छात्रों को व छोटे शहरों के स्कूलों को भी कुछ नहीं दिया गया है व हर किसान के बारे में भी नहीं सोचा है व किसानों का खाद बीज डीजल क्रडिट कार्ड पर छूट व बिजली में छूट नही दी गयी, यह बजट दक्षिण व बंगाल में चुनावी बजट है व पहले भी बिहार चुनाव के समय 1/4 भाग एक राज्य को ही था इसी प्रकार अब हो रहा है, जिन राज्यों में चुनाव आते है, उन्हीं को लुभाने के लिये उसी हिसाब से वजट लाते है व बाकी जनता का ख्याल नहीं रखा जाता है, जो खेती बड़े बड़े व्यपारी मजदूरों से करवाते है उन्हीं ही लाभ दिया है जो किसान खुद से करते है उन को कोई लाभ नहीं दिया गया है जैसे कोको या काजू की खेती गरीब किसान नहीं करता हैं।

### पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री आज करेंगे नेचर बर्ड फेस्टिवल कार्यक्रम में प्रतिभाग

ललितपुर। मुख्य अतिथि जयवीर सिंह मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग एवं डॉ. अरूण कुमार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की उपस्थिति में आज देवगढ़ में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय आर्द्रभूमि दिवस के उपलब्ध में नेचर बर्ड फेस्टिवल कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे।

# संत शिरोमणि रविदास का दर्शन सामाजिक प्रपंचों के खिलाफ है-केपी सिंह



उरई : समारोह को संबोधित करते केपी सिंह,डा.आरपी सिंह,अन्य अतिथि को मौजूद अनुयायी ।

**- सामाजिक चेतना के अग्रदूत है संत रविदास- बृजलाल खाबरी**

**-मन चंगा तो कठौती में गंगा से जनमानस को जगाने का काम करते हैं रविदास जी- रामशरण जाटव**

**- रविदास विकास संस्थान में धूमधाम से मनाया गया संत शिरोमणि का जन्म दिवस**

**उरई(जालौन)।** संत शिरोमणि रविदास का दर्शन प्रपंचों के खिलाफ है वह उन सामाजिक परंपरागत बुराइयों पर बड़े ही साहस के साथ चोट करते हैं जो एक समुदाय द्वारा लोगों को मानसिक गुलाम बनाए रखने के लिए थोपी गई है उन्होंने ऐसे समय लोगों को जगाने का साहस दिखाया जब पूरी सामाजिक व्यवस्था पोंगा पंथियों शिकंजे में जकड़ी हुई थी यह बात आज यहां करमेर रोड उरई स्थित रविदास विकास संस्थान मैं आयोजित संत शिरोमणि रविदास के 649 वीं जयंती समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार केपी सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि उस समय सारे धार्मिक एवं सामाजिक आडंबर हमारे दिमाग को कुंद करने की प्रक्रिया में थे ऐसे समय में उन्होंने मन चंगा तो कठौती में गंगा से समाज को जगाने का काम किया उन्होंने कहा भक्ति एवं धर्म सत्ता का साधन नहीं है लेकिन विडंबना यही है कि वह सत्ता का साधन बनी हुई है मंदिर में जाएंगे तो खास वर्ग का पुजारी होगा जबकि संविधान समता की बात करता है उन्होंने हाल के घटनाक्रम का जिक्र करते हुए स्पष्ट किया कि वर्चस्व वादी लोग अपनी श्रेष्ठता को बनाए रखने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। प्रोफेसर आरपी सिंह ने संत रविदास के द्वारा मूर्ति पूजा एवं पाखंड पर किए गए प्रहार को सामाजिक परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणादायक बताया। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी ने संत रविदास को सामाजिक चेतना का अग्रदूत बताया। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी रामशरण जाटव ने कहा कि संत रविदास ने उस दौरान की सामाजिक व्यवस्था को अपने दर्शन से हिला कर रख दिया था वह कभी चमत्कार की बात नहीं करते वह तो लोगों को जगाने की बात करते हैं तभी वह मन चंगा तो कठौती में गंगा के जरिए साफ कहते हैं कि अगर आपका मन निर्मल है तो गंगा में नहाने से कुछ नहीं होगा इसलिए वह कठौती में गंगा का संदेश देते हैं समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य श्रीमती रमा निरंजन ने संत रविदास को सड़ी गली सामाजिक व्यवस्था के खिलाफ आम जनमानस को जागरूक करने वाला महान दार्शनिक बताया। कार्यक्रम को बाबू रामाधीन अहिरवार, चैधरी श्याम सुंदर शैलेंद्र शिरोमणि, इंजीनियर के के भास्कर, मानिकचंद, एपी भारती, तुलसीराम खन्ना, पुनीत भारती, विजय सिंह निरंजन आदि लोगों ने संबोधित किया समारोह की अध्यक्षता बलवान सिंह जबकि संचालन रामसनेही बाबूजी,अशोक कुमार सिंह व अरविंद कुमार ने किया।

कार्यक्रम में चैधरी जय करण सिंह खरुसा, कॉ. देवेंद्र शुक्ला, डॉ देवेंद्र कुमार, पुनीत भारती, रामावतार सिंह गौतम, प्रेम कुमार आनंद, राम नारायण वर्मा बाबूजी, मिस्टर सिंह, प्रेम कुमार दोहतम सुंदर सिंह शास्त्री, रमाकांत दोहरे, के के शिरोमणि, बब्बू राजा, कल्याण सिंह, जुगल किशोर, राम सेवक, रामेश्वर दयाल, बाला प्रसाद, वृंदावन, दया शंकर, गोविंद दास, बाबूराम अहिरवार महेंद्र कुमार, रामकुमार, लल्लूराम, रमाई महिला सेवा संस्था सेशालिनी बौद्ध,डॉ रेखा सिंह, एड अचला सिंह,सरोज, रंजना, सोना देवी, मेहेर शांति, आयुषी गौतम, कुसुम,अर्चना, शर्मिला, गीता देवी, रिंकी, वर्षा देवी आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे। सभी ने संत शिरोमणि रविदास तथागत गौतम बुद्ध बाबासाहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर तथा अन्य सामाजिक महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।

# बाराहीं देवी मेला एवं विकास प्रदर्शनी में सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजा



जालौन : कार्यक्रम प्रस्तुत करते रंगमंचीय कलाकार ।

**जालौन।** बाराहीं देवी मेला एवं विकास प्रदर्शनी में सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजते शनिवार की रात बृजरास की संदीप तरसौलिया एंड इवेंट की टीम ने बृज की होली, शिव पार्वती विवाह राम राज्याभिषेक, तांडव नृत्य शानदार प्रोग्राम पेश किया। जिसे उपस्थित जनसमूह ने जमकर सराहा।

श्रीबाराहीं देवी मेला एंव विकास प्रदर्शनी में शनिवार की रात ब्रज की रासलीला का आयोजन किया गया। पहले कार्यक्रम में मथुरा वृंदावन से आई संदीप तरसौलिया की टीम द्वारा रासलीला का प्रदर्शन किया गया। जिसमें राधा कृष्ण की झांकी का दिग्दर्शन कराया गया। जिसमें 'जय-जय ब्रज भूमि, चारों धामों से निराला है बृजधाम, इसका दर्शन कर लो' का गीत गाया गया। कान्हा व राधा के मुख पर घुंघटा डालकर सखाओं द्वारा गाया गया 'आज मेरे कान्हा को मुखडा दिखाये देव, घुंघटा उठाए दे राधा घंघटा उठाए दे' को सुनकर दर्शकों से खचाखच भरे मेला पांडाल में दर्शक झूम उठे। अपनी अपनी दीर्घाओं में बैठे दर्शक कलाकरों की प्रशंसा करते हुए तालियां बजा रहे थे। एक के बाद एक दृश्यों ने लोगों को बांधे रखा। भूत पिशाच के साथ नंदी की सवारी पर मां गौरा पार्वती का मनमोहक दृश्य देखकर सभी अचंभित हो गए। इतना ही नहीं शंकरजी की जटाओं से गंगा की धारा भी बहाई गई। अगले दृश्य में राधा कृष्ण व सखियों द्वारा किए गए मयूर नृत्य को देखकर दर्शक झूमने को मजबूर हो गए। तो वहीं, 'बरसाने में आज कान्हा मोर बन आयो रे' के सुंदर भजन की प्रस्तुति पर दर्शक झूमकर नाचने को मजबूर हो गए। शिव का तांडव नृत्य देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। अंत में बृज की होली के दर्शन कराए गए।

कार्यक्रम के राधा के रूप में ज्योत्सना, कृष्ण नीतेश, शिव के रूप में पवन, पार्वती के रूप में रिंकी ने भूमिका निभाई। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन, रामनरेश तिवारी पम्मू महाराज, रविंद्र यादव, मोनू, अन्नू शर्मा, ललित शुक्ला, रमाकांत प्रजापति, शैलेंद्र दोहरे , रवि कुशवाहा, जयकरण दोहरे, इकरार राईन, लक्ष्मीकांत दोहरे, मलखान दोहरे, विवेक कुमार, नफीस शाहगंज, श्यामजी गुप्ता, सतीश सेंगर दादा, राजेश शुक्ला, संतोष भदौरिया, हरिश्चंद्र यादव, बारे कक्का आदि मौजूद रहे।

## संत रविदास जयंती पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया श्रद्धा-सुमन अर्पण



उरई(जालौन)। संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने बबीना स्थित संत रविदास मंदिर पहुंचकर संत रविदास जी की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संत रविदास जी के सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के संदेशों को स्मरण करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी का जीवन समाज में भेदभाव रहित वातावरण एवं आपसी सौहार्द स्थापित करने की प्रेरणा देता है।कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## दो ट्रैक्टरों से रात में बैटरी चोरी

**जालौन।** घर के बाहर खड़े दो ट्रैक्टरों से रात में चोरों ने बैटरी चोरी कर ली। पीड़ित वाहन स्वामियों ने बैटरी चोरी की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सहावनाका निवासी अमित कुमार और मोहित कुमार ने पुलिस को बताया कि वह अपने ट्रैक्टरों को घर के बाहर खड़ा करते हैं। शनिवार की रात भी उन्होंने अपने ट्रैक्टर घर के बाहर ही खड़े किए थे। रात में किसी समय अज्ञात चोरों ने दोनों ट्रैक्टरों की बैटरी चोरी कर लीं। सुबह जागने पर जब वह घर के बाहर निकने तो ट्रैक्टर की बैटरी गायब थी। वाहन स्वामियों की सूचना पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## फेयरवेल पार्टी में छात्र, छात्राओं की प्रतिभा को सराहा प्रबंधक ने



जालौन। महाराणा प्रताप साइंस एकेडमी इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट के छात्र, छात्राओं की फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रबंधक मंगल सिंह चैहान ने बोर्ड परीक्षा में किसी भी विषय में 95 फीसदी अंक लाने पर 1100 रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की।

नगर में स्थित महाराणा प्रताप साइंस इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट के छात्र, छात्राओं को कक्षा 11 के छात्रों व विद्यालय परिवार द्वारा फेयरवेल पार्टी दी गई। फेयरवेल पार्टी में मुख्य अतिथि धीरज गुप्ता ने स्कूल में सीखे गए विषयों को समझकर परीक्षा में उनका उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को परीक्षा में धैर्य, लगन व मेहनत के साथ सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य रघुवीर सिंह राजावत ने कहा कि निरंतर प्रयास, कठिन परिश्रम व अनुशासन के माध्यम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। प्रबंधक मंगल सिंह चैहान ने कहा कि यदि इंटरमीडिएट की परीक्षा में कोई छात्र या छात्रा 95 प्रतिशत या अधिक अंक लाता है तो उन्हें 1100 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही यूपी बोर्ड में स्थान पाने वाले छात्र व विषयाध्यापक को 11 हजार रुपये नकद पुरस्कार दिया जाएगा। फेयरवेल पार्टी में विद्यार्थियों ने स्कूल में बिताए खट्टे मीठे अनुभवों को साझा कर नई राह पर चलने की चाहत व्यक्त की। इस मौके पर रामेंद्र गुप्ता, शिवकुमार कुशवाहा, मानसिंह चैहान, हरिओम प्रजापति, वीरेंद्र बरसईया, राजीव राजावत, विद्या सागर, साक्षी खेमरिया, खुशी खातून, अंश गौतम, अंश समाधिया आदि रहे।

## एसआईआर के दस्तावेजों की प्रमाणिकता की जांच हेतु सत्यापन किया बीडीओ ने



रामपुरा : एसआईआर की प्रमाणिकता की जांच करते बीडीओ ।

**रामपुरा (जालौन)।** पिछले एसआईआर के दौरान तैयार की गई निर्वाचक नामावली से मिलान न होने अथवा संभावित रूप से गलत मिलान पाए जाने के दृष्टिगत अंतिम निर्वाचक नामावली में नाम बनाए रखने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं के मूल दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है।

इसी क्रम में खंड विकास अधिकारी रामपुरा गजेंद्र प्रताप सिंह द्वारा बूथ क्रमांक 32 से 64 तक के कुल 3848 मतदाताओं को सत्यापन हेतु नोटिस जारी किए गए थे। नोटिस में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मूल दस्तावेजों के साथ विकासखंड कार्यालय रामपुरा में दिनांक 30 एवं 31 जनवरी को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे।

निर्धारित तिथि 30 जनवरी को मात्र 20 मतदाता अपने दस्तावेजों के साथ कार्यालय पहुंचे, जबकि 31 जनवरी को भी लगभग 50 मतदाता ही सत्यापन के लिए उपस्थित हुए। कम उपस्थिति को लेकर प्रशासनिक स्तर पर चिंता व्यक्त की गई।

खंड विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह ने उपस्थित मतदाताओं की सुनवाई करते हुए बताया कि प्रस्तुत किए गए सभी दस्तावेजों को प्रमाणिकता जांच हेतु संबंधित विभागों को भेजा जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो मतदाता अभी तक अपने मूल प्रमाणिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए हैं, उनके लिए शीघ्र ही पुनः अग्रिम तिथि निर्धारित की जाएगी, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह जाए।

उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि निर्धारित समयावधि में अपने मूल दस्तावेज अवश्य प्रस्तुत करें, जिससे निर्वाचक नामावली को त्रुटिरहित बनाया जा सके।

## श्री सत्य साई प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा का नगर भ्रमण व जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

**'प्रेम, सेवा और कौमी एकता का दिया संदेश'**



**ललितपुर।** श्री सत्य साई सेवा संगठन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में श्री सत्य साई प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा का अजय श्रीवास्तव के नेतृत्व मे नगर में भव्य भ्रमण किया गया। नगर भ्रमण के दौरान विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा संगठनों द्वारा रथ यात्रा का पुष्पवर्षा, पुष्पांजलि एवं सम्मान के साथ स्वागत किया गया व रथ यात्रा का प्रमुख स्वागत राजपूत कॉलोनी में किया गया, जहाँ रजनीश पुरोहित, डी.एस विवेक, डॉ. अवधेश तिवारी, बृजभान सिंह, संजय भारती सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने रथ का अभिनंदन किया, इसके उपरांत श्री गुरु सिंह सभा द्वारा गुरुद्वारे पर रथ यात्रा का सम्मान एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर ओंकार सिंह सलूजा, हरविंदर सलूजा, मनजीत सिंह सलूजा सहित अनेक सिख समाज के लोग उपस्थित रहे। शिरडी साईं फैमिली द्वारा श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें सी.पी. सैनी, महेश पाल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। बुंदेलखंड विकास सेवा की ओर से भी रथ यात्रा का स्वागत किया गया, जिसमें हरीश कपूर टीटू, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। प्रेस क्लब की ओर से सप्पू बबेले, अमित सोनी, विजय जैन, कल्लू, पवन संज्ञा, अनिल सैनी सहित पत्रकार साथियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

नगर के घंटाघर चैराहे पर नगर पालिका परिषद द्वारा पुष्पवर्षा की गई। सायंकाल अग्रवाल रेजीडेंसी में भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में श्री सत्य साई सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष सचिन नेब, उपाध्यक्ष अमिताभ शरण, आध्यात्मिक समन्वयक संजय तिवारी, मध्य प्रदेश आध्यात्मिक समन्वयक सुनील, ओंकार तिवारी, निशांत वर्मा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री सत्य साई सेवा समिति के वरिष्ठ एवं पुराने सेवाधारियों, साई भक्तों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही, रथ यात्रा ने नगर में प्रेम, सेवा, सद्भाव एवं मानव एकता का सशक्त संदेश दिया, रथ यात्रा के आगमन अवसर पर संजय श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, शरद खैरा, हाकिम सिंह, स्वामी अनुराग अमर, डॉ. जगवीर सिंह, रमन शर्मा लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, वसीम खजुरिया, राघवेंद्र सिंह खोखरा, वृषभान सिंह रमन शर्मा रमेश श्रीवास्तव, सुरेश त्रिपाठी, मुकुल शर्मा, रामखेलावन यादव, सुरेश यादव, मोहन यादव, हरि सिंह यादव, नारायण सिंह यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## टीम ने विभिन्न प्राथमिक केन्द्रों का किया निरीक्षण



तालबेहट। सरकार के निर्देशानुसार स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत देखने के लिये शासन की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट के अंतर्गत आने वाले केंद्रों का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम टीम द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर कंधारी कला का निरीक्षण किया, यहा पर उपस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधिकारी अंकित पटेल एवं ए.एन.एम. रश्मी गौतम उपस्थित मिली व टीम द्वारा केन्द्र द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं, दवा की उपलब्धता एवं बच्चों के टीकाकरण, जांचे, डेली मेडिकल एवं रिकार्ड का निरीक्षण किया गया, इसके पश्चात टीम द्वारा नया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पूराविरधा, हिगौरा एवं पूराकला में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का निरीक्षण किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों के साथ-साथ होम्योपैथी एवं आयुर्वेद के चिकित्सक, बीमार लोगों को चिकित्सा सुविधा देते हुये मिले। निरीक्षण करने पर टीम को सभी जगह साफ-सफाई मिली, रिकार्ड दुरुस्त मिलें, दवाओं की उपलब्धता थी, सारे मरीजों की जांचे की जा रही थी, सभी जगह पीने का पानी उपलब्ध था, मरीजों के बैठने की व्यवस्था ठीक थी, ऑक्सीजन सभी जगह उपलब्ध थी, सभी जगह अग्निशमन यंत्र वैध थे व सभी कर्मचारी अपनी ड्रेसेस में थे। इसके बाद टीम द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर उगरपुर, नत्थीखेड़ा, का निरीक्षण किया गया। शासन की टीम में डॉ दीपक यादव एवं वीरेन्द्र प्रताप डी.ई.आई.सी. मैनेजर उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ विशाल पाठक, डॉ सूरज सिंह, डॉ पंकज, डॉ. ममता स्वास्थ्य पर्यवेक्षक अशोकनायक व धीरज कुमार उपस्थित रहे। शासन की टीम द्वारा अगले दो दिनो तक क्षेत्र में निरीक्षण किया जायेगा।

# संत शिरोमणि रविदास की 649 वीं जयंती बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई

बांदा। रविवार को संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की 649वीं जयंती के अवसर पर रविदास रामायण का पाठन पठनए 12 घंटे गायन किया गयाए और उनके जीवन चरित्र पर चर्चा की गईएतत्पश्चात हवन पूजाए और कन्या भोज का आयोजन भी करवाया गया ।

इस मौके पर श्री राजकरन वर्मा ग्राम प्रधान मवई बुजुर्गएश्री सुखलाल बौद्ध पूर्व सदस्य ग्राम पंचायत मवई बुजुर्गए श्री संतोष वर्मा पूर्व सदस्य ग्राम पंचायत मवई बुजुर्ग एवं श्री भोला प्रसाद वर्मा पूर्व सदस्य ग्राम पंचायत मवई बुजुर्गए प्रेम कुमार वर्माए अशोक उर्फ राजा भैया वर्माए अमित कुमार वर्माए दीपक कुमार वर्मा उर्फ दीपूए बबलू वर्मा ए शिवाधार वर्माए छेदिंया वर्माए अनिल वर्माए राजकुमार वर्माए रमेश वर्मा सहित समस्त ग्राम वासी व सैकड़ों लोगों ने इस कार्यक्रम में शामिल रहे। वही सुखलाल बौद्ध ने संत शिरोमणि रविदास कि के बारे बताते हुए कहा कि जगत गुरु संत शिरोमणि रविदास संत रविदास जी तथागत बुद्ध को



अपना गुरु मानते थे । तथागत बुद्ध के चारित्रकार है संत रविदास जी।

संत रविदास जी ने अपने दोहे में कहा है कि अजामिल एगजए गणिका एतारी काटी कुंजीर पाश ऐसे गुरमते मुक्त किये तू क्यों न तरे रैदास अथार्थः अजामिल यानि अंगुलिमालएहे तथागत तुमने अंगुलिमाल जैसे हिंस्र आदमी को इंसान बनायाए

हे तथागत तुमने गज यानि पागल हाथी को शांत किया उसके भी मार्गदाता बन गए हैए तथागत गणिका यानि आम्रपाली के आप मार्गदाता बन कर उसका घमंड को चूर चूर करके उसे भिक्खु संघ में लिया।तुम इन सभी के मार्गदाता हो गए एतो तुम्हारे इस रैदास के तुम गुरु नहीं हो घ् संत रविदास बुद्ध को अपना गुरु घोषित किये थे ।संत रविदास और संत कबीर अपने दोहे में तथागत बुद्ध को अपना गुरु घोषित किए थे ।ब्राम्हण इन बातों को छुपाते है । ताकि हमारी प्रेरणा सही सामने न आये। ब्राम्हण इसलिए झूठा बताते है कि यह साधु एसंत भक्ति कर रहे थे।अगर यह भक्ति का आंदोलन था तो उनकी हत्याएं क्यों की गयीघ् हमारा यह सिद्धान्त है कि संतो का आंदोलन भक्ति का आंदोलन नहीं था बल्कि मानव मुक्ति का आंदोलन था।

## अतर्रा कृषि बीज भंडार के प्रभारी के खिलाफ अभी तक विभागीय उच्च अधिकारियों द्वारा कार्यवाही नहीं की गई

**स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को निशुल्क चना बीज एवं मसूर बीज एवं गेहूं बीज आदि विभिन्न बीजों को किसानों को न देकर बीज भंडार प्रभारी परमानंद साहू ने स्वयं बिक्री करके खा लिया। यह बात क्षेत्र के कई किसानों मैं रामेश्वर एवं जगदीश प्रसाद लालता प्रसाद जगमोहन रामगोपाल आदि किसानों ने बताया। किसानों ने यह भी बताया कि कई बार हम लोग बीज भंडार कार्यालय अतर्रा से वापस आए हैं कभी भी बीज भंडार प्रभारी साहू नहीं मिलते हैं ना ही कार्यालय में बैठते हैं । बीज भंडार कार्यालय के बाहर बैठे कुछ लोगों ने बताया कि यदा कदा जब कभी बीज भंडार प्रभारी परमानंद साहू कार्यालय आते हैं तो यदि किसान मौके पर पहुंचा तो लड़ने के लिए आमादा हो जाते हैं । जब इस बारे में दूरभाष पर जिला कृषि अधिकारी संजय कुमार एवं कृषि उपनिदेशक बांदा अभय यादव को जानकारी दी गई तो उन्होंने कहा इसके पहले भी बीज भंडार प्रभारी परमानंद साहू की शिकायत मिली है जल्द ही विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

# किसानों की बुनियादी समस्याओं का प्राथमिकता से कराएं निराकरण-डीएम

**-जिलेमेंदलहनउत्पादन क्षेत्र मेंवृद्धि के प्रयासोंमेंजुटेडीएम**

**चित्रकूटः** जिले में कृषि गत विकास एवं दलहन उत्पादन क्षेत्र में वृद्धि के उद्देश्य को लेकर जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने कृषि विभाग के अधिकारियों और कृषि वैज्ञानिकों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने किसानों कि बुनियादी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए।

डीएम पुलकित गर्ग ने कहा कि ग्रीष्मकालीन मूंग उत्पादन के लिए जिलेमें 500 एकड क्षेत्रफलआच्छादितकरतेहुए इसकेअंतर्गतचयनितकिसानों का मृदापरीक्षणकरातेहुए उन्हेंउन्नत एवं प्रमाणित किस्म का बीजउपलब्ध करायाजाएगा।इसकेसाथहीजिले मे कृषितकनीकिहस्तांतरणकोसुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रत्येकराजस्वग्रामस्तरपर एक कृषिज्ञानदूत एवंपशुस्वास्थ्य कार्यकर्ताकोचिन्हितकरप्रशिक्षितकियाजाए। यह कार्यकर्ताकृषिविभाग एवंकृषिविज्ञानकेन्द्र के सहयोग से शासन की विभिन्न योजनाओं एवंनवीनतमकृषितकनीाकोंकोग्रामस्तरतकपहुंचाने का कार्यकरेंगें।इसकेअलावाजिलेमेंश्रीअन्न क्षेत्र विस्तारकोप्रोत्साहितकरने के लिए उत्पादितश्रीअन्न के प्रसंस्करणइकाई की स्थापना के जरिए किसानोंको स्थानीय स्तरपरप्रसंस्करण की सुविधा उपलब्ध कराईजाएगी।

डीएम ने कहाकिग्रीष्मकालीनदलहनउत्पादनतकनीक के माध्यम से जिले की कृषिगतभूमि का अधिकतमउपयोगसुनिश्चितहोगा।ग्रीष्मकालीनपड़तभूमि का उपयोगकरकिसानअतिरिक्तआय अर्जितकरसकेंगेंऔरदलहनीफसलों के कारण खेतोंमेंनाईट्रोजनस्थिरीकरणहोगा।जिससेआगामीफसलों के लिए आवश्यक रासायनिकउर्वरकोंविशेषकर यूरिया की आवश्यकतामें कमी आएगी। यह तकनीककिसानों के लिए कम लागत, पर्यावरणअनुकूल एवंलाभकारीसिद्ध होगी।साथही यह प्रयासदेश द्वाराआयातकिए जानेवालेदलहनोंपरनिर्भरता कम किए जाने की दिशामें एक महत्वपूर्णकदममानाजाएगा।इसकेअलावाकृषिज्ञानदूत एवंपशुस्वास्थ्य कार्यकर्ताराजस्वग्रामस्तरपरकिसानों की जमीनीसमस्याओं के समाधान के लिए विभाग एवं कृषकों के बीचसेतु के रुप मेंकामकरेंगें। यह कार्यकर्ता नवीनतमकृषि एवंपशुपालनतकनीकों के प्रभावीवाहकबनकरविभागीय योजनाओं की जानकारी किसानों तकसमयबद्ध रूप से पहुंचाने में महत्व पूर्ण भमिका निभाएंगें। इसी प्रकार श्रीअन्न क्षेत्र विस्तार के तहत प्रस्तावित श्री अन्न प्रसंस्करण इकाई स्थापना से किसानों को स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन की सुविधा प्राप्त होगी। जिससे उनके उत्पाद का बेहतरमूल्य प्राप्तहोगा एवंकिसानों की आय मेंवृद्धि सुनिश्चितहोगी। जिलाधिकारी ने इनतीनो परियोजनाओं के संबंध में एकसप्ताह के भीतरडीपीआरप्रस्तुतकरने के निर्देशदिए हैं। इस मौकेपरमुख्य विकासअधिकारीराजेशकुमार, उप कृषिनिदेशकराजकुमार, कृषि विज्ञान केन्द्र प्रमुख डॉ. राजेन्द्र सिंह नेगी, परियोज नासमन्वयकउत्तमकुमार त्रिपाठी व विजय गौतमआदिमौजूदरहे।

## विशेषअभियान के बादभी भूले अपनीहीगाढ़ी कमाई, 42348 खातोंमें 15.02 करोड़ रुपयेडम्प

-बैंकोंमेंसालों से जमाहैराशि, ग्राहकों के सुध न लेनेपरआरबीआई के डीइए फण्ड मेंट्रांस्फरहोगीराशि

चित्रकूट ब्यूरोः- पाई-पाईजोड़करभविष्य सवाराजाताहै, लेकिनजिले के हजारोंबैंकग्राहकअपनीहीगाढ़ी कमाईजमाकरभूल गए हैं।लीडबैंक की ओर से जारीआँकड़ों के मुताबिक, बारहबैंको के 42348 खातोमेंकरीब 15.02 करोड़ रुपये लम्बे समय से डम्पपड़ेहै।जबइन खातोंमेंवर्षोंतककोईहलचलनहींहुईऔरदावों के लिए कोईसामनेनहींआया, तोबैंकों ने नियम के तहत यह राशि भारतीय रिजर्वबैंक के डिपॉजिटर एजुकेशन एण्ड अवेयरनेस (डीईए) फण्ड मेंजमाकरादीहै।

जिलेमेंइण्डियनबैंक, भारतीय स्टेटबैंक, पंजाबनेशनलबैंक, ग्रामीणबैंक, सेण्ट्रलबैंकसमेत 20 बैंकसंचालितहै।इनमें 42348 खाताधारक ऐसेहै, जिन्होंनेअपने खातोंमेंपिछले 10 साल से कोईलेन-देननहींकिया। इनके खातोंमें 15.02 करोड़ रुपये भीजमाहै।इनमेंसबसेअधिकसरकारी योजनाओं के लाभलेनेवाले खातेहैं योजनाओं का लाभलेकरपैसानिकालाऔरफिर उस ओर ध्याननहींदिया।साथहीकईविभागीय खातेभीहै।

----बैंक ने चलायाअभियान, 273 खातों से 1.58 करोड़ किए निर्गत---

10 साल से निष्क्रिय खातोंमेंपड़े रुपयों को उनके दावेदारोंतकपहुँचाने के लिए बैंकों की ओर से 01 अक्टूबर से 31 दिसम्बरतकविशेषअभियानचलायागया।इसमेंजिलाधिकारी, चित्रकूट एवं एलडीएमकार्यालय की तरफ से भीदावेदारों से औपचारिकताएंपूर्णकरपैसानिर्गतकराने की अपील की गई।इसकेलिए विकासभवनमेंबीतीछह से 10अक्टूबरतककैम्पभीलगायागया।इसकेबादपुनः बीतीपांचदिसम्बरकोभी एक दिवसीय कैम्पलगायागया। शाखा स्तर से भीकर्मचारीफील्डमेंरहकरइन खातोंमेंदर्जपतोंपरविवेचनाके लिएपहुंचे,लेकिनज्यादातर खातोंमें खातेदारों के मृत्यु वदर्जरिकार्ड के अनुसारअन्यत्र कहींशिफ्टहोजाने के कारणअधिकसफलतानहींमिली।तीनमाह के अभियान के दौरान 273 ग्राहकों ने अपनेपैसोंपरदावेदारीकरतेहुए औपचारिकताएंपूर्णकी।इसकेबादबैंक ने इनको 1.58 करोड़ रुपये निर्गतकिए।

-----क्योंडम्पहोगयाकरोड़ों का पैसा----

इन खातोंमेंपिछले 10 वर्षों याउससेअधिक समय से कोईलेनदेननहींहुआहै।अक्सरलोग खाता खुलवाकरउसमेंकुछरकमछोड़ देतेहैऔरफिरनौकरीबदलने, शहरछोटने यापासबुक खोजाने के कारणउसेभूलजातेहैं।कईमामलोंमें खाताधारक की मृत्यु के बाद उनके परिजनोंको खाते की जानकारी न होनाभी एकबड़ीवजहहै।

----किसतरहप्राप्तकरेंपैसा----

एलडीएमअनुराग शर्माके अनुसारग्राहक या उनके कानूनीवारिसअभीभी इस पैसेपरदावाकरसकतेहै।इसकेलिए आरबीआई की ओर से उद्गमपोर्टल शुरू कियागयाहै, जहाँजाकरदावेदारअपनीजानकारीदर्जकरब्याजसहित धनराशिवापसपासकतेहैं।आरबीआई के इस उद्गमपोर्टलपरअपना नाम औरमोबाइलनम्बरडालें।बैंक का नाम डालकरपैनकार्ड, वोटरआईडी या ड्राइविंगलाइसेन्सनम्बरअंकितकरें, यदिआपका नाम सूचीमेंहै, तोपोर्टलतुरन्तबतादेगाकिकिसबैंकमेंपैसाजमाहै।

----किसबैंकमेंकितनापैसाडम्प---

बैंक- खाते-डम्प धनराशि
इण्डियनबैंक-21283-4.58 करोड़
भारतीय स्टेटबैंक-10674-5.1 करोड़
पंजाबनेशनलबैंक-3151- 0.44 करोड़
उत्तरप्रदेशग्रामीणबैंक-2055-3.71 करोड़
बैंकऑफइण्डिया-1706-0.27 करोड़
सेन्ट्रलबैंकऑफइण्डिया-983-0.14 करोड़
बैंकऑफबड़ौदा-863-0.5 करोड़
इण्डियनओवरसीजबैंक-719-0.08 करोड़
यूनियनबैंकऑफइण्डिया-508-0.16 करोड़

# कांग्रेसियों ने सँत शिरोमणि रविदास की हर्षोल्लास से मनाई जयंती

. संत शिरोमणि रविदास के रास्ते पर चलने का लिया संकल्प




बांदा। रविवार को जिलाध्शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित की अध्यक्षता में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बतलाया कि ष्संत शिरोमणि रविदास जी का जन्म बनारस में हुआ बचपन से ही मां गंगा के अनंत भक्त रहे गंगा किनारे बैठकर उन्होंने विश्व कल्याण की भावना के साथ समता मूलक समाज की रचना कीए चित्तौड़ की रानी एवम् राणा सांगा की पुत्रवधु मीरा उनकी परम शिष्या थींए जिनकी प्रेरणा से वैराग्य हुआ और कृष्ण रूपी ब्रह्म के साक्षात दर्शन हुएए उनके कहे यह शब्द ष्मन चंगा तो कठौती में गंगाष् समाज में आज भी प्रचलित हैं। इस अवसर पर कांग्रेस शहर अध्यक्ष अफसाना शाहए एआईसीसी सदस्य प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे एडवोकेटए पीसीसी पवन देवी कोरीए कार्यालय प्रभारी शिवबली सिंहए जिला महामंत्रीध्मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेटए जिला सचिव हेमन्त कुमार वर्माए प्रवक्ता राममिलन सिंह पटेल एडवोकेटए बांदा कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदीए धीरेन्द्र पांडेय धीरूए राजेश गुप्ता पप्पूए के पी सेनए राजबहादुर गुप्ताए अशोक वर्धन कर्णए आरिफ निजामीए अंकित साहूए शब्बीर सौदागरए सुखदेव गांधीए अशरफ उल्ला खान रम्पाए गोविन्द नारायण द्विवेदीए जगदेव प्रजापतिए नत्थूराम सेनए अली बख्श प्रमुख कांग्रेस जन उपस्थित रहे ।

## बाँदा रोटी बैंक टीम ने जरूरतमंदों को किया कपड़ा वितरण

बांदा। प्रत्येक रविवार की तरह आज भी बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख़ सादी जमा और बांदा रोटी बैंक सोसाइटी के सह संरक्षक चन्द्रमौली भारद्वाज के संरक्षण में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के महामंत्री मोहम्मद अज़हर की अध्यक्षता में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के शाखा प्रमुख खुटला महेन्द्र पाल के नेतृत्व मेंए ग्राम प्रधान ग्राम त्रिवेणी बिहारी वर्मा जी की उपस्थिति मेंएसमाजसेवी अरविन्द त्रिपाठी ग्राम त्रिवेणी के विशेष सहयोग सेए बाँदा शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों के द्वारा दान में दिए गए गरम कपड़ेएकिताबेंएजूते चप्पल आदि का वितरण ग्राम त्रिवेणी ब्लॉक बड़ोखर तहसील बाँदा जनपद बाँदा के जरूरतमंद ग्रामीणों को किया गया तथा साथ ही ग्रामीणों को सर्पदंशए स्वास्थ्य स्वच्छतायातायात तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी की टीम के मीडिया प्रभारी अब्दुल मुजीब और

## 108 व 102 एंबुलेंस सेवा के उत्कृष्ट कर्मियों का हुआ सम्मान

बांदा। सीएमओ कार्यालय परिसर में आयोजित इस सम्मान समारोह में एंबुलेंस सेवा के उन कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गयाए जिन्होंने आपातकालीन परिस्थितियों में समय पर पहुँचकर मरीजों की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई है। कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे जिला प्रोग्राम मैनेजर सोनेंद्र शुक्ला ने बताया की सम्मानित किए गए

## 15 मार्च तक चलेगा विशेष पंजीकरणअभियान

-सहायकश्रमायुक्त ने दीजानकारी



चित्रकूटब्यूरोः- सहायकश्रमायुक्तआर.के. गुप्ता ने बतायाकि श्रम एवंरोजगारमंत्रालय भारतसरकार द्वारासंचालितमहत्वाकांक्षी योजनाप्रधानमंत्री श्रम योगीमानधन योजना एवंप्रधानमंत्री लघुव्यापारीमानधन योजना के अंतर्गतविशेषपंजीकरणअभियानआगामी 15 मार्चतकराष्ट्रव्यापीअभियान के रूपमेंसंचालितकिए जाने के निर्देशप्राप्तहुए है।जिसमेंअसंगठित क्षेत्र मेंनियोजितकर्मकारों एवंलघुव्यापारियोंकोलाभान्वितकियाजानाहै।

उन्होंनेबतायाकिप्रधानमंत्री श्रमयोगीमानधनपेंशन योजना उन श्रमिकों के लिये एक सुरक्षा कवच है, जिनकेपास वृद्धावस्था के लियेकोईअन्य सहाराउपलब्ध नही है।इसकेअन्तर्गतअसंगठित क्षेत्र के सभीकर्मकारजोई.पी.एफ. एवंई.एस.आई. से आवर्त न हो,स्वयं से अथवाकिसीभीजनसेवाकेन्द्र के माध्यम से इस योजना का लाभप्राप्तकरने के लिए आनलाइनआवेदनकरसकतेहै।पंजीयनकराने के लिएअसंगठितकर्मकार की आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य होनीचाहिएतथावहई.पी.एफ. व ई.एस.आई. से आवर्त न हो।साथहीउसकीमासिकआय 15000 रुपये से अधिक न हो, ऐसेसभीकर्मकारोंको 18 से 40 वर्षतकआयु के अनुसार 55 से 200 रुपये प्रतिमाहजमाकियेजाने का प्रावधानहै।इसमेंपंजीकृतहोनेवालेअसंगठितकर्मकरोको 60 वर्ष की आयुहोने के बाद 3000 रुपये प्रतिमाहपेंशन देय है।इसीप्रकारप्रधानमंत्री लघुव्यापारीमानधन योजना के अन्तर्गतवार्षिकटर्नओवर 1.5 करोड़ (डेढ़ करोड़) तकवालेसभीलघुव्यापारी/दुकानदारराष्ट्रऊेय पेंशन योजनाके अन्तर्गतबोर्ड की बेवसाइटएवंजनसुविधा केन्द्रसे या श्रम विभागमेंआकरअपनापंजीयनकराकर60 वर्ष की आयु के बाद 3000 रुपये प्रतिमाहपेंशनपासकतेहै।उन्होंनेअसंगठित क्षेत्र मेंकार्यकरनेवालेसभीकर्मकरोंतथालघुव्यापारियों से अपील की हैकिवहअपनापंजीयनकराकरभारतसरकार की योजनाओं का लाभप्राप्तकरसकतेहै।

# यूजीसी कानून के विरोध में प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

. राष्ट्रपति से की कानून वापस लेने की मांग




अतर्राध्बांदा। यूजीसी कानून के विरोध में नगर के लोगों ने जुलूस निकालकर नार बड़ी वह प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी राहुल द्विवेदी को सोपा । कानून वापस लिए जाने की उठाई मांग।

यूजीसी कानून के विरोध में सुप्रीम कोर्ट के रोक लगाई जाने के बावजूद लोगों का ऋॉस थम नहीं रहा रविवार को पूर्व निर्धारित यूजीसी कानून के विरोध में अतर्रा बंद कार्यक्रम के तहत सैकड़ो की संख्या में लोग कस्बे के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल गौरा बाबा धाम में कटरा हुए जहां से जुलूस की संख्या में लोग यूजीसी कानून के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गांधी चौक पहुंचे और वहां यूजीसी कानून के विरोध में नारेबाजी व प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी राहुल द्विवेदी को सोपा ज्ञापन में मांग की है कि यह सवर्ण समाज के खिलाफ काला कानून तत्काल वापस होना चाहिए अन्यथा लोग सड़कों पर उत्तर कर सवर्ण समाज आंदोलन के लिए बाध्य होंगे इस दौरान क्षेत्र अधिकारी सहित थाना पुलिस प्रदर्शनकारियों को बाजार रोकने के लिए भरपूर कोशिश की लेकिन लोगों ने पुलिस की एक नहीं सुनी इस दौरान राजू त्रिवेदी रोहित शुक्ला अवधेश गुप्ता राजेंद्र मिश्रा राकेश बाजपेई ध्रुव उपाध्याय कृष्णकांत दिक्षित रवि सिंहओम नारायण तिवारी बाबू मिश्रा रानू तिवारी पुष्पेंद्र द्विवेदी अनिल गुप्ता अनिल गुप्ता राजेश गुप्ता शैलेंद्र सिंह शाहिद सैकड़ो लोग मौजूद रहे बताते चने की पुलिस प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए कस्बे के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल गौरव बाबा धाम में ही ज्ञापन सौंपने का दबाव बनाया लेकिन प्रदर्शनकारी नहीं रुके।

### पूरी तरह विफल रही बंदी

अतर्राध्बांदा। यूजीसी कानून के विरोध में 1 फरवरी को अतर्रा बंद का असर पूरी तरह विफल दिखाई पड़ा सभी दुकानें रोजाना की भांति खुली रही जिससे आंदोलनकारी में

## अवैध शराब के साथ पूर्व प्रधान गिरफ्तार



**चित्रकूटब्यूरोः** डिलौरागांव के पूर्वप्रधानराजूनिषादउर्फरजौवाकोआबकारीटीम ने अवैध शराब के साथगिरफ्तारकियाहै।आरोपीके घर से छापामारटीम ने अवैध शराबबरामद की है।

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग को शिकायत प्राप्तहुईथी, कि कर्वी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत डिलौरागांव मेंअवैध शराब की बिक्री की जा रही है। डीएम के निर्देशपरकर्वी के आबकारी निरीक्षक प्रणव कुमार पांडेय ने अपनी टीम के साथ बीती रात डिलौरागांव के पूव प्रधान राज निषाद उर्फर जौवाके घर एवंदुकान की सघनतलासीली।तलासी के दौरानपूर्वप्रधानअपने घरमेंदेशी शराब की बिक्रीकरवारहाथा।जिसकेबादवहांमिलीअवैध शराबकोबरामदकरतेहुए आरोपीराजूनिषादउर्फरजौवाकोगिरफ्तारकरलियागया।जिसकेविरुद्ध संयुक्तप्रांतआबकारीअधिनियम की धाराओं मे अभियुक्तपंजीकृतकियागयाहै।

## नाबालिक बेटी के साथ दुराचार करने वाला पिता गिरफ्तार

चित्रकूटब्यूरोः पत्नीकोजान से मारने के बादजेल से छूटकरआए सरकारीकर्मचारी के खिलाफउसकेनाबालिकबेटी ने हीदुष्कर्म की रिपोर्टदर्जकराईहै।पुलिस ने मामले की रिपोर्टदर्जकरने के बादपीडिता का चिकित्सीय परीक्षणरविवारकोकराया।

कर्वीकोतवालीमेंरविवारको उस वक्तहडकंप मच गया, जबअपनेचाचाऔरअन्य परिजनों के साथवहांपहुंची एक नाबालिकछात्रा ने बतायाकिउसकेपिता ने उसकेसाथदुष्कर्मकियाहै।पहलेतोकोतवाली मे मौजूदपुलिसकर्मियोंकोलड़की की बात का विश्वासनहींहुआ, किंतुजबपरिजनों ने भीआरोपों की पुष्टि की औरपीडिता ने बिलखतेहुए पिता की दरिंदगीबयां की तोपुलिस ने मामले की रिपोर्टदर्जकी।पीडिता ने बतायाकिवर्ष 2023 में उनके पिता ने मां की हत्याकरदीथी।जिसकेबादमामा ने घटना की रिपोर्टदर्जकराईथीऔरहत्यारोपीपिताकोपुलिस ने गिरफ्तारकरजेलभेजाथा।कुछदिनपूर्वहीआरोपीइलाहाबादउच्चन्यायालय से जमानतमिलने के बादरिहाहोकरबाहरआयाथा।पुलिस ने मामले की रिपोर्टदर्जकरने के बादपीडिता का सुरक्षा व्यवस्था के बीचजिलाअस्पतालमेंचिकित्सीय परीक्षणकराया।इस संबंध मेंकर्वीकोतवालीप्रभारी श्यामप्रतापपटेल ने बतायाकिपीडिता के बयानदर्जकरचिकित्सीय परीक्षणकरायागयाहै।साथहीआरोपीकोगिरफ्तारकरलियागयाहै।

# विकासखंड बिसंडा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पवई अस्थाई गौशाला मैं अधिकांश जानवर मर चुके हैं



**स्वतंत्र भारत संवाददाता बिसंडा बांदा।** गौशाला में गोवंश भूख प्यास एवं ठंड से मर रहे हैं और कुपोषण के शिकार हो रहे हैं बिसंडा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत पवई में संचालित अस्थाई गौशाला में अगस्त माह में 80 गोवंश रखे गए थे लेकिन वर्तमान समय पर सिर्फ 52 गोवंश मिले हैं। गौशाला से मृत गोवंशों को खुले स्थान में फेंक दिया जाता है कुत्ते नोच कर खाते है। खुले स्थान पर दो गोवंश मृत मिले हैं गोवंशों को सिर्फ सुखी परली खिलाई जा रही है इसके अलावा एक भी दाना भूसा का नहीं मिलागौशाला कर्मचारियों ने बताया कि मृत गोवंशों को खुले स्थान फेंक दिया जाता है उनका अंतिम संस्कार नहीं करवाया जाता।

आखिरकार बिसंडा ब्लाक के अंतर्गत गौशाला पर इतनी लापरवाही क्यों देखने को मिलती है क्या खंड विकास अधिकारी बिसंडा इस मामले को लेकर सक्रिय नहीं है। इसी तरह बांदा जनपद के बिसंडा नगर पंचायत द्वारा संचालित स्थाई गौशाला के पीछे कई गोवंश गड्ढे में मृत मिले और उनको कुत्ते नोच नोच कर खा रहे हैं जो कि लगभग एक माह पहले इसी स्थान पर गोवंश कुत्ते नोच खा रहे थे बिसंडा नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी को अवगत भी कराया गया था लेकिन अभी तक कोई सुधार नहीं हुआ ऐसे लापरवाह है नगर पंचायत अधिकारी के खिलाफ तुरंत कार्रवाई हो गौ माता के साथ अमानवीय व्यवहार कर रहे हैं।

## क्षेत्र पंचायत बिसंडा का अकाउंटेंट के के सिंह का भ्रष्टाचार चरम सीमा पर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता बिसंडा बांदा।** विकासखंड कार्यालय मैं कार्यरत रह चुके एक लिपिक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया की मनरेगा एवं क्षेत्र पंचायत का अकाउंटेंट के के सिंह जब से बिसंडा का चार्ज मिला है तब से आज तक की गोपनीय निष्पक्ष जांच दोनों मदों की कराई जाए तो उच्च अधिकारियों को भारी भ्रष्टाचार मिलेगा। मिली जानकारी के अनुसार बांदा जनपद के तहसील अतर्रा के अंतर्गत विकासखंड बिसंडा मैं कार्यरत के के सिंह क्षेत्र पंचायत के सरकारी कार्यों का कार्य खंड विकास कार्यालय में बैठकर नहीं किया जाता तथा क्षेत्र पंचायत के कार्यों का गोपनीय टेंडर निकालकर मन माफिक तरीके से अपने नजदीकी ठेकेदार को सरकारी कार्यों को देकर मानक विहीन कार्यों को कराया जाता है। क्षेत्र पंचायत का कोई भी कार्य की यम बी के विपरीत कार्य कराया जाता है तथा अधूरे कार्य काफी समय से पड़े हुए हैं अधिकांश कार्यों में लीपा पोती करते हुए कागजों में कार्यों को पूर्ण दिखाकर भुगतान किया जा चुका है। इसी तरह मनरेगा मद के कार्यों में भारी भ्रष्टाचार देखने को मिल सकता है। जबकि स्वतंत्र भारत संवाददाता इसकी पुष्टि नहीं करता है । मंडला आयुक्त चित्रकूट धाम बांदा एवं जिलाधिकारी बांदा समाचार पत्र का संज्ञान लेते हुए विकासखंड बिसंडा मैं क्षेत्र पंचायत के कार्यों एवं मनरेगा कार्य की उच्च स्तरीय जांच कराना जनहित एवं शासन हित में होगा। आज दिन रविवार को जब इस संबंध में अकाउंटेंट के के सिंह के मोबाइल पर संपर्क किया गया तो स्विच ऑफ बता रहा था मोबाइल। खंड विकास अधिकारी अंजली यादव भी इस पर खामोश है पता नहीं ऐसा क्यों और किस लिए है ।

**नर्माण हो रहे स्टेडियम का ओचक निरीक्षण अपर जिलाधिकारी ने किया**

**छिबरामऊ कन्नौज ।** बहावलपुर में निर्माण हो रहे स्टेडियम का ओचक निरीक्षण अपर जिलाधिकारी ने किया । अपर जिलाधिकारी द्वारा बहावलपुर में निर्माण हो रहे स्टेडियम का ओचक निरीक्षण किया गया जिसमें निर्माण हो रहे स्टेडियम का नक्शा एवं अन्य जानकारियां अवर अभियंता रविराज कौशल द्वारा दी गई जिसमे अधिशासी अधिकारी व निर्माण लिपिक आशुतोष पांडेए नीरज राजपूतए शिवम दुबे संबंधित ठेकेदार नीरज दुबेए आदि लोगे मौजूद रहे।

## माघ मेला में आपदा मित्रों की तत्परता से बची श्रद्धालु की जान



**छिबरामऊ कन्नौज।** माघ मेला के दौरान मेहंदी घाट पर स्नान करने आई एक महिला श्रद्धालु अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी। मौके पर तैनात आपदा मित्र आकाश कुमार व विकास ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बिना देर किए तत्काल महिला को संभाला और हाथों में उठाकर सड़क तक पहुंचाया। इसके बाद एंबुलेंस को सूचना देकर महिला को जिला अस्पताल कन्नौज की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया।

डॉक्टरों के अनुसार समय पर उपचार मिलने से महिला की हालत अब पूरी तरह ठीक है। प्राथमिक उपचार के बाद आपदा मित्र पुनः अपने कर्तव्यों पर लौट आए। घटना के बाद आपदा मित्रों ने मेहंदी घाट पर निरीक्षण कर रहे जिलाधिकारी श्री आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक श्री विनोद कुमार को पूरी घटना की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने दोनों आपदा मित्रों की तत्परता और मानवता भरे कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी आपात परिस्थितियों में किसी का इंतजार न करते हुए तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।जानकारी के लिए आपको बता दे यह घटना रविवार की सुबह 8रू00 बजे की। आपदा मित्रों की सजगता से एक श्रद्धालु की जान बच सकीए जिससे माघ मेला में सुरक्षा व्यवस्था की प्रभावशीलता भी सामने आई ।

## जिला संगठन प्रभारी के साथ बजट पर चर्चा



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद।रविवार केंद्रीय बजट 2026 वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय संसद में पेश किया गया इसका लाइव प्रसारण आवास विकास के एक अस्पताल में बजट पर चर्चा कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद्र बर्मा ने की जिसमें भाजपा उत्तर प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मोहन पांडे एवं जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे सहित जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने लाइव स्क्रीन पर बजट कार्यक्रम को देखा।

बजट कार्यक्रम के बाद भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि सूचित करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की भाजपा सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार एक महिला के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए 9वाँ बजट पेश किया। 2047 के विकसित भारत लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने जन कल्याणकारी बजट पेश किया है जिसमें गांव गरीब किसान नौजवान व्यापारी दलित एवं महिला हर वर्ग के लोगों के लिए कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। पार्टी के निर्देश पर संगठन के माध्यम से प्रत्येक मंडलों एवं विधानसभा स्तर पर कार्यकर्ताओं एवं आम जनमानस की उपस्थिति में पूरे बजट कार्यक्रम को देखने का निर्णय लिया गया।सरकार का फोकस डिफेंस सेक्टर किसानो की आय क्रिटिकल मिनरल्स डाटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर रोजगार और अर्थव्यवस्था पर है वैश्विक तनाव और आर्थिक अनिश्चित के बीच इस बजट में मिडिल क्लास उद्योग स्टारअप्स और निवेशकों को ध्यान में रखकर सुविधा देने का कार्य किया गया। सरकार ने बुनियादी ढांचे पर जोर देने का कार्य किया है विभिन्न क्षेत्रों में आसान नियम कम लागत टैक्स राहत और निर्यात शुल्क में छूट जैसी विभिन्न सुविधाएं दी है ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार ने छोटे.छोटे उद्योगों को प्रोत्साहित करने के कार्य किए हैं। भारत विश्व का सबसे ताकतवर देश बनेगा। जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने बताया भारत को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए 2014 से केंद्र की सरकार निरंतर कई ऐतिहासिक निर्णय ले रही है 2014 से पहले का भारत क्या था और वर्तमान का भारत क्या है इसमें बहुत भिन्नता हो गई है आज का भारत अपनी मजबूत उपस्थिति वैश्विक पटल पर दिख रहा है विकसित राष्ट्र के संकल्प को साकार करने के लिए 2026 के बजट में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं।

भाजपा जिला अध्यक्ष फतेह चंद्र वर्मा ने बताया पूरे जनपद में प्रत्येक बूथ सभी शक्ति केंद्रो विधानसभाओं एवं सभी मंडलों में पूरे बजट कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं ने देखा है इसके उपरांत इस बजट को लेकर कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर सरकार के निर्णय की जानकारी देने का कार्य करेंगे यह बताएंगे कि सरकार ने आम जनमानस के लिए जो राहत देने का कार्य किया है यह आम जनमानस से वार्तालाप के माध्यम से प्रचारित करेंगे। इस अवसर पर दुग्ध संघ अध्यक्ष सत्यपाल सिंह आर्थिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक जितेंद्र सिंह कैप्टन डी एस राठौर अमरदीप दीक्षित जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी वीरेंद्र कठेरिया समेत पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे

## बजट में जिले के लघु उद्यमियो को मिली बड़ी राहत-मुकेश गुप्ता



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद।केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश गुप्ता ने बताया कि यह बजट सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास के संकल्प को साकार करते हुए सभी परिवारों समुदायों धर्म और सभी क्षेत्रों को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए भागीदारी प्रदान करने का अवसर प्रदान करता है।

श्री गुप्ता ने बताया कि आजकल के युग में टेक्नोलॉजी के हर क्षेत्र में चाहे वह हमारा दैनिक कार्य क्षेत्र हो या बड़े.बड़े व्यावसायिक क्षेत्र में डाटा को स्टोर करने के लिए पढ़ने वाली जरूरत क्लाउड स्टोरेज को बढ़ावा देने के लिए उन बहुराष्ट्रीय कंपनियों को जिनके डाटा सेंटर हमारे भारत में स्थापित करके पूरे विश्व में अपनी सेवाएं देने वाली ऐसी कंपनियों को कर ;टैक्सद्ध की छूट प्रदान करके आईटी क्षेत्र को और विकसित करने का प्रयास किया गया है।

उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट के लिए पहले हम दूसरे देशों से आयात पर निर्भर करते थे उस समय हमारा उत्पादन इस क्षेत्र में बहुत कम हुआ करता था ।इसीलिए क्रमशः हर बजट में इस क्षेत्र में प्राथमिकता बढ़ाते हुए इस बार भी इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2º0 योजना शुरू की गई है इसके तहत सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट के उद्योग के लिए एक बहुत बड़ा फंड 40000 करोड रुपए आवंटित करना एक अच्छा कदम है।

उन्होंने बताया कि सरकार ने हमारे उत्तर प्रदेश के विकास को अच्छी गति देने के लिए बनारस रेलवे स्टेशन को भारत के साथ हाई स्पीड रेल कॉरिडोर में शामिल किया है इसमें दिल्ली से बनारस और बनारस से सिलिगुड़ी रेल मार्ग शामिल किए गए हैं । इससे हमारे प्रदेश में इन रेल मार्गों के विकसित होने से कई शहरों की कनेक्टिविटी सरल होगीऔर इससे आवागमन में समय की बचत होगी और इससे यहां उद्योगों को राहत मिलने के कारण उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश आकर्षित होगा। भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर सुधार के लिए तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान खोलने का प्रावधान करके हमारे देश की पुरानी आयुर्वेदिक पद्धति को सरकार निरंतर बढ़ाने का प्रयास कर रही है। महिला सशक्तिकरण के तहत महिलाओं के लिए देश के हर जिले में एक गर्ल्स हॉस्टल जिले की उच्च शिक्षण संस्था जो की विज्ञान तकनीक से संबंध हो खोला जाएगा यह एक प्रशंसनीय कदम है। पूंजीगत खर्च में पिछले बजट की तुलना में 9 प्रतिशत अधिक आवंटित करके देश का इंफ्रास्ट्रक्चर गतिशील होगा । इससे हर क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर बढ़ेंगे तथा कनेक्टिविटी बेहतर होगी जो उद्योगों के विकास के लिए जरूरी भी है। मैन्युफैक्चरिंग पर विशेष फोकस होने से भी देश में बेरोजगारी कम होगी।इस बजट से फर्रुखाबाद जिले के ऊपर क्या प्रभाव पड़ा घ् इसके बारे में श्री गुप्ता ने बताया कि फर्रुखाबाद के जरदोजी और कपड़ा छपाई उद्योग के लिए विशेष राहत के रूप में कोरियर के द्वारा निर्यात किए जाने वाले माल की कीमत मूल्य सीमा जो पहले 10 लाख रुपए हुआ करती थी इस सीमा को अब समाप्त कर दिया गया है इससे हमारे जिले के एमएसएमई उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और छोटे.छोटे निर्यातकों का समय कागजी कार्यवाही और कोरियर खर्चे में बचत होगी जो कि वैश्विक टैरिफ बार को देखते हुए एक सराहनीय कदम होगा जिससे हमारे निर्यात में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि जैसी की उम्मीद थी कि 2025 में बड़े जीएसटी रिफॉर्म के द्वारा जीएसटी में पहले से ही छूट दी जा चुकी थी और पिछले बजट में व्यक्तिगत करदाताओं को बड़ी छूट प्रदान की जा चुकी थी

## विधिक साक्षरता शिविर में जिला जज ने समाजसेवियों को सम्मानित किया



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मेला रामनगरिया में आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों की सराहना की और परिवार कल्याण की सदस्य गण तथा अच्छा कार्य करने वाले को साल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है

इस अवसरपर अपर जनपद न्यायाधीश दीपेंद्र कुमार सिंह मेराज अहमद संजय कुमार तथा सी जे एम घनश्याम शुक्लाएसिविल जज जयवीर सिंह व दीपिका रानी ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा लीगल एड डिफेंस काउंसिलगण शिव नरेश सिंहए सुरेन्द्र कुमार राणा प्रशांत गुप्ता परा विधिक वालंटियर्स नरेन्द्र सिंह परिहार यशपाल सिंह देवराज सिंहए हेतरामए धनदेवीए अंजली परिवार कल्याण समिति की सदस्यगण गुंजा जैन भावना गुप्ता मालती देवी शिवांगी तिवारी वाणी मिश्रा के साथ इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के शीश मेहरोत्रा जिला प्रशासन की डॉ रंजना राणा तथा पत्रकार सतीश गुप्ता को सम्मानित किया गया जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फर्रुखाबाद की सचिव श्रीमती प्रियंका गांधी ने प्रचलित कार्यों तथा विधिक जानकारी देकर मेला श्री रामनगरिया पांचाल घाट फर्रुखाबाद के सभागार में उपस्थित जनमानस को जागरूक किया गया पर्व सचिवध्अपर जनपद न्यायाधीश संजय कुमार द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनमानस से अपील की गई कि कार्यक्रम से विधिक सहायता प्राप्त कर अपने पड़ोसियों व रिश्तेदारों को भी जागरूक करने का काम करें अपर जनपद न्यायाधीश मेराज अहमद द्वारा गीत प्रस्तुत कर लोगों का मनमोह लिया इस दौरान बार एसोसिएशन पूर्व अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार डिप्टी के लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सुरेंद्र कुमार राणा मौजूद रहे

## नहर कोटी से मुख्य मार्ग होते हुए तहसील में उप जिलाधिकारी को यूजीसी के खिलाफ ज्ञापन सौपा गया

**छिबरामऊ कन्नौज ।** सवरण समाज ने के युवाओं ने नहर कोठी से मेंन बाजार होते हुए तहसील पहुंचकर उप जिला अधिकारी को यूजीसी के खिलाफ दिया लिखित ज्ञापन । श्रवरण समाज के युवा नहर कोठी पर एकत्रित होकर यूजीसी के खिलाफ केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शहर के मुख्य मार्ग होते हुए तहसील परसर के लिए चले और कालका देवी मंदिर से पूर्व रास्ते में उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र दुबे क्षेत्राधिकारी पुलिस को ज्ञापन सोपा शहर में भारी संख्या में लोग मुख्य बाजार से होते हुए सौरिख तिराहे पर जमकर सरकार विरोधी नारे मोदी मुर्दाबाद के नारे अमित शाह मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए तहसील मुख के कालका देवी मंदिर के पास ज्ञापन देकर वापस लौटे साथ ही भारी पुलिस बल भी तैनाद रहा विष्णुकांत तिवारी के नेतृत्व में भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा डॉ रजनीश दुबे हेमंक तिवारी पंकज दुबे अरुण मिश्रा राजेश पाठक विमल कुमार मोहित कुमार श्रवण कुमार विजय कुमार कुलदीप दुबे शिवम दुबे कुलदीप मिश्रा शिवम अग्निहोत्री पुनीत दुबे हिमांशु चौहान हजारों की संख्या मेंसहित सैकड़ो युवा प्रदर्शन में सम्मिलित रहे।

## जटवारा जदीद में शिव बाबा का 90वां अवतरण दिवस मनाया गया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता फर्रुखाबाद।**प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओमनिवास जटवारा जदीद सेंटर पर 90 वाँ शिवजयंती समारोह राजयोगिनी बी के शोभा दीदी ने कहा कि हम अपने अंदर छिपे हुए अज्ञानता और मनोविकारों दुर्गुणों को ईश्वर पर हृदय से अपनी जीवन की गंदगी को शिव पर अर्पण कर उनसे सुख शांति पवित्रता के धरोहर को अपने जीवन में अमूल्य रत्न समझ कर स्वीकार करें तभी जीवन में सच्ची सुख और शांति प्राप्त हो सकती है अज्ञानता और दुर्गुणों से मुक्त होना ही सच्ची शिवरात्रि मनाना है।

उन्होंने कहा शिवबाबा भोलेनाथ को आए हुए 90 वर्ष हो चुके हैं अब उनको पहचानो और अपना खोया हुआ भाग्य बना लो।मानसिंह पाल ने कहा कि हम किसी से डरे नहीं डरे तो अपने बुरे आचरण से अपने हृदय की गंदगी से और परमात्मा के प्रति होने वाले अविश्वास से रामकिशोर भाई ने कहा की दो चीज हमारा परिचय देते हैं हमारा धैर्य और हमारा व्यवहार गंगासिंह जी कहा की उत्तम मनुष्य वह होता है जिसमें सत्य धर्म और त्याग के श्रेष्ठ गुण होते हैं वही व्यक्ति अहंकार रूपी शत्रु से जीत का सकता है पूनम बहन ने कहा की हमें दया और करुणा के तहत हर मानव में नैतिक मूल्यों को भरने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि पूर्व बैंक प्रबंधक मनोज कुमार दीक्षित नें ब्रह्मकुमारी बहनों की जमकर सराहना करते हुए कहा कि यह बहने जो कार्यक्रम कर रही हैं यह बहुत ही त्याग मुहूर्त और सराहनीय है।

## शांति महोत्सव सारी दौलत में पहुंचे पूर्व विधायक



**छिबरामऊ कन्नौज।** शांति महोत्सव सारी दौलत कार्यक्रम में पहुंचे समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव 11 दिन से लगातार चल रहा सचानंद महाराज जी का शांति महोत्सव सराय दौलत में सम्मिलित हुए3 मौजूदा श्रोताओं ने पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव का जोरदार स्वागत किया इस मौके पर पूर्व विधायक ने कहा महाराज सच्चा नंद हमेशा शांति की राह पर लोगों को चलने को सिखाया उन्होंने धर्म को आगे बढ़ाने के लिए बहुत से ज्यादा प्रयास किया इस सरकार में बाबा लोगों का अपमान जितना हुआ उतना किसी सरकार में नहीं हुआ शंकराचार्य महाराज बिना नाहे मांघ मेले इलाहाबाद से वापस चले गए इस सरकार में सिर्फ हिंदू मुस्लिम को आपस में लाड़ने का कार्य किया जाता है इस मौके अरेन्द कुशवाहा हरदोई श्याम सिंह सजीव पांडे ज्योति चौरसिया पवन चौरसिया भुल्लन यादव यादव ठेकेदार अखिलेश दिनेश लोधी प्रधान राजवीर दिवाकर प्रधान वीनू शाक्य प्रधान अंकुर यादव मिडिया प्रभारी मैजूद रहे ।

## सपा कार्यालय में मनाई गई महान विभूतियों की जयंती



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फरुखाबाद।समाजवादी पार्टी के आवास विकास स्थित जिला कार्यालय में सन्त नरहरी दास एवं सन्त रविदास की जयंती मनाई गई।

कार्यालय पर जिला सचिव शिव शंकर शर्मा की अध्यक्षता में दोनों महान विभूतियों की जयंती मनाई गई संतों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों जीवन मूल्यों सिद्धांतों एवं समाज के प्रति उनके योगदान पर चर्चा की गई। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष रोमित सक्सेना जिला सचिव रामपाल यादव ब्लॉक अध्यक्ष बढ़पुर मुख्तार आलम ने विचार व्यक्त किए तथा इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष व्यापार सभा प्यारे मियां शैलेंद्र सिंह प्रमोद कुमार यादव रवि भारद्वाज वाशु गुप्ता अरविंद यादव पंकज गुप्ता कार्यालय प्रभारी विवेक भारद्वाज आदि पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।


### कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, उन्नाव वृत्त, लो०नि०वि० उन्नाव

पत्रांक : 431 एम/1एमटी/ई टेन्डर/उ0वृ0/2026 दिनांक : 27.01.2026

**ई–निविदा सूचना**

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 में मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत एस0बी0डी0 के अनुसार सक्षम निविदादाताओं से ई–टेन्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु आइटम दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | विधानसभा बिलग्राम–मल्लावां (नवीनीकरण कार्य) | | | | | |
| 1 | हरदोई | मेंहदीघाट सण्डीला भटपुर मार्ग (राज्य मार्ग सं0–137) के नवीनीकरण का कार्य | 901.00 | 18.02 | 2714.00 | 8 माह | मार्ग कार्य श्रेणी ए |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 03.02.2026 से 09.02.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो दिनांक 09.02.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 09.02.2026 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

1. लो0नि0वि0 में निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से होना है। प्रहरी का यू0आर0एल0 http:/wms.uppwd.gov.in/Prahari/ है। वेबसाइट खोलने पर प्रहरी लॉगइन का पेज खुलेगा, जिस पर यूजर टाईप कान्ट्रेक्टर चयनित करते हुए लॉगइन करना होगा। लॉगइन करने के लिये यूजर नेम एवं पासवर्ड हेतु चाणक्य पर ठेकेदार पंजीकरण हेतु उपयोग में लाये जान वाले यूजर नेम एवं पासवर्ड ही होगा। प्रहरी पर निविदादाता को निविदा सम्बन्धी समस्त वॉछित सूचना तथा आवश्यक अभिलेख अपलोड करना है जिसकी विस्तृत जानकारी प्रहरी पर उपलब्ध है।
2. निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(राज कुमार मौर्य)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0
हरदोई (मु0–बिलग्राम)

(एन0 के0 वर्मा)
अधीक्षण अभियन्ता
उन्नाव वृत्त, लो0नि0वि0
उन्नाव

उ0प्र0 245017 दिनांक– 30.01.2026 Website: www.upgov.nic.in

### कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सिंचाई निर्माण मण्डल, महोबा

**ई–निविदा सूचना सं0–07/अधी0अभि0/2025–26**

**(वित्तीय स्वीकृति/बजट आंवटन प्राप्त होने की प्रत्याशा में)**

महामहिम श्री राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से वित्तीय स्वीकृति/बजट आंवटन प्राप्त होने की प्रत्याशा में निम्नलिखित कार्य हेतु सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 के निम्नलिखित पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं, जिसमें इच्छुक निविदादाताओं द्वारा ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा प्रपत्र, निम्नानुसार निर्धारित तिथि तक आनलाइन डाउनलोड/अपलोड किये जा सकेगें, जो दिनांक 13.02.2026 को अपरान्ह 16.00 बजे मुख्य अभियंता(परि0/बे0) सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, झांसी द्वारा गठित समिति के समक्ष अधीक्षण अभियंता, सिंचाई निर्माण मण्डल, महोबा के कार्यालय कक्ष में आनलाइन खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने या अवकाश होने की दशा में यह निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र अपलोड करने से पहले निविदादाता निविदा सूचना में उल्लिखित शर्तो का भली भांति अध्ययन कर लंः–

| लाट सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रूपये में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 एवं स्टेशनरी चार्ज सहित) रू0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | विभाग में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चित्रकूट | गुन्ता मुख्य नहर के किमी0 15.795 पर बैरल कम एक्वाडक्ट का निर्माण कार्य | 721.00 | 14.42 | 8614.00 | 12 माह | एए |

नोटः– कार्य की लागत में जी0एस0टी0 सम्मिलित नही है।

**निविदा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ**

| Sr.No. | Particulars | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Pre Bid meeting date | - | - |
| 2 | Bid Submission Start date | 03-02-2026 | 11.00 A.M. |
| 3 | Bid Submission End date | 13-02-2026 | 15.30 P.M. |
| 4 | Technical Bid Opening | 13-02-2026 | 16.00 P.M. |
| 5 | Financial Bid Opening | Date, time and place will be decided after technical bid evaluation and will be communicated on-line at e-portal and notice board. | -- |

निविदा से सम्बंधित अधिक जानकारी उ0प्र0 सरकार की ई–टेण्डर की वेबसाईट (http://etender.up.nic.in) सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की वेबसाईट (http://information.up.nic.in) तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट (http://irrigation.up.nic.in) पर भी उपलब्ध है।

(सी0के0 मंगलम)
अधीक्षण अभियन्ता
सिंचाई निर्माण मण्डल, महोबा

उ0प्र0 244972 दिनांक– 30.01.2026
Website: www.upgov.nic.in

### कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल–कानपुर।

पता :– 119 मंगला विहार–द्वितीय, देहली सुजानपुर कानपुर नगर।

पत्रांक– 1254/ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्रावली/सामान्य कार्य–कानपुर नगर/2025–26 दिनांकः 24.01.2026

**ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना**

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल कानपुर के द्वारा भवन निर्माण कार्य हेतु उ0प्र0 ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग में अर्ह एवं पात्र श्रेणी ए, बी एवं सी में पंजीकृत निविदादाताओं से *ई–टेण्डरिंग* के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। *बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जी0एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा।*

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र0 सं | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | बिड सिक्योरिटी (इ0एम0डी0) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य अथवा निविदा फीस जी.एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0मे) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कानपुर नगर। | विक्रमाजीत सिंह सनातन धर्म कॉलेज के लाला हरदत्त राय छात्रावास के बगल में पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी की स्मृति में एक लाइब्रेरी का निर्माण कार्य। | 41.38 | 0.83 | 3500.00 | 06 माह |

2. वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः– 04.02.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे से।
3. बिड डाक्यूमेन्ट डाउनलोडिंग प्रारंभ करने की तिथि एवं समयः–04.02.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे से।
4. प्रि बिड मीटिंग की तिथि एवं समयः– 13.02.2026 को प्रातः 11.00 बजे से।
5. ई–निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारंभ तिथि/समयः– 04.02.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे से।
6. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समयः– 03.03.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक।
7. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 03.03.2026 को अपरान्ह 03:30 बजे।
8. टेण्डर प्रकिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नहीं होगा।
9. निविदा आन–लाईन वैब साइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
10. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट https://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है कि बिड सब्मिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली भॉति पढ़ लें।

अधीक्षण अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
परिमण्डल–कानपुर।
श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से।

उ0प्र0 244965 दिनांक– 30.01.2026
Website: www.upgov.nic.in

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 236 मरीजों का हुआ उपचार



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 236मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में चिकित्सक विवेक खरे ने कुल 52 मरीजों का उपचार किया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में 41मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बाल कृष्ण मिश्रा के देखरेख में 49मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला डॉक्टर शालिनी सिंह के देखरेख में 48मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक मनीष कुमार के देखरेख में 46मरीजों का उपचार कर दवा वितरण किया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा मुड़पेली में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 236 मरीजों का उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। इस दौरान फ़र्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार,सुभाष पटेल, दशरथ पटेल एलटी राकेश पटेल,स्टॉफनर्स माया आदि मौजूद रहें।

# सपा कार्यालय में मनाई गई संत रविदास एवं संत नरहरी दास सोनार की जयंती



**स्वतंत्र भारत मिर्ज़ापुर।** समाजवादी पार्टी की जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक व

### मन चंगा, तो कठौती में गंगा' की कहावत का किया गया जिक्र

संत रविदास एवं संत नरहरी दास सोनार जयंती जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट के प्रांगण में रविवार को आयोजित हुई। इस अवसर पर संत रविदास एवं संत नरहरी दास सोनार के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुये जयंती मनाई और गोष्ठी कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।

इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा संत रविदास जी की कहावत मन चंगा तो कठौती में गंगा का भी ज़िक्र किया। उन्होंने कहा कि रविदास जी की रचनाएं आज भी लोगों को प्रेरित करती है। इन्हीं में से एक है मन चंगा, तो कठौती में गंगा' इसका अर्थ है कि यदि मन शुद्ध है, नीयत अच्छी है तो वह कार्य गंगा के समान पवित्र है। कहा कि संत नरहरी दास सोनार गोस्वामी तुलसीदास के गुरु थे जिन्होंने रामचरितमानस की रचना की। गोस्वामी तुलसीदास को रामचरितमानस लिखने की प्रेरणा नरहरी दास से ही मिली थी। वे भगवान शिव और विष्णु के महान भक्त तथा शिव उपासक थे। उन्होंने कहा कि यह अवसर समाज में एकता भक्ति व भेदभाव मिटाकर ईश्वर के प्रति समर्पण का संदेश देता है। यह समाज को एकजुट करने और आध्यात्मिक मूल्यों को बढ़ावा देने का प्रतीक है।

गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी व संचालन जिला महासचिव आदर्श यादव ने किया। गोष्ठी में अशोक यादव, मुन्ना यादव, आशीष यादव, डॉ शक्ति श्रीवास्तव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, राजेन्द्र सिंह पटेल, रामजी मौर्या, सुनील पटेल, शैलेष पटेल, झल्लू यादव, राणा प्रताप सिंह, राजेन्द्र यादव, रवि सोनकर, जुम्मन खान, जैनेन्द्र सिंह, आशीष राय, विजय सिंह पटेल, भरतलाल बिन्द, अनीष खान, वन्दना गुप्ता, रामराज यादव, सौरभ सिंह, राहुल यादव, अशोक यादव, बबलू शुक्ला, रमाशंकर कोल, बलराम यादव, सुरेश यादव आदि मौजूद रहें।

# गरम पानी गिरने से महिला का पैर झुलसा

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा निवासी महिला रविवार की सुबह गरम पानी से दाहिना पैर झुलस गया महिला के परिजनों द्वारा उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा उपचार किया गया है। थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा निवासी राम मनोरथ की 37 वर्षीय पत्नी रीना देवी घर में भगौना मे पानी गरम कर घर में लेकर जा रही ठीक की पानी दाहिने पैर में झूलस गई। महिला के चीख पुकार सुनकर पहुँचे महिला के परिजनों द्वारा उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे द्वारा महिला का उपचार किया है। उपचार के बाद महिला को उसके परिजनों द्वारा घर लेकर चले गए है। इस संबंध में चिकित्सक विवेक खरे ने बताया की गरम पानी से महिला का दाहिना पैर झुलस गया थां परिजनों द्वारा उपचार के लिए लाया गया था उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। महिला के परिजन घर लेकर चले गए।

# जनजाति सम्मेलन व सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होंगे राज्यमंत्री व एससी एसटी आयोग के उपाध्यक्ष

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र के मनिगढ़ा के इनारी टोला में सेवा समर्पण संस्थान संबद्ध अखिल भारतीय बनवासी कल्याण आश्रम मिर्ज़ापुर के तत्वाधान में 2 फ़रवरी को जनजाति सम्मेलन व संस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीव सिंह गौड़ राज्यमंत्री समाज कल्याण विभाग व विशिष्ट अतिथि एससी एसटी आयोग के उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार शामिल होंगे। इस आशय की जानकारी सेवा समर्पण के प्रमोद पाण्डेय ने दी है।

# भगवान की भक्ति के लिए प्रेरित करती है श्रीमद्भागवत कथा : प्रेम मूर्ति महराज

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमंडगंज थानाक्षेत्र के बबुरा कलां गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन रविवार को वृंदावन से पधारे कथा व्यास पंडित प्रेम मूर्ति महराज ने भगवान कृष्ण की लीलाओं, उद्धव गोपी संवाद व भगवान कृष्ण और रूक्मिणी के विवाह की कथा का भक्तों को अमृतपान कराया। कथा व्यास ने कहा कि भगवान निराकार हैं और सभी जगह विद्यमान हैं। उद्धव और गोपी संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि उद्धव को अपने ज्ञान और बुद्धि पर बड़ा अभिमान था।वह प्रेम भाव को तुच्छ समझते थे। उद्धव के अभिमान को नष्ट करने तथा प्रेम व भक्ति का मर्म समझाने के लिए भगवान कृष्ण उद्धव को ब्रज में भेजते हैं। भगवान कृष्ण के प्रति गोपियों का प्रेम व भक्ति भाव देखकर उद्धव अपना ज्ञान भूल जाते हैं। कथावाचक ने कहा कि भगवान का स्मरण करने से ही संसार रूपी भव सागर को पार किया जा सकता है। श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य को भगवान की भक्ति के लिए प्रेरित करती है। प्रेम मूर्ति महराज ने भगवान कृष्ण और रूक्मिणी विवाह की कथा का मनोहारी वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलता है।कथा के अंत में भागवत महापुराण की आरती उतारी गई और भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। कथा यजमान इन्द्रकली मिश्रा, ओमप्रकाश मिश्र शांति देवी, हरिशंकर मिश्र, आनंद नाथ मिश्र, सेवानिवृत्त आईएएस मणि प्रसाद मिश्र, अधिवक्ता विजय नारायण मिश्र,रमाकांत तिवारी, सूर्य प्रकाश मिश्र सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण किया।

# पुत्री के गुम होने पर पिता ने मुकदमा दर्ज कराया

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरया गाँव निवासी लल्ला कोल ने रविवार को थाने मे तहरीर देकर पुत्री को बहला फुसलाकर भगाने वाले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दी गई तहरीर में बताया है की बीते 23 जनवरी को समय पांच बजे भोर जंगल में लकड़ी लेने मेरी पुत्री गई थी की जो वापस घर नही आई खोजबीन किया तो मालूम हुआ की की गाँव निवासी एक युवक मेरी पुत्री को बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर भगा ले गए है जिस पर पुलिस ने युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष श्याम लाल ने बताया की युवक की तहरीर पर युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में सीनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

**स्वतंत्र भारत मऊ।** सीनियर बैडमिंटन क्लब के जिला अध्यक्ष मनीष सर्राफ एवं जिला महामंत्री विनोद यादव के नेतृत्व में डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में सीनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगरपालिका के ईओ दिनेश यादव और शहर कोतवाल अनिल सिंह द्वारा किया गया।प्रतियोगिता का संचालन प्रशांत वर्मा ने किया।

उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता 35 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए आयोजित की गई, जिसमें डबल्स मुकाबले खेले गए। आयोजन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मनीष सर्राफ ने कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। खेल भय को दूर करने, थकान से उबरने और कठिनाइयों का सामना करने की शक्ति प्रदान करता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वयं स्टेडियम आएं और बच्चों को भी खेलों के प्रति प्रेरित करें।इस अवसर पर दोनों मुख्य अतिथियों ने भी प्रतियोगिता में भाग लेकर खेल के प्रति अपना उत्साह दिखाया। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में शहर कोतवाल अनिल सिंह एवं उनके जोड़ीदार सूर्यप्रताप सिंह (टीटू) ने डॉ. पुनीत और रानू सिंह को पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं डॉ. विनय गुप्ता एवं पुष्कर ने तीसरा स्थान हासिल किया।प्रतियोगिता में दर्जनों खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. रघुनंदन, डॉ. सत्यानंद, डॉ. ज्ञानेंद्र, डॉ. ए.के. रंजन, संतोष यादव, धनंजय सिंह, रजनीकांत शर्मा, विक्रांत जयसवाल, रोहित जयसवाल, संतोष वर्मा, अजय यादव, मिथलेश, साश्वत गुप्ता, लवकुश, नन्हे सिंह, शशांक राय सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी व खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# नवागत सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया जिला जेल का निरीक्षण

**स्वंतत्र भारत विस मऊ।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश के अनुक्रम में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कुमार यादव तृतीय के मार्गदर्शन में शनिवार नवागत सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मऊ साक्षी सिंह एवं न्यायाधीश किशोर न्याय बोर्ड मऊ सागर सिंह ने संयुक्त रूप से जिला कारागार मऊ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

# धूमधाम से मनाई गई संत रविदास जयंती बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा



**स्वतंत्र भारत राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के कोन भरुहवा गांव में रविवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। नव युवक समिति कोन भरुहवा के तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जयंती समारोह को लेकर गांव में सुबह से ही उत्सव का माहौल बना रहा। युवा समाजसेवी एवं ग्राम प्रधान पद प्रत्याशी नदिहार के सुजीत पटेल ने फीता काटकर किया। इसके बाद उन्होंने संत गुरु रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सुजीत पटेल ने कहा कि संत गुरु रविदास एक महान समाज सुधारक थे। संत रविदास की जयंती युवाओं के लिए प्रेरणा का काम करती है। हर साल की भांति इस वर्ष भी संत रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिन्होंने भेदभाव रहित समाज की परिकल्पना की थी। उनके विचार आज भी समाज को सही मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि संत रविदास द्वारा दिया गया समानता, भाईचारा और मानवता का संदेश आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी एकता और सद्भाव को मजबूत करते हैं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संत रविदास का जीवन संघर्ष, सादगी और सेवा का प्रतीक रहा है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज से कुरीतियों को दूर किया जा सकता है। सुरेंद्र मौर्य ने बिरहा गीत गाकर संत रविदास की जयंती पर लोगों का मन मोह लिया लोग तालियां बजाने को मजबूर हो गए। कार्यक्रम का संचालन श्याम बिहारी मौर्य ने किया। इस मौके पर समिति के राहुल, मुकेश कुमार, प्रवेश विश्वकर्मा, संदीप कुमार, अरुण मौर्य, संजय मौर्य, श्याम नारायण मौर्य ,गिरिजा मास्टर, शंभू मास्टर, कल्लू भारती, रमेश,समाजसेवी राजदीप पटेल उर्फ (राजू) सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

# बहू के बंधक बनाए जाने पर परिवारजन परेशान, थाना से लगाई गुहार

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** थाना संतनगर अंतर्गत पड़रिया कला की बहू अपने मायके से ससुराल आने को हलिया थानांतर्गत कुशियरा से बुधवार को दोपहर निकली आज तक घर नहीं पहुंचने पर परिवारी जन परेशान है।पड़रिया कला के राधेश्याम कोल ने बताया कि मेरा लड़का बाहर जाकर काम करता है।बहू हलिया थाना क्षेत्र के कुशियरा अपने मायके गई थी जहा से बुधवार दोपहर प्राइवेट बस कुशियरा से मीरजापुर चलती है उसी पर मायके के लोग बैठा दिए मेरी बहू 24 वर्षीय गीता को दीपनगर बस से उतर कर पड़रिया कला घर पहुंचना था वह सो गई जिससे मीरजापुर चली गई। मिर्जापुर से बस वाले ने दूसरी बस पर बैठाया कि इसी से चली जाओ घर पहुंच जाओगी वह बैठ गई।उस बस में मेरी बहू को एक अज्ञात महिला मिली जो उसे साथ ले गई कि चलो हम तुम्हारे घर छोड़ देंगे। बहू घर नहीं पहुंची तो मायके फोन किया गया वहा से बताया गया कि गीता बुधवार को ही जा चुकी है फिर उसके पास जो नंबर था उस पर फोन किया गया तो वह आप बीती बताई कि एक विधवा महिला है वही अपने साथ मुझे रखी है। वह दिन में कही नौकरी करने जाती है मुझे घर में बंद कर जाती है फिर शाम को आने पर कमरे से बाहर निकलना होता है वह भी उसी महिला की निगरानी में ही रहना पड़ता है। मायके के लोग हलिया थाना में तहरीर दिए फिर भी कोई कार्यवाई नही की गई।मैं रविवार को थाना संतनगर गया जहा से भी मुझे घटना हलिया थाना क्षेत्र का बता कर वापस भेज दिया गया। इस संबंध में एसआई सुशील त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित के बताए नंबर पर बात करने का प्रयास किया गया किंतु फोन बंद था।घटना हलिया थाना क्षेत्र का है वही से नंबर सर्विलांस पर लगाने पर ही मामले की सही जानकारी हो पाएगी।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन




**स्वतंत्र भारत लालगंज (मिर्जापुर)।** डॉ0 एस पी पटेल जी राष्ट्रीय सचिव चिकित्सा मंच अपना दल एस/अध्यक्ष भूमि विकास बैंक लालगंज मिर्जापुर के नेतृत्व में ग्राम प्रधान पड़रिया खुर्द राजेश पटेल के निर्देशानुसार कंपोजिट विद्यालय पड़रिया खुर्द, पटेहरा मड़िहान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया, जिसमें 128 रोगियों की जॉच, उपचार एवं निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। जिसमें ज्यादातर आँख , जोड़ों के दर्द तथा सर्दी खांसी एवं शुगर के रोगी देखे गए। कार्यक्रम में डॉ एम बी शर्मा, डॉ शालिनी सिंह, डॉ नवेन्दु पटेल, डॉ ओ पी सिंह, डॉ सुनील पाल एवं पैरामेडिकल सीमा मौर्य, दीपक मौर्य, संजीव प्रजापति एवं सरिता गौतम ने अपना अपना सहयोग प्रदान किया, उक्त अवसर पर जोन अध्यक्ष रामलखन पटेल, जिला उपाध्यक्ष सहकारिता मंच मनोज कुमार

# क्रिकेट मैच के दौरान मारपीट, हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत अदलहाट (मिर्जापुर)।** थाना अदलहाट पुलिस ने क्रिकेट खेलने के दौरान एक युवक पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में इस्तेमाल किया गया क्रिकेट बैट भी बरामद कर लिया है।

बीती 27 जनवरी 2026 को मदनपुरा निवासी जगदीश पटेल ने पुलिस को तहरीर दी थी कि उनके पुत्र अमन कुमार सिंह पर क्रिकेट खेलने के दौरान आरोपी ने बैट से सिर पर जोरदार प्रहार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस शिकायत पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी। मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक अभयनारायण सिंह और रामकुमार यादव की टीम ने कठडीहा तिराहे के पास से आरोपी को दबोच लिया।गिरफ्तार अभियुक्त का नाम अरविन्द पटेल उर्फ भोला (पुत्र राजेन्द्र पटेल, निवासी मदनपुरा) बताया गया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर बैट बरामद कर लिया है जिससे अमन पर हमला किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस ने कागजी कार्यवाही पूरी करने के बाद माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

# उच्च न्यायालय का सख्त आदेश: आपराधिक प्रवृत्ति वाले अधिवक्ताओं पर बार चुनाव लड़ने की रोक

**स्वतंत्र भारत मऊ।** उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के पंजीकरण को निरस्त किए जाने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि जिन अधिवक्ताओं के विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज हैं और जो वर्तमान में विचाराधीन हैं, वे बार एसोसिएशन के चुनाव में भाग नहीं ले सकेंगे। इस आदेश के तहत ऐसे मामलों की निगरानी (मॉनिटरिंग) की जिम्मेदारी रजिस्ट्रार चिट्स फंड को सौंपी गई है।इसी क्रम में अधिवक्ता अजय कुमार सिंह का बार काउंसिल द्वारा किया गया पंजीकरण निलंबन उन्हें किसी भी बार चुनाव में प्रत्याशी बनने से वंचित करता है। हालांकि, वर्तमान में इस निलंबन आदेश पर स्थगन (स्टे) दिया गया है। मामले की सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने बार काउंसिल को निर्देशित किया है कि वह इस प्रकरण में 12 सप्ताह की अवधि के भीतर अंतिम निर्णय ले।न्यायालय के इस आदेश को अधिवक्ता समुदाय में पारदर्शिता और नैतिकता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।


**अदालती सूचना**

In the Court of Add. Principal Judge, Family Court, Room No. 03 Kanpur Nagar
Original Suit No- 1733 of 2024
Subhash Chandra, aged about 40 years, adult, S/o Sri Magan Lal, R/o Village Madaripur, District Jaloun, presently residing at House No. 4/40, Triveni Nagar Meerpur, P.S. Rail Bazar, Kanpu.r Mob: 8299751840 ....Petitioner
VERSUS-Smt- Laxmi Anuragi, aged about 35 years, W/o Subhash Chandra D/o Sri Ram Kishun Anuragi, R/o Sarila Estate, P.S. Jariya Hamirpur, Distt. Hamirpur...Respondent
Petition under Sec- 13 (1) (ia) Hindu Marriage Act 1955
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत Petition under Sec- 13 (1) (ia) Hindu Marriage Act 1955 के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 27.03.2026 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 27.01. 2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय श्रीमान अपर प्रमुख पारिवारिक न्यायाधीश कक्ष सं. 03 कानपुर नगर

सी.आर.-2549/ K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान अपर प्रमुख पारिवारिक न्यायालय कक्ष सं. 01 कानपुर नगर
वाद सं०- 713 सन् 2024
1. श्रीमती काजल उम्र 24 वर्ष वयस्क पत्नी श्री सौरभ गौतम व पुत्री अनिल कुमार निवासिनी कच्ची बस्ती सी.टी. आई. नवीन नगर थाना गोविन्द नगर कानपुर नगर मो.नं. 7985107582
...प्रार्थिनी/वादिनी
बनाम– सौरभ गौतम उम्र 32 वर्ष बालिग पुत्र बाबूराम निवासी म.नं. 114/27 ग्राम विनायकपुर थाना रावतपुर गांव कानपुर नगर
.....प्रतिवादी/विपक्षी
विवाह विच्छेद वाद अन्तर्गत धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम
हरगाह वादिनी ने आपके विरुद्ध अन्तर्गत धारा 13 हिंदू विवाह अधिनियम का वाद न्यायालय में दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 10.03.2026 को दिन में 10.00 बजे जो दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं असालतन जवाबदावा, वाद बिंदु आदि हेतु उपस्थित हों और लाजिम है कि उसी दिन जुमला दस्तावेज पेश करेंगे जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 28.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, मुंसरिम/रीडर न्यायालय श्रीमान अपर प्रमुख पारिवारिक न्यायालय कक्ष सं. 01 कानपुर नगर

सी.आर.-2549/ K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान अपर प्रमुख पारिवार न्यायालय, कक्ष सं. 03 कानपुर नगर
वाद संख्या-1233 वर्ष 2025
उत्तम सोनकर आयु लगभग 40 वर्ष पुत्र श्री राजकुमार सोनकर निवासी मकान नम्बर 103/90 कर्नलगंज, कानपुर नगर वर्तमान पता 96/20 चुन्नीगंज, कानपुर नगर मोबाइल नम्बर 7460929135.....वादी
बनाम– श्रीमती कान्ती देवी आयु लगभग 32 वर्ष पत्नी श्री उत्तम सोनकर पुत्री स्व० शिव प्रसाद निवासी जलालपुर नागिन पोस्ट मोहाना थाना गजनेर कानपुर देहात एवं केयर ऑफ जितेन्द्र उर्फ अन्ना निवासिनी मकान नम्बर आराजी संख्या 81 माधवपुरम् गूबा गार्डेन कल्यानपुर कानपुर नगर मोबाइल नम्बर 9198098916, 9307785291...प्रतिवादिनी
वाद अन्तर्गत धारा 9 हिन्दू विवाह अधिनियम 1955
हरगाह वादी ने आपके विरुद्ध अन्तर्गत धारा 9 हिंदू विवाह अधिनियम का वाद न्यायालय में दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 02.04.2026 को दिन में 10.00 बजे जो दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं असालतन जवाबदावा, वाद बिंदु आदि हेतु उपस्थित हों और लाजिम है कि उसी दिन जुमला दस्तावेज पेश करेंगे जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 23.01. 2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, मुंसरिम/रीडर न्यायालय श्रीमान प्रमुख पारिवार न्यायालय, कानपुर नगर

सी.आर.-2549/ K-CN


# प्रधान न्यायाधीश फैमिली कोर्ट को अधिवक्ताओं ने दी भावपूर्ण विदाई

**स्वंतत्र भारत विस मऊ।** प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय विजेश कुमार सिंह के सेवानिवृत्त होने पर सिविल कोर्ट के अधिवक्ताओं ने शनिवार को भावपूर्ण विदाई दी। सिविल कोर्ट सेन्ट्रल बार के भरे सभा कक्ष में अधिवक्ताओ ने उन्हें विदाई दी। प्रधान न्यायाधीश विजेश कुमार सिंह ने साढ़े 3 महीने के लिए प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय के रूप में यहां कार्यरत रहते हुए सेवानिवृत्त हुए । विदाई समारोह के दौरान सिविल कोर्ट सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शमशुल हसन और महामंत्री लक्ष्मीकांत यादव ने जिला जज को अंग वस्त्रम और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश विजेश कुमार ने कहा प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय के रूप में कार्य के दौरान कार्यालय के कर्मचारियों और बार का काफी सहयोग रहा। मौके पर सभी न्यायिक अधिकारी एडीजे प्रथम बाकर शमीम रिजवी,सीजेएम के.पी सिंह समेत वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश मिश्र, हरिद्वार राय, राजेंद्र राय, अमरनाथ सिंह, शिवप्रसाद श्रीवास्तव, अशोक कुमार अश्क, निर्मला यादव, हरिशंकर पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।


सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**


फोन : 0512-2332212
0512-2330533

E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

# बजट : सरकार की कमाई और खर्च, पूरी तस्वीर




**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज 53.47 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट पेश किया इस बजट को आधार बना कर देखें तो हम यह समझ सकेंगे कि बजट के हर एक रुपये का कितना पैसा कहां से आया और कहां गया। बजट में साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार सरकार ने एक रुपये का 24 पैसा उधारी और अन्य प्रकार की देयताओं के जरिए जुटाया। इसके बाद सबसे ज्यादा राशि आयकर से आई। इस मद से सरकार को एक रुपये के 21 पैसे मिले। इसके बाद कंपनियों पर लगने वाले कर यानी निगम कर के जरिए सरकार ने एक रुपये के 18 पैसे जुटाए। इसके बाद माल और सेवा कर और अन्य करों की वसूली से सरकार को 15 पैसे से अधिक की आमदनी हुई। बजट 2025 के आंकड़ों के अनुसार, करों के अलावा अन्य स्रोतों से सरकार को एक रुपये के 10 पैसे मिले । वहीं, केंद्रीय उत्पाद शुल्क से 6 पैसे और सीमा शुल्क से 4 पैसे की आमदनी हुई। उधार के अलावा अन्य स्रोतों से पूंजीगत प्राप्ति के तहत सरकार को एक रुपये में 2 पैसा मिला। आंकड़ों के अनुसार, सरकार के पास आने वाले हर एक रुपये में से 20 पैसे ऋणों की ब्याज अदायगी में खर्च होंगे । 22 पैसे करों और शुल्कों में राज्यों की हिस्सेदारी के तौर पर दिए जाएंगे । सरकार ने अपने पास आने वाले एक रुपये में से 17 पैसे केंद्रीय योजनाओं पर खर्च किए जाएंगे । 8 पैसे राज्यों में केंद्र प्रायोजित योजनाओं पर खर्च होंगे। 11 पैसे रक्षा क्षेत्र में खर्च किए जाएंगे । वित्त आयोग और अन्य मदों में भी 7 पैसे खर्च किए जाएंगे। आर्थिक सहायता के लिए 6 पैसे, पेंशन के लिए 2 पैसे, और अन्य मदों में सरकार के हर एक रुपये से 7 पैसे खर्च होंगे ।

# 'हमारे बीच पांच हजार वर्षों का व्यापारिक रिश्ता'




**नई दिल्ली।** भारत-अरब विदेश मंत्रियों की बैठक के बीच विदेश मामलों के विशेषज्ञ वायल अव्वाद ने दोनों क्षेत्रों के बीच गहरे ऐतिहासिक और कूटनीतिक संबंधों पर प्रकाश

- **भारत-अरब संबंध पर बोले अव्वाद**

डाला है। इस वार्ता को भारत और अरब जगत के बीच एक नए युग की शुरुआत माना जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत और अरब देशों के संबंध मात्र आधुनिक कूटनीति तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हमारे बीच पांच हजार वर्षों का व्यापारिक संबंध है। अव्वाद ने लंबे समय से चले आ रहे संबंधों के संदर्भ को स्पष्ट करते हुए अरब देशों के भौगोलिक विस्तार और भारत के साथ उनके साझा हितों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अरब जगत में कुल 22 देश शामिल हैं (11 उत्तरी अफ्रीका में और 11 पश्चिम एशिया व खाड़ी क्षेत्र में)। प्राचीन काल से ही दोनों सभ्यताओं के बीच व्यापार, अर्थव्यवस्था और ज्ञान का निरंतर आदान-प्रदान होता रहा है। वर्तमान विदेश मंत्रियों की बैठक 10 साल के अंतराल के बाद हो रही है, जो संबंधों को पुनः प्रगाढ़ करने का एक बड़ा संकेत है।

**मोदी के आने के बाद ज्यादा सुधरे रिश्ते**

अव्वाद के अनुसार, 2014 के बाद से भारत-अरब संबंधों में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कई अरब देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा है। शीर्ष नेतृत्व के बीच बढ़ता विश्वास भारत को अरब जगत के लिए एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में स्थापित करता है।

## एक नज़र

### अब ईरान ने ईयू सेनाओं को किया ब्लैकलिस्ट

**आईआरजीसी पर कार्रवाई के बाद यूरोपीय संघ पर भड़का तेहरान**

**तेहरान।** ईरान की संसद अध्यक्ष ने रविवार को कहा कि इस्लामी गणराज्य अब यूरोपीय संघ के सभी सैन्य बलों को आतंकवादी समूह मानता है। मोहम्मद बगेर कलीबाफ की यह टिप्पणी पिछले सप्ताह यूरोपीय संघ द्वारा ईरान के अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड को देश में राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों पर खूनी दमन में उसकी भूमिका के लिए एक आतंकवादी समूह के रूप में सूचीबद्ध करने के समझौते के बाद आई है।

**2019 के एक कानून का हवाला देकर की घोषणा**

कलीबाफ ने इस घोषणा के लिए 2019 के एक कानून का हवाला दिया। यह कानून अमेरिका द्वारा गार्ड को आतंकवादी समूह घोषित करने के बाद पारित किया गया था। यह ईरान को ऐसे किसी भी राष्ट्र के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की अनुमति देता है जो इस निर्णय का अनुसरण करता है। कलीबाफ ने यह घोषणा तब की जब वह और अन्य लोग संसद में गार्ड की वर्दी पहने हुए थे। कलीबाफ गार्ड में कमांडर थे। हालांकि, यह ऐसे समय में हो रहा है, जब मध्य पूर्व में तनाव चरम पर है क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ संभावित सैन्य हमले पर विचार कर रहे हैं।

### 'वेनेजुएला का तेल खरीदेगा भारत'

**ट्रंप बोले-समझौते की रूपरेखा तैयार**

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तेल खरीद पर भारत को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि भारत पहले ही तेल खरीदने के लिए एक समझौता कर चुका है। ट्रंप ने रविवार को कहा कि भारत ईरान से कच्चा तेल खरीदने के बजाए वेनेजुएला से तेल आयात करेगा। फ्लोरिडा जाते समय एयर फोर्स वन में मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, हमने पहले ही समझौता कर लिया है। भारत इसमें शामिल हो रहा है और वह ईरान से तेल खरीदने के बजाए वेनेजुएला से तेल खरीदेगा। इसलिए हमने समझौते की रूपरेखा तैयार कर ली है। उन्होंने आगे कहा, हमने पहले ही समझौता कर लिया है। भारत इसमें शामिल हो रहा है और वे आ रहे हैं, हमने पहले ही उस समझौते पर सहमति बना ली है, समझौते की अवधारणा तैयार कर ली है।

### बलूचिस्तान में 92 आतंकी ढेर, 15 सैनिकों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। सेना ने रविवार को जानकारी दी कि अलग-अलग मुठभेड़ों में कम से कम 92 आतंकवादी मारे गए हैं। इस संघर्ष में पाकिस्तान के 15 सैनिकों ने भी अपनी जान गंवाई। शनिवार को जातीय बलूच समूहों से जुड़े आतंकियों ने कई जगहों पर हमले किए थे। इसके जवाब में सेना ने यह कार्रवाई शुरू की। आतंकियों के हमलों में महिलाओं, बच्चों और मजदूरों समेत 18 नागरिकों की मौत हो गई। पिछले दो दिनों में कुल 133 आतंकी खत्म किए जा चुके हैं। बलूचिस्तान में पिछले कुछ वर्षों से हिंसा काफी बढ़ गई है। सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज (सीआरएसएस) ने जनवरी की शुरुआत में बताया कि हाल के वर्षों में बलूचिस्तान में हिंसा बढ़ी है, पिछले साल प्रांत में मरने वालों की संख्या 787 से बढ़कर 956 हो गई, जो पिछले साल के मुकाबले लगभग 22 प्रतिशत ज्यादा है। इस्लामाबाद स्थित थिंक टैंक पाक इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज के अनुसार, 2025 में पूरे पाकिस्तान में आतंकवादी हमलों और हिंसा में 34 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, और इस साल देश भर में 699 आतंकवादी घटनाएं दर्ज की गईं।

### जापान-ब्रिटेन में साइबर सुरक्षा व खनिज पर मजबूत साझेदारी

**चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच बनाई नई रणनीति**

**टोक्यो।** एशिया-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच जापान और ब्रिटेन ने अपनी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने का फैसला किया है। दोनों देशों ने साइबर सुरक्षा और महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सहयोग तेज करने पर सहमति जताई। यह समझौता ऐसे समय हुआ है, जब वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक और तकनीकी चुनौतियां तेजी से बढ़ रही हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने टोक्यो दौरे के दौरान कहा कि दुनिया इस समय भू-राजनीतिक, आर्थिक और तकनीकी झटकों से गुजर रही है। उन्होंने जापान की नेता साने ताकाइची के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में बताया कि दोनों देशों ने साइबर सुरक्षा को मजबूत करने और अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए नई साइबर स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप शुरू करने पर सहमति बनाई है। जापान को हाल के समय में चीन के साथ बढ़ते तनाव का सामना करना पड़ा है। खासकर ताइवान को लेकर संभावित सैन्य कार्रवाई की आशंकाओं ने क्षेत्रीय सुरक्षा पर सवाल खड़े किए हैं।

**साइबर सुरक्षा पर खास जोर**

विशेषज्ञों ने जापान की साइबर सुरक्षा को लेकर पहले भी चिंता जताई थी, खासकर तब जब देश अपनी सैन्य ताकत बढ़ा रहा है और अमेरिका सहित सहयोगी देशों के साथ नजदीकी बढ़ा रहा है। नई साझेदारी का उद्देश्य डिजिटल हमलों से बचाव, आर्थिक ढांचे की सुरक्षा और तकनीकी सहयोग को मजबूत करना है।

### नौ देशों को चीन के लड़ाकू विमान बेच रहा है पाक

**इनमें सऊदी अरब समेत आठ मुस्लिम देश शामिल**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की आर्थिक हालत किसी से छिपी नहीं है। देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए पाकिस्तान हर मुमकिन पैंतरा आजमाता है। इसी कड़ी में अब पाकिस्तान ने दलाली का काम भी शुरू कर दिया है। जी हां, पाकिस्तान 9 देशों को चीन के लड़ाकू विमान बेच रहा है। 9 देशों की इस लिस्ट में सऊदी अरब समेत 8 मुस्लिम देश शामिल हैं। पाकिस्तान ने चीन के लड़ाकू विमान जेएफ-17 की बोली लगाना भी शुरू कर दिया है। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में पाक और चीन का जॉइंट वेंचर स्थापित किया गया है, जिसके तहत जे-सीरीज लड़ाकू विमानों का प्रोडक्शन किया जा रहा है। इस्लामाबाद के कामरा में चीन की कंपनी चेंडु एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन और पाकिस्तान एयरोनॉटिकल कॉम्पलेक्स ने जॉइंट वेंचर की शुरुआत की है। इसमें वेंचर में चीन के 500 एयरोनॉटिकल इंजीनियर मौजूद हैं। चीन और पाकिस्तान की इस डील को ऑलवेज ब्रदर डील का नाम दिया गया है। इस डील के तहत 200 फाइटर जेट बेचने का लक्ष्य है, जिसका 80 प्रतिशत चीन के खाते में जाएगा और बाकी का 20 प्रतिशत पाकिस्तान लेगा। खरीदारों की लिस्ट में सऊदी अरब, नाइजीरिया, अजरबैजान, लीबिया, मोरक्को, इंडोनेशिया, इथियोपिया और सूडान का नाम शामिल है।

# यूक्रेन युद्ध खत्म कराने की कोशिशें तेज

**फ्लोरिडा।** यूक्रेन युद्ध को खत्म करने की दिशा में अमेरिका और रूस के बीच एक अहम बातचीत

- **अमेरिका और रूस के बीच हुई सकारात्मक बातचीत**

हुई है। अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और रूस के विशेष दूत किरिल दिमित्रिएव के बीच हुई इस बैठक को दोनों पक्षों ने सकारात्मक और उपयोगी बताया है। यह बैठक अमेरिका के फ्लोरिडा में हुई, जहां दोनों देशों ने यूक्रेन युद्ध का शांतिपूर्ण समाधान निकालने पर चर्चा की। बातचीत के बाद विटकॉफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि रूस शांति की दिशा में काम करने को तैयार दिख रहा है। अमेरिकी पक्ष की ओर से इस बैठक में अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट, ट्रंप के दामाद जेरेड कुश्नर और व्हाइट हाउस के वरिष्ठ सलाहकार जोश ग्रुएनबाम भी मौजूद थे। इससे एक दिन पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था कि रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म करने की दिशा में अच्छी प्रगति हो रही है। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच गहरी दुश्मनी शांति की राह को मुश्किल बना रही है।

# नेपाल में आम चुनाव के लिए प्रचार शुरू

**काठमांडू।** नेपाल में पांच मार्च को आम चुनाव होने हैं। चुनाव से पहले उम्मीदवारों ने प्रचार शुरू कर दिया है। काठमांडो के पूर्व मेयर बालेंद्र शाह बालेन और पूर्व प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड भी मैदान में उतर चुके हैं। दोनों नेता अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं और लोगों से मुलाकात कर रहे हैं। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को राजनीतिक दलों को प्रचार की अनुमति दी। यह प्रचार 16 फरवरी से शुरू होगा और 15 दिनों तक चलेगा। लेकिन उम्मीदवारों को इस तारीख से पहले भी घर-घर जाकर प्रचार करने की इजाजत है।

# 'निपाह एक दुर्लभ लेकिन गंभीर बीमारी'

**जेनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयसस ने चेतावनी दी है कि निपाह वायरस के मामले दुर्लभ हैं लेकिन

- **डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने कहा- इसके मामले भारत तक ही सीमित**

गंभीर भी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि निपाह वायरस के प्रकोप से जुड़े मामले केवल भारत तक ही सीमित हैं। किसी अन्य देश से इनकी सूचना नहीं मिली है। घेब्रेयेसस ने एक्स पर लिखा, पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस संक्रमण के दो मामले सामने आए है। वे 1998 में वायरस की पहली पहचान के बाद से इस राज्य में तीसरे मामले हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में अधिकारी 190 से अधिक संपर्कों की निगरानी कर रहे हैं। अभी तक किसी में भी यह बीमारी विकसित नहीं हुई है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख की यह चेतावनी वैश्विक स्वास्थ्य संस्था द्वारा यह कहने के एक दिन बाद आई है कि वायरस के फैलने का जोखिम कम है। किसी भी यात्रा या व्यापार प्रतिबंध की कोई आवश्यकता नहीं है।

# ट्रंप की टैरिफ धमकी पर तेवर में आया क्यूबा

**हवाना।** कैरिबियाई सागर में स्थित देश क्यूबा को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आक्रामक नजर आ रहे हैं। ट्रंप ने

- **अमेरिका को दी चेतावनी**

पिछले दिनों कनाडाई विमानों पर 50 फीसदी और क्यूबा को तेल देने वाले देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। जिस पर अब क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज कैनेल बर्मुडेज ने तेल की आपूर्ति करने वाले देशों पर टैरिफ लगाने के अमेरिकी कदम की कड़ी निंदा करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि इसके पीछे का मकसद क्यूबा की अर्थव्यवस्था का गला घोंटना है। क्यूबा के राष्ट्रपति ने एक्स पर कई पोस्ट के जरिए अमेरिका पर निशाना साधा और कहा कि ट्रंप प्रशासन बल प्रयोग के जरिए अपनी विदेश नीति थोपने का खतरनाक तरीका अपना रहा है। साथ ही कहा कि यह तय करने की कोशिश करने की भी जा रही है कि कौन से देश क्यूबा के साथ व्यापार कर सकते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि क्यूबा इस नए हमले का दृढ़ता, शांति और इस विश्वास के साथ सामना करेगा कि तर्क पूरी तरह से हमारे पक्ष में है।

# एपस्टीन फाइल्स में आया ब्रिटिश शाही खानदान का नाम

**लंदन।** ब्रिटिश रॉयल फैमिली के पूर्व प्रिंस एंड्रयू को लेकर एप्स्टीन फाइल्स में नया खुलासा हुआ है। नये खुलासे में उन्हें हाथ और पैर के बल

- **पूर्व प्रिंस एंड्रयू की आपत्तिजनक तस्वीरें वायरल**
- **रॉयल फेमिली में मचा हड़कंप**

एक महिला के ऊपर लेटे देखा जा सकता है। ये तस्वीरें अमेरिकी न्याय विभाग ने शुक्रवार को जारी कीं, जिससे ब्रिटिश रॉयल फैमिली में हड़कंप मच गया है। ये तस्वीरें पूर्व प्रिंस एंड्रयू पर राजनीतिक दबाव बढ़ाने वाली साबित हो रही है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने उन्हें अमेरिकी कांग्रेस के सामने गवाही





देने की मांग की है। स्टार्मर ने जापान दौरे पर कहा कि एपस्टीन के पीड़ितों को न्याय मिलना सबसे जरूरी है। एक अनडेटेड तस्वीर में एंड्र्यू माउंटबेटन-विंडसर कैमरे की तरफ देखते हुए हाथ और पैर के बाल झुके हुए दिख रहे हैं।

नीचे एक महिला लेटी हुई है, लेकिन गोपनीयता के वजह से उसका चेहरा धुंधला कर दिया गया है। दूसरी तस्वीर में एंड्र्यू का हाथ उसी महिला के पेट पर रखा हुआ है। बैकग्राउंड में एक अज्ञात व्यक्ति टेबल पर पैर रखे बैठा है। इन तस्वीरों का कोई कैप्शन या संदर्भ नहीं दिया गया, इसलिए ये कब और कहां ली गई, ये साफ नहीं है। एपस्टीन दस्तावेजों में 2010 की एक ईमेल चेन भी शामिल है, जिसमें एपस्टीन ने एंड्र्यू को लंदन में एक दोस्त से मिलने का न्योता दिया। एंड्र्यू ने जवाब में कहा कि वो मिलने के लिए उत्सुक हैं और उसका संपर्क दें। एपस्टीन ने उस महिला को 26 साल की रूसी बताते हुए लिखा कि वो स्मार्ट, सुंदर और भरोसेमंद है। ये ईमेल एपस्टीन के नाबालिग से सेक्स सॉलिसिटेशन के दोषी ठहराए जाने के दो साल बाद भेजे गए थे। एक महीने बाद की ईमेल्स में दोनों लंदन में मिलने की योजना बनाते दिखते हैं। एंड्र्यू ने बकिंघम पैलेस में डिनर का सुझाव दिया, जहां बहुत प्राइवेसी होगी। एपस्टीन ने कहा कि उन्हें निजी समय की दरकार है।

# स्लोवाकिया बना वैश्विक कार हब

**लंदन।** यूरोप के मध्य में बसे छोटे से देश स्लोवाकिया ने वैश्विक ऑटोमोबाइल उद्योग में वह मुकाम हासिल कर लिया है, जिसकी कल्पना

- **कम मजदूरी के कारण बढ़ रहा निवेश**
- **54 लाख कुल आबादी, हर साल बना रहा 10 लाख कारें**

कभी पूर्वी यूरोप के समाजवादी दौर में मुश्किल लगती थी। महज 5.4 मिलियन यानी 54 लाख की आबादी वाला यह देश हर साल लगभग 10 लाख कारों का उत्पादन करता है और प्रति व्यक्ति उत्पादन के हिसाब से



दुनिया का सबसे बड़ा कार निर्माता बन चुका है। कोरियाई कंपनी किया से लेकर फॉक्सवैगन, स्टेलेंटिस और जगुआर लैंड रोवर तक, वैश्विक कार कंपनियों का भरोसा स्लोवाकिया की अर्थव्यवस्था, श्रम शक्ति और भौगोलिक स्थिति की ताकत को रेखांकित करता है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार उत्तरी स्लोवाकिया के जिलिना शहर के बाहर बर्फ से ढके पहाड़ों के बीच स्थित किया की विशाल फैक्ट्री इस औद्योगिक सफलता की सबसे जीवंत तस्वीर पेश करती है। यहां 690 रोबोट स्टील कार बॉडी को वेल्ड कर असेंबली लाइन की शुरुआत तक पहुंचाते हैं। इसके बाद लाल पैंट और सफेद टी-शर्ट पहने हजारों कर्मचारी इन स्टील ढांचों को पूरी तरह तैयार कारों में बदलते हैं।

**खास हैं स्लोवाकिया में बनने वाली कारें**

चेकस्लोवाक सोशलिस्ट रिपब्लिक के दौर में यहां बनने वाली कारें पश्चिमी मानकों पर कमजोर, शोरगुल वाली और ज्यादा ईंधन खपत करने वाली मानी जाती थीं लेकिन 1989 की वेल्वेट रिवोल्यूशन के बाद तस्वीर बदलने लगी। 1991 में फॉक्सवैगन ने स्कोडा में निवेश शुरू किया और 2000 तक पूरी कंपनी खरीद ली। 1993 में चेक गणराज्य और स्लोवाकिया के अलग होने के बाद दोनों देशों में विदेशी कार निर्माताओं का निवेश तेजी से बढ़ा।

# बाइडेन ने मेलोनी को छोड़ सबको तोहफे बांटे

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने वर्ल्ड लीडर्स से मिले सारे तोहफे बांट दिए। लेकिन बाइडन ने एक तोहफा संभाल कर रखा है, जिसे इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने उन्हें दिया था।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाइडन को कस्टम-डिजाइन स्टर्लिंग-सिल्वर ट्रेन सेट गिफ्ट किया था, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने उसे भी अपने पास नहीं रखा है। दुनिया भर के नेताओं ने जो बाइडन को उनके कार्यकाल के आखिरी साल में कई तोहफे दिए थे, जिसे उन्होंने बांट दिया। लेकिन इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी के तोहफे के लिए उनके दिल में एक खास जगह है। अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट के पब्लिश किए गए रिकॉर्ड्स से पता चलता है कि मेलोनी ने मार्च 2024 में बाइडन को 723 डॉलर की बुकेलाटी कफलिंक की एक जोड़ी थी। बाइडन ने अपने कार्यकाल की आखिरी रिपोर्ट में एक और तोहफे को अपने पास रखने का जिक्र किया, जो उन्हें 2023 में पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने दिया था।

## सहज राजपूत को आलिया भट्ट से मिली प्रेरणा

**मुंबई।** लोकप्रिय ज़ी टीवी का शो 'जाने अनजाने हम मिले', जिसमें भारत अहलावत (राघव) और आयुषी खुराना (रीत) नजर आ रहे हैं, हाल ही में एक बेहद नाजुक और झकझोर देने वाला सीन लेकर आया। इस सीन में उन्नति का किरदार निभा रहीं सहज राजपूत पर शारीरिक हमला होता है। ये सीन सिर्फ कहानी का अहम हिस्सा नहीं बना, बल्कि सहज के लिए इसे शूट करना भी आसान नहीं रहा।



हाल में टेलीकास्ट हुए इस सीन में घटना के बाद उन्नति जिस गहरे सदमे से गुजरती है, उसे बड़ी सच्चाई से दिखाया गया है। कैमरे के पीछे भी ये सीन सहज के लिए आसान नहीं था, क्योंकि पहली बार उन्होंने स्क्रीन पर इतना तीखा सीन किया। इस अनुभव को साझा करते हुए सहज राजपूत ने कहा, ''ये सीन मेरे लिए खास तौर पर मुश्किल था, क्योंकि इसमें काफी शारीरिक एक्शन था, जैसे हमलावर का सामना करना और उसे धक्का देना। इस सीन को करते हुए मैं अंदर तक प्रभावित हुई।'' इस सीन के लिए प्रेरणा के बारे में सहज ने आगे कहा, ''उस मायने में आलिया भट्ट मेरे लिए प्रेरणा रही हैं। फिल्म 'हाइवे' का वो सीन, जिसमें उनका किरदार अपने साथ हुए हमले के बारे में बताता है, मैंने अपनी एक्टिंग क्लासेस में किया था, इसलिए उन जज़्बातों को पहले से महसूस कर चुकी थी।''

## सस्पेंस, हंसी और हाई-वोल्टेज ड्रामा!

**मुंबई।** मनोरंजन से भरपूर एक खास हफ्ता, जहां घोस्ट ड्रामा, जबरदस्त कॉमेडी और इमोशनल ट्विस्ट एक साथ देखने को मिलेंगे। एण्डटीवी के लोकप्रिय शो 'घरवाली पेड़वाली', 'भाबीजी घर पर हैं 2.0' और 'हप्पू की उलटन पलटन' के आने वाले एपिसोड्स में सस्पेंस, हंसी और हाई-वोल्टेज



ड्रामा का तड़का लगने वाला है। 'घरवाली पेड़वाली' में सावी का किरदार निभा रही सीरत कपूर ने बताया, ''कहानी तब और रोमांचक हो जाती है जब लट्टू और लतिका (प्रियंवदा कांत) अचानक परिवार को दिखाई देने लगते हैं, लेकिन सच्चाई सामने आने से पहले ही जीतू चालाकी से उन्हें वहां से भेज देता है।'' इधर, 'हप्पू की उलटन पलटन' के बारे में बताते हुए राजेश की भूमिका निभा रहीं गीतांजलि मिश्रा ने कहा, ''कहानी तब बिखर जाती है जब राजेश बच्चों को पढ़ाई में लापरवाही के लिए डांटती है, जिससे घर में बड़ा झगड़ा हो जाता है। बात इतनी बढ़ जाती है कि राजेश, हप्पू (योगेश त्रिपाठी) से अलग होने का ऐलान कर देती है।'' उधर, 'भाबीजी घर पर हैं' के बारे में बताते हुए अंगूरी भाबी की भूमिका निभा रहीं शिल्पा शिंदे ने कहा, ''हवेली में मेहमान की सुरक्षा का मिशन जारी रहते हुए कहानी अब मज़ेदार डर की और गहराई में पहुंच गई है।

बाजार दर्पण

